# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 03 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 27, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




**नौ कंपनियों की पूंजी 2.51 लाख करोड़ बढ़ी**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2,51,228.75 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। } 10

**शाह ने पिंगली वेंकैया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत के राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप तैयार करने वाले स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। } 12

# सपनों से दूर करता है नशा : मोदी

## पीएम मोदी ने शुरू किया नशा मुक्त युवा अभियान, युवाओं को नशे से दूर रहने का किया आह्वान

एजेंसी





नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश के युवाओं का मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है तथा इसके लिए उन्हें हर प्रकार के नशे से दूर रहना होगा।

युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करने के उद्देश्य से शुरू किए गए नशा मुक्त युवा - विकसित भारत संकल्प अभियान की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल युवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि उनके परिवारों, समाज और पूरे देश के लिए है। प्रधानमंत्री ने बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति में इस अभियान की डिजिटल माध्यम से शुरुआत की। कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने स्वयं को जेन-जी का प्रतिनिधि बताया। यह अभियान ऐसे समय शुरू किया गया है, जब हाल ही में सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के बड़े पैमाने पर प्रदर्शन दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में हुए थे। मोदी ने युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन ध्यान भटकाता है और आपको अपने सपनों से दूर कर देता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई युवा नशे का आदी हो जाता है तो उसकी आकांक्षाएं प्रभावित होती हैं और उसका परिवार बिखर जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नशीले पदार्थों की आपूर्ति कर भारत को नुकसान पहुंचाना दुश्मन देशों की आतंकवादी साजिश का हिस्सा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने-अपने समुदायों में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के दूत के रूप में आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के साथ ही 100 सप्ताह तक चलने वाले देशव्यापी जन भागीदारी अभियान की शुरुआत भी हुई। इसके तहत देशभर में हर रविवार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और नशा मुक्त समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इन गतिविधियों में खेल प्रतियोगिताएं, वॉकाथॉन, ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, विचार-विमर्श मंच, कला प्रतियोगिताएं तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम शामिल होंगे। कार्यक्रम में खेल और युवा मामलों के केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 2020 में प्रधानमंत्री मोदी के नशा मुक्त भारत के संकल्प के अनुरूप की गई थी।





मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

श्रावण माह लोकमंगल, श्रम-सम्मान एवं सामूहिकता का पावन पर्व है। प्रकृति नवसृजन का संदेश देती है तथा अन्नदाता का परिश्रम हरित समृद्धि के रूप में फलीभूत होने लगता है। सनातन संस्कृति में प्रकृति का यही नवोन्मेष शिव-आराधना से जुड़कर जीवन को संयम, सेवा और समरसता का मार्ग दिखाता है।

**समुद्र-मंथन के समय भगवान शिव द्वारा हलाहल का पान सृष्टि की रक्षा हेतु किए गए सर्वोच्च त्याग का प्रतीक है।** उन्हें जल अर्पित करने की परंपरा उसी त्याग, कृतज्ञता और जनकल्याण के भाव की अभिव्यक्ति है। देवाधिदेव महादेव स्वयं प्रकृति बोध के देवता हैं। उनकी जटाओं में प्रवाहित गंगा, मस्तक पर सुशोभित चंद्रमा, कंठ का सर्प, नंदी जी और उनके गण, हमें प्रकृति के साथ सहअस्तित्व का संदेश देते हैं।


ज्येष्ठ तथा आषाढ़ के ताप के उपरांत जब श्रावण की रिमझिम धरती को स्पर्श करती है, तो माटी की सोंधी सुगंध के साथ चारों ओर हरियाली छा जाती है। नदियां अपने पूर्ण सौष्ठव के साथ प्रवाहित होती हैं और मयूर का नृत्य सृष्टि के उल्लास का उद्घोष बन जाता है। यही उमंग गांवों से लेकर नगरों तक जीवन में नई ऊर्जा के रूप में झलकती है। **श्रावण में ग्रामीण क्षेत्रों में धान की रोपाई के पश्चात सामूहिक श्रम से जुड़े लोगों का सहभोज साझा संस्कृति का जीवंत प्रतीक है।** गांवों से लेकर नगरों तक शिवालयों में उमड़ती श्रद्धालुओं की आस्था सेवा, स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता का अद्भुत वातावरण निर्मित करती है।

पंचतत्त्वों में जल जीवन का मूल आधार माना गया है। जल संरक्षण के प्रति हमारे संकल्प का प्रमाण है कि **प्रदेश में लगभग 20 हजार अमृत सरोवर विकसित किए जा चुके हैं।** जलवायु परिवर्तन एवं अत्यधिक दोहन के कारण आज वैश्विक स्तर पर जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी आवश्यक बन गई है। यह सुखद है कि राजधानी लखनऊ की एक आवासीय सोसाइटी ने आरओ और एयर कंडीशनर से निकलने वाले प्रतिदिन लगभग 50 हजार लीटर जल को रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली से जोड़कर भूजल पुनर्भरण में उपयोग करने की प्रेरक पहल की है। **प्रकृति से जितना लें, उतना ही उसे लौटाने का संकल्प भी होना चाहिए।**

मैं आप सबसे विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि **श्रावण माह को सेवा, स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और सामाजिक सहभागिता का माह बनाने का संकल्प लें।** प्रत्येक बूंद का सम्मान तथा प्रत्येक पौधे का संरक्षण करें। यही श्रावण का वास्तविक संदेश है और समृद्ध, सुरक्षित तथा विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला भी।

आपका

योगी आदित्यनाथ



जल ही जीवन है

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP


# यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र आज से

## पहली बार विधानसभा में 'वंदे मातरम' का पूर्ण गायन होगा, कल पेश होगा अनुपूरक बजट



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का वर्ष 2026 का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। चार दिवसीय इस सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच विभिन्न जनहित एवं राजनीतिक मुद्दों पर तीखी बहस होने के आसार हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक के बाद राज्य का अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा।

रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने सदन की कार्यवाही को गरिमापूर्ण एवं सुचारु रूप से संचालित करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सदन संवाद और विचार-विमर्श का सर्वोच्च मंच है तथा सभी सदस्यों से नियमों और मयादाओं का पालन करते हुए अपनी बात रखने की अपेक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार पहली बार विधानसभा में 'वंदे मातरम' का पूर्ण गायन भी कराया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वस्थ संसदीय परंपराओं का निर्वहन करते हुए पक्ष और विपक्ष, दोनों की समान भागीदारी लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करते हुए सदन की गरिमा बनाए रखेंगे। चार दिवसीय इस विधानमंडल सत्र के दौरान अनेक महत्वपूर्ण विधायी एवं वित्तीय कार्य संपन्न किए जाएंगे। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन का सुचारू संचालन सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि सभी दलों द्वारा सदन की कार्यवाही के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन का आश्वासन देना लोकतांत्रिक परंपराओं को और सुदृढ़ करेगा। इसके पूर्व विधानसभा की कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें ...शेष पृष्ठ 10 पर

### प्रदेश के विकास के लिए स्वस्थ चर्चा करें राजनीतिक दल : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता पक्ष व विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों (विधानसभा/विधान परिषद सदस्यों) से कहा कि जनहित से जुड़े हर मुद्दे को सदन में रखें। साथ ही स्वस्थ चर्चा कर विकास को और गति प्रदान करने में सरकार का सहयोग करें। उन्होंने विपक्षी दलों से सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने की अपील भी की। मुख्यमंत्री रविवार को विधान भवन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में आयोजित सर्वदलीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह बैठक 3 अगस्त (सोमवार) से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के संचालन के संबंध में आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मुख्यमंत्री ने विधानभवन में डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक से पहले रविवार को विधान भवन में अनेक विकास व सुंदरीकरण कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद मंडप के सुंदरीकरण कार्य, विधान भवन भूतल स्थित नवीनीकृत कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इसके पश्चात विधानसभा के नवनिर्मित पॉडकास्ट स्टूडियो समेत अनेक कार्यों का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर जैसे बने मॉडल के भीतर बैठकर उत्तर प्रदेश के इतिहास व विरासत को संजोती धार्मिक तस्वीरों को देखा। यूपी की आध्यात्मिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य आदि की झलक भी देखी। उन्होंने पॉडकास्ट स्टूडियो का अवलोकन किया। सदन के भीतर जाकर भी वहां की व्यवस्थाओं आदि का भी जायजा लिया। इसके पहले विधानसभा पहुंचने पर अध्यक्ष सतीश महाना ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत ...शेष पृष्ठ 10 पर

### पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली। नीट प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के खिलाफ हाल में हुए प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कथित ज्यादती से जुड़ी याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ इन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। अदालत पहले संकेत दे चुकी है कि वह प्रदर्शनकारियों, पेलेट गन से घायल लोगों के आरोपों की जांच और यह पता लगाने के लिए कि पुलिसकर्मियों पर हमला छात्रों ने किया था या असामाजिक तत्वों ने, उच्चतम न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में विशेष जांच दल गठित कर सकती है। शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई को राज्यों को प्रदर्शनकारियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जनशिकायतों के समाधान में जुटी सरकार : धामी

### जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के दोनों चरणों में 6.5 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में शासन की प्राथमिकताओं को धरातल तक पहुंचाने और सरकारी सेवाओं को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान अब प्रदेशव्यापी जनसंपर्क और सेवा अभियान का रूप ले चुका है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर संचालित इस अभियान के दो चरणों में अब तक 6.5 लाख से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की है। अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लोगों को सरकारी कार्यालयों तक बुलाने के बजाय प्रशासन स्वयं उनके क्षेत्र में पहुंच रहा है। अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित शिविरों में नागरिक अपनी समस्याएं सीधे रखते हैं और संबंधित विभागों के स्तर से समाधान की कार्रवाई की जाती है। इसी दौरान पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार का दायित्व केवल नीतियां और योजनाएं तैयार करना नहीं, बल्कि उनके लाभ को जरूरतमंद तक पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि कोई पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव, प्रक्रियागत कठिनाई या कार्यालयों तक पहुंच न होने के कारण सरकारी सुविधा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरलीकरण, समाधान और जनसंतुष्टि को शासन की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाया गया है। उनका कहना है कि प्रशासन की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए, जिसमें नागरिक की समस्या को सुनने के लिए उसे विभागों के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि अधिकारी स्वयं जनता तक पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करें। अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत 4 जुलाई को हुई। इसके ...शेष पृष्ठ 10 पर

### झारखंड में मोदी, शाह और योगी को जान से मारने की धमकी की प्राथमिकी दर्ज

रांची। झारखंड पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रांची जिले के नगरी पुलिस थाने में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नगरी मंडल अध्यक्ष रितेश राज महतो की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। नगरी पुलिस थाने के प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि शिकायत के अनुसार, उसी पुलिस थाना क्षेत्र के साहेर गांव के रहने वाले अलीम अंसारी ने सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उसने मोदी, शाह और आदित्यनाथ के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अब ईरान पर हमले नहीं करेगा अमेरिका

### युद्ध खत्म करने के समझौते की रूपरेखा बनी : ट्रंप

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि पश्चिम एशिया के सहयोगी देशों ने ईरान के साथ पांच महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा पर सहमति बना ली है।

उन्होंने कहा कि फिलहाल वह इस संघर्ष में ईरान पर नए सैन्य हमले का आदेश नहीं देंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को तत्काल और पूरी तरह खोलना तथा ईरान के परमाणु खतरे का अंत शामिल होगा। उन्होंने कहा कि इस अनुरोध के आधार पर मैंने दुनिया के भविष्य के हित में और साथ ही एक सफल एवं समृद्ध ईरान के अस्तित्व को ध्यान में रखते हुए फिलहाल हमलों को रोकने पर सहमति दी है, बशर्ते कि शीघ्र ही कोई समझौता हो सके। अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमला किए जाने के बाद से राष्ट्रपति ट्रंप कई बार ईरान पर हमले रोकने की घोषणा कर चुके हैं लेकिन हर बार हालात फिर बिगड़ गए और दोनों पक्षों के बीच संघर्ष दोबारा शुरू हो गया। ईरान के रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि ट्रंप की हालिया घोषणा से ईरान न तो हैरान है और न ही ढिलाई बरत रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से मिलने वाली धमकियों के मद्देनजर ईरान पूरी तरह सतर्क और सजग बना हुआ है। क्षेत्रीय मामलों से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि सप्ताहांत में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा घोषित प्रस्ताव के तहत अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता फिर से शुरू करने तथा उन अनेक लंबित मुद्दों पर बातचीत जारी रखने की बात कही गई है, जिनके कारण पहले किसी समझौते पर प्रगति नहीं हो सकी थी। मध्यस्थता प्रयासों में शामिल इस अधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से पूरी तरह खोलने तथा पूरे क्षेत्र में होने वाले ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** उ.प्र. पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने किया ऐलान, पहली बार यूपी में राज्य स्तरीय पिकलबॉल चैंपियनशिप का होगा आयोजन

## विराज सागर दास ने पिकलबॉल के विजेताओं को किया पुरस्कृत



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिन्टन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, उ.प्र. बैडमिन्टन एसोसिएशन अध्यक्ष, यू.पी. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने ऐलान किया है कि उत्तर प्रदेश में पहली बार राज्य पिकलबॉल चैंपियनशिप का आयोजन होगा जिसकी मेजबानी बीबीडी ग्रुप करेगा।

पिकलबॉल तेजी से लोकप्रिय खेल हो रहा है और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की अपार संभावनाएं हैं। श्री दास रविवार को चिनहट ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत-श्रीलंका सीरीज में विप्रज निगम का चयन, विराज सागर दास ने किया सम्मानित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारत-श्रीलंका के बीच होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए नेट गेंदबाज के रूप में चुने गए बाराबंकी के विप्रज निगम को बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, यू.पी. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष व उ.प्र. बैडमिन्टन एसोसिएशन अध्यक्ष विराज सागर दास ने स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

> विप्रज निगम की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायी है : विराज सागर दास

इस अवसर पर विराज सागर दास ने कहा कि विप्रज निगम की यह उपलब्धि केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए



प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी का इंडिया 'ए' टीम में चयन होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विप्रज निगम की इस उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है। उनकी यह उपलब्धि उभरते हुए खिलाडियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। वह जल्द ही अपने प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट में एक चमकते सितारे बनेंगे। सम्मान समारोह में विप्रज निगम ने कहा कि मैंने जिस मैदान से क्रिकेट खेलना शुरू किया था, आज भी उससे मेरा गहरा जुड़ाव है। विप्रज ने कहा कि जब अपने घर में सम्मान होता है तो ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पीएम मोदी के आह्वान पर बीबीडीयू के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में गूँजा नशा मुक्ति का संकल्प

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में आज सुबह 10 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जेन जी अगेंस्ट एडिक्शन नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत एक विशाल और प्रेरणादायक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह विशेष अभियान बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास गुप्ता के मुख्य संरक्षण और प्रेरणा से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नशा मुक्ति के लिए दिए गए संदेश और राष्ट्रव्यापी आह्वान के साथ हुआ। प्रधानमंत्री ने युवाओं (जेन जी) से अपील करते हुए कहा कि 'विकसित भारत 2047' के सपने को पूरा करने के लिए युवाओं का नशा मुक्त, ऊर्जावान और जागरूक होना बेहद आवश्यक है। वरिष्ठ अधिकारियों और अतिथियों का मार्गदर्शन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. के.श्रीवास्तव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा सोचने-समझने की क्षमता को समाप्त कर देता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी (जेन जी) ही नशा मुक्त भारत की सबसे बड़ी ताकत बनेगी। हमें अपनी ऊर्जा को खेल, विज्ञान, नवाचार और समाज सेवा के माध्यम से सही दिशा देनी होगी।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. (डॉ.) एस.एम.के. रिजवी ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य किताबी ज्ञान के साथ-साथ एक अनुशासित और स्वस्थ युवा पीढ़ी तैयार करना है। एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ.) प्रभाष चंद्र पाठक ने नशा मुक्ति अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि बीबीडीयू का हर छात्र 'नशा मुक्ति मित्र' बनकर कैंपस, हॉस्टल और गोद लिए गाँवों में इस संदेश को फैलाएगा। यूनिटों का संयुक्त नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी कार्यक्रम समन्वयक के मार्गदर्शन में एन.एस.एस.के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने ऑडिटोरियम में सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली।

# यूपी ने 51 हजार मीट्रिक टन मशरूम उत्पादन कर बनाया कीर्तिमान

## देश के कुल मशरूम उत्पादन में 13 प्रतिशत हिस्सेदारी यूपी की

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बागवानी क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उत्तर प्रदेश ने मशरूम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने वर्ष 2024-25 में 51 हजार मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन कर राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। देश के कुल 4.27 लाख मीट्रिक टन मशरूम उत्पादन में उत्तर प्रदेश की लगभग 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह उपलब्धि किसानों की मेहनत, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों का परिणाम है।

सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वैल्यू एडेड फसलों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इसी दिशा में सफल पहल के रूप में मशरूम उत्पादन भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की उपज का संरक्षण, मूल्य संवर्धन तथा बेहतर विपणन सुनिश्चित करना है, जिससे उन्हें उनकी उपज का अधिकतम लाभ मिल सके।

मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग की ओर से एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। कम भूमि, कम लागत और मात्र तीन से चार सप्ताह में तैयार होने वाली यह फसल किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। वर्ष 2025-26 में मशरूम उत्पादन, कंपोस्ट मेकिंग एवं स्पान मेकिंग की लगभग 30 इकाइयों को 40 प्रतिशत अनुदान पर स्वीकृत किया गया है। वहीं 200 वर्ग फुट की छप्पर विधि पर आधारित मशरूम इकाइयों के लिए 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रुपये) अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके तहत लगभग 80 इकाइयों की स्थापना की गई है। विभाग द्वारा एक लाभार्थी को अधिकतम पांच इकाइयों तक अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। मशरूम उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहा है। यह खेती किसानों के साथ-साथ महिलाओं के लिए भी स्वरोजगार और उद्यमिता का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। लखनऊ, प्रयागराज, सहारनपुर, मीरजापुर, जौनपुर, हरदोई, बस्ती, मेरठ, प्रतापगढ़, रायबरेली, सोनभद्र सहित अनेक जनपदों में मशरूम की खेती तेजी से लोकप्रिय हो रही है। विभाग किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों, प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन से जोड़कर उत्पादन और आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित कर रहा है। उद्यान विभाग की ओर से राष्ट्रीय बागवानी मिशन, उद्यान विकास योजना, एकीकृत बागवानी विकास कार्यक्रम, पॉलीहाउस एवं संरक्षित खेती, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री उत्पादन, नर्सरी विकास, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन तथा कटाई उपरांत प्रबंधन जैसी योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से पात्र बागवानों को व्यापक लाभ पहुंचाते हुए उत्तर प्रदेश को बागवानी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।





विधान भवन में विधान परिषद मंडप के पॉडकास्ट स्टूडियो व डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन करते सीएम योगी

# पंचगव्य आधारित औषधियों से मिल रहा स्वास्थ्य व स्वदेशी चिकित्सा को बढ़ावा

## देशी गायों के संरक्षण के साथ आयुर्वेदिक उत्पादों ने खोले आत्मनिर्भरता के नये रास्ते

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोसंरक्षण नीति अब केवल देशी नस्लों के संरक्षण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार का मजबूत आधार भी बनती जा रही है। प्रदेश में पंचगव्य आधारित आयुर्वेदिक उत्पादों के जरिए युवा उद्यमी करोड़ों रुपये का कारोबार कर रहे हैं। प्रदेश में देसी गायों के संरक्षण के साथ आयुर्वेदिक फामेर्सी भी संचालित की जा रही हैं। अब परंपरागत भारतीय चिकित्सा पद्धति और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समन्वय करते हुए आयुर्वेदिक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।

बुलंदशहर के एनवायरमेंट इंजीनियर पराग गौड़ ने प्राकृतिक उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचगव्य आधारित 40 से अधिक आयुर्वेदिक उत्पाद विकसित किए हैं। इन उत्पादों में मोटापे के लिए गोमूत्र अर्क, लिवर और किडनी के लिए पुनर्नवादि अर्क, थायरॉइड के लिए कचनारादि अर्क, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए देसी गाय के घी से तैयार च्यवनप्राश, श्वसन संबंधी समस्याओं और कैंसर की बीमारी में कारगर गोमूत्र कैप्सूल, महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए फल घृत, बच्चों के विकास के लिए अश्वगंधा घृत, शरीर की मजबूती के लिए शतावरी घृत, आंखों के लिए त्रिफला घृत तथा पेट संबंधी रोगों, बवासीर, आईबीएस और गैस की समस्या में उपयोगी तक्रारिष्ट प्रमुख हैं। इन उत्पादों के माध्यम से स्वदेशी चिकित्सा पद्धति को भी नई पहचान मिल रही है। इसके जरिए उनका सालाना कारोबार सवा करोड़ से ऊपर पहुंच गया है। वर्ष 2017 से प्रदेश में साहीवाल और थारपारकर जैसी देसी नस्लों की गाय के संरक्षण का अभियान निरंतर चल रहा है। इन नस्लों के संरक्षण के साथ गोआधारित उत्पादों के निर्माण ने गोपालन को आर्थिक रूप से भी लाभकारी बनाया है। इससे गोसंरक्षण को नई दिशा मिली है और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। पराग गौड़ ने बताया कि गोसदन में बैल-कोल्हू तेल परियोजना भी संचालित की जा रही है। इसके लिए बैलों को कोल्हू चलाने के योग्य बनाया गया है। इस पहल से न केवल बैलों का संरक्षण सुनिश्चित हुआ है, बल्कि उनका बेहतर सदुपयोग भी हो रहा है। इस पारंपरिक विधि से निकाला गया शुद्ध तेल 550 से 650 रुपये प्रति लीटर तक उपलब्ध कराया जा रहा है। कोल्हू से प्राप्त शुद्ध खल का प्रयोग गायों के चारे के रूप में उपयोगी होता है, जिससे उनके दूध उत्पादन में भी वृद्धि हो रही है। पराग गौड़ ने बताया कि वर्ष 2024 में उन्हें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस सहायता से नए कक्षों का निर्माण, आधुनिक मशीनों की स्थापना तथा ओडी लिमिट की सुविधा उपलब्ध हुई। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ी और आयुर्वेदिक उत्पादों के कारोबार को विस्तार देने में महत्वपूर्ण मदद मिली। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि गोसंरक्षण को वैज्ञानिक सोच, आधुनिक तकनीक और उद्यमिता से जोड़ा जाए तो यह केवल धार्मिक या सामाजिक पहल नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रभावी आर्थिक मॉडल भी बन सकता है। पंचगव्य आधारित औषधियों, देशी नस्लों के संरक्षण और पारंपरिक बैल-कोल्हू जैसी पहल ने गोपालन को नई पहचान देने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की है।

# मुख्यमंत्री आवास से विधानसभा तक तिरंगा यात्रा नौ को

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में 9 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास से विधानसभा तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने सभी राष्ट्रभक्तों, विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं से आह्वान किया कि वे क्यूआर कोड के माध्यम से अपना पंजीकरण कर इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रप्रेम, एकता, अखंडता तथा मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना का प्रतीक है। यह यात्रा राष्ट्रध्वज के सम्मान, देशभक्ति और गौरव के प्रति जन-जन में जागरूकता का संदेश देगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से विधानसभा तक आयोजित होने वाली यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति समर्पण, एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। इसमें समाज के सभी वर्गों, विशेषकर युवाओं की सक्रिय सहभागिता राष्ट्र के प्रति उनके दायित्व और प्रतिबद्धता का परिचायक होगी। यात्रा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहभागी होंगे।

# पुष्पा व श्रीपाल सिंह ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के समक्ष रविवार को हापुड़ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पुष्पा तथा हापुड़ सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2017 में बसपा प्रत्याशी रहे श्रीपाल सिंह ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने दोनों नेताओं का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों नेताओं के भाजपा परिवार से जुड़ने से हापुड़ जनपद में संगठन और अधिक मजबूत होगा। सदस्यता ग्रहण कराने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश के प्रत्येक वर्ग के विश्वास का केंद्र बनी है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों, सुशासन, विकास और राष्ट्रहित की नीतियों से प्रभावित होकर विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोग निरंतर भाजपा से जुड़ रहे हैं।

# भाजपा सरकार ने किसानों-नौजवानों, छात्रों के साथ किया धोखा : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों-नौजवानों, छात्रों के साथ धोखा किया है। छात्रों, नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। किसानों को खाद-बीज नहीं मिल रहा है। खाद की बोरी से चोरी हो रही है। डीजल-पेट्रोल की बढ़ती महंगाई से खेती की लागत बढ गयी है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त है। नौजवानों को नौकरी-आरक्षण नहीं मिल रही है। नीट पेपर लीक हुआ। यूपी में भर्ती परीक्षाओं के सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए। समाजवादी पार्टी इन सभी मुद्दों को विधानसभा में उठायेगी। विधान मंडल सत्र में समाजवादी पार्टी के विधायक जनता से जुड़े सभी मुद्दों को उठाएंगे। रविवार को समाजवादी पार्टी विधानमंडल दल की बैठक समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में हुई। विधानमंडल दल की बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने की। बैठक में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्य शामिल हुए।

बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर पेट्रोल में एथनाल मिलाने से, ई-20 से इफेसियंसी बढ़ती है, माइलेज बढ़ता है। मेन्टीनेंस जीरो हो जाता है तो आटोमोबाइल कम्पनियों को विज्ञापन देना चाहिए। लोगों को जानकारी देनी चाहिए। भाजपा सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बर्बाद कर दी है। शिक्षा विभाग की भर्तियों में भारी भ्रष्टाचार है। भाजपा छात्रों को नौकरी-आरक्षण नहीं दे रही है। एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार है। अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी, चंदा चोरी हो गया। रामपुर के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को लेकर पहले दिन से भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं थी। भाजपा सरकार शिक्षा संस्थानों को बढ़ता हुआ नहीं देख पाती है। यह सरकार अपने कार्यकाल में खुद कोई विश्वविद्यालय नहीं बना पायी, लेकिन जौहर विश्वविद्यालय पर हथौड़ा चलाना चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के 10 साल में 26386 स्कूल बंद हो गये। प्राथमिक स्कूलों में छात्रों की संख्या घट गयी है। सबसे ज्यादा लखीमपुर खीरी में 758 प्राइमरी स्कूल मर्जर और बंद हुए है।

सीतापुर में 650, प्रयागराज में 638, मुख्यमंत्री के अपने क्षेत्र में लगभग पांच सौ स्कूल बंद हुए हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार में 2017 में 1 लाख 13 हजार 938 प्राइमरी स्कूल थे।

### सरकारी स्कूलों में बिजली, पानी और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार, मंत्रियों, नेताओं ने आन्दोलनकारी छात्रों के साथ समझौता किया। कहा गया कि छात्रों, नौजवानों के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं दर्ज होगा, उत्पीड़न नहीं होगा लेकिन अब छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिस तरह का व्यवहार हो रहा है, उससे सरकार की क्या क्रेडिबिलिटी रह गई है। श्री यादव ने कहा कि जो लोग उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का दावा करते हैं, उन्हें सरकारी स्कूलों में बिजली, पानी और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। एक सवाल के जवाब में कहा कि इस सरकार में जितने एक्सप्रेस-वे बने सब में भ्रष्टाचार हुआ। एक्सप्रेस-वे बनते ही कई जगह, धंस गये, टूट गये। कहने को माडर्न टेक्नालाजी के साथ लखनऊ-कानपुर सड़क बनायी। लेकिन उद्घाटन के 13 दिन में ही धंस गयी। श्री यादव ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर कलाकारों को सम्मान दिया जाएगा। जो हमारी हिन्दुस्तानियत की परम्पराओं को बढ़ावा देते है, ऐसे लोगों का हम लोग सम्मान करने का काम करेंगे।

# ब्रह्माकुमारीज गुलजार उपवन में युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान में ब्रह्माकुमारीज सहित 125 से अधिक आध्यात्मिक एवं सामाजिक संगठन सहभागी हैं। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से मुक्त कर स्वस्थ, सशक्त एवं संस्कारवान नागरिक बनाना है, जिससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। गोसाईंगंज इलाके के कबीरपुर गांव से राष्ट्रीय शुभारंभ का सीधा प्रसारण ब्रह्माकुमारीज गुलजार उपवन, सुल्तानपुर रोड स्थित परिसर में विशाल एलईडी स्क्रीन पर किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ के अनेक प्रतिष्ठित महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, प्राचार्यों तथा प्रबंधन प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर राजेश शाही, उप निदेशक, बेसिक शिक्षा विभाग, कैप्टन पांडे, रविन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, टेक्नो इंस्टीट्यूट तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# महिला शिवभक्तों के लिए विशेष प्रबंध, कांवड़ यात्रा में उमड़ी नारी शक्ति

## महिला कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था, संगम से काशी तक सुरक्षित कांवड़ यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)



**प्रयागराज।** श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान महिला श्रद्धालुओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रयागराज में संगम और गंगा के प्रमुख घाटों पर महिला कांवड़ियों के लिए चेंजिंग रूम, महिला सहायता केंद्र और विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जिससे बड़ी संख्या में महिलाएं निर्भय होकर कांवड़ यात्रा में शामिल हो रही हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के अनुसार, दशाश्वमेध घाट और संगम घाट से सबसे अधिक महिला कांवड़ियां जल लेकर काशी के लिए रवाना होती हैं। इसे देखते हुए घाटों पर महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की 44 आपदा सखियां भी महिला श्रद्धालुओं की सहायता के लिए तैनात हैं।

प्रयागराज से वाराणसी तक विकसित कांवड़ मार्ग पर भी प्रमुख स्थानों पर महिला पुलिस और स्वयंसेवकों की व्यवस्था की गई है। मनकामेश्वर, सोमेश्वर महादेव और ब्रह्मेश्वर महादेव सहित शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में भी महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में जलाभिषेक कर सकें। श्रावण मास में शिव आराधना के प्रति महिलाओं की आस्था अब कांवड़ यात्रा में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में महिलाएं समूहों में कांवड़ यात्रा पर निकल रही हैं। भरवारी की रहने वाली ज्योति, जो प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट से गंगाजल लेकर काशी के लिए रवाना हुईं, ने बताया कि अब कांवड़ मार्ग पूरी तरह सुरक्षित महसूस होता है। यही कारण है कि उनके क्षेत्र से इस वर्ष बड़ी संख्या में महिलाएं यात्रा में शामिल हुई हैं। वहीं, सदियापुर की मीरा देवी अपने परिवार के आठ सदस्यों के साथ दशाश्वमेध घाट से जल लेकर बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुईं। उन्होंने बताया कि इस बार उनकी तीन पीढ़ियां एक साथ कांवड़ यात्रा कर रही हैं। उनके अनुसार, कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, विश्राम शिविर और अन्य सुविधाओं के कारण महिलाओं का उत्साह लगातार बढ़ा है। यात्रा के दौरान महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही हैं। महिला श्रद्धालुओं का कहना है कि बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाओं के कारण अब वे बिना किसी भय के कांवड़ यात्रा कर रही हैं। इससे कांवड़ यात्रा में नारीशक्ति की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना बनी अनाथ और असहाय बच्चों का सहारा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) अनाथ और असहाय बच्चों के जीवन में नई उम्मीद बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित इस योजना के माध्यम से ऐसे बच्चों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिन्होंने माता-पिता दोनों अथवा उनमें से किसी एक को खो दिया है। योजना का उद्देश्य आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित न होने देना और उनके भविष्य को सुरक्षित बनाना है।

सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत बच्चों को बचपन से लेकर उच्च शिक्षा तक आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। योजना के माध्यम से वर्तमान में प्रदेश के 1,09,539 से अधिक बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। नियमित आर्थिक सहायता से बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा, पोषण और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल रही है, वहीं उनके संरक्षक परिवारों पर आर्थिक बोझ भी कम हुआ है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की विशेषता यह है कि इसकी सहायता 12वीं कक्षा के बाद भी जारी रहती है। योजना के तहत ऐसे छात्र-छात्राएं, जिन्होंने माता-पिता दोनों अथवा उनमें से किसी एक को खो दिया है और 12वीं के बाद स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, उन्हें 18 से 23 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह सहायता 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने अथवा पाठ्यक्रम समाप्त होने तक, जो पहले हो, जारी रहती है। सरकार का मानना है कि आर्थिक सहयोग के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उन्हें बेहतर शिक्षा और सम्मानजनक भविष्य का अवसर उपलब्ध कराया जा सकता है।

संक्षेप

## चार पर धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। धान की फसल काटने के विवाद को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बसावन राहाटीकर गांव निवासी शीतला प्रसाद पाण्डेय पुत्र पंडोही ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बुधवार की रात करीब ग्यारह बजे झाखर स्थित खेत से उसकी आठ बिस्वा धान की फसल को गांव के सीताराम यादव, ददन यादव, रामजस यादव, रामकरन यादव ने नष्ट कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने पूछताछ की तो आरोपीगण मारने पीटने व जानलेवा धमकी देने लगे। जांच के बाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## चोरी का आरोपी धराया

प्रतापगढ़। मंदिर से घंटा आदि सामान चोरी किये जाने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाने के उपनिरीक्षक अतुल तिवारी ने रविवार को पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पूरे सीताराम निवासी विजय शुक्ल पुत्र तुलसी राम को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी के कब्जे से मंदिर से चोरी किये गये पीतल के दस घंटे तथा एक लोटा की बरामदगी की गयी। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार, गया जेल

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। उपनिरीक्षक सौरभ यादव पुलिस बल के साथ सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के बरदैत मार्ग पर पांती निवासी अल्तमश पुत्र रियाज को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## चार बम के साथ आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

प्रतापगढ़। चार बम व एक बाइक के साथ पुलिस ने अर्न्तजनपदीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली के उपनिरीक्षक रामनरेश यादव ने पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान लीलापुर थाना के तिना चितरी निवासी रिंकज कोरी उर्फ मुंहनोचवा पुत्र रामपियारे को चार देशी बम व एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी के खिलाफ प्रतापगढ़ तथा कानपुर जिले में भी चार मुकदमें पंजीकृत हैं। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## विधायक की फॉर्चूनर नीलगाय से टकराई, सभी सुरक्षित

श्रावस्ती/बहराइच। भिनगा विधानसभा क्षेत्र की विधायक इन्द्राणी वर्मा की फॉर्चूनर कार रविवार को बहराइच-लखनऊ मार्ग पर कैसरगंज के पास एक नीलगाय से टकरा गई। हादसा इंग्लिश मीडियम स्कूल के निकट हुआ। दुर्घटना में विधायक समेत वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार विधायक इन्द्राणी वर्मा लखनऊ में पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल होने जा रही थीं। कार में उनके पति ज्ञान प्रकाश कैराती, चालक सहित कुल चार लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नीलगाय अचानक सड़क पर आ गई, जिससे फॉर्चूनर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सभी सवार बाल-बाल बच गए। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे सुरक्षित कराया गया। इसके बाद विधायक इन्द्राणी वर्मा और उनके साथ मौजूद सभी लोग दूसरी गाड़ी से लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

## गर्भवती महिला का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

कुशीनगर। जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के भुलिया अगरवां गांव के पास रेलवे फाटक से करीब 100 मीटर दक्षिण शनिवार रात लगभग आठ बजे रेलवे ट्रैक पर एक महिला शिक्षिका का शव दो हिस्सों में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। मृतका की पहचान 35 वर्षीय पिंकी गुप्ता के रूप में हुई। जो महराजगंज जिले के फरेंदा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बाजारडीहा में सहायक अध्यापक थीं और इन दिनों प्रसूता अवकाश पर थीं।

# तालाब में डूबने से 3 बच्चों की मौत

महराजगंज। जिले में रविवार को एक तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा तैरकर बाहर निकलने में सफल रहा और उसने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। यह घटना अपराह्न करीब डेढ़ बजे सिसवा नगर पालिका क्षेत्र के मीराबाई नगर स्थित पोखरा टोला में हुई। पुलिस ने बताया कि चार दोस्त-राजबीर यादव (13), नीतीश यादव (12), रोहन (13) और कृष्णा रैनियार (15)-तालाब में नहाने गए थे। इसी दौरान उनमें से तीन बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

राजबीर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया और उसने परिजनों तथा स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को तालाब से बाहर निकाला गया और उन्हें सिसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोठीभार थाने के प्रभारी अखिलेश वर्मा ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, सात कांवड़िये घायल

एटा। एटा में कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें सात लोग घायल हो गए। यह हादसा शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में मैनपुरी-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ जब ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार कांवड़िए मैनपुरी जिले के कुरावली क्षेत्र स्थित किशनपुर गांव से सोरों गंगाजल लेने जा रहे थे तभी उनके वाहन को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में घायल सातों कांवड़ियों को एम्बुलेंस से सरकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। घायलों में सत्यपाल (50) के सिर में गंभीर चोट आई है। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए सैफई स्थित अस्पताल भेज दिया गया। अन्य घायलों की पहचान रागिनी (15), निशा (23), गीतम (35), रघुवीर (40), संध्या (22) और मुस्कान (15) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली में 15 से 20 कांवड़िये सवार थे।

## अवैध हथियारों का तस्कर गिरफ्तार, 21 तमंचे बरामद

मेरठ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से .315 बोर के 21 देशी तमंचे तथा हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तजम्मुल के रूप में की गयी है, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अवैध हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक गिरोह का सदस्य है। मेरठ एसटीएफ इकाई के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मेरठ के दिल्ली गेट थाना क्षेत्र के निवासी तजम्मुल को थाना लालकुर्ती क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से देशी तमंचों के अलावा हथौड़ा, हैक्सॉ ब्लेड (आरी के पत्ते), रेती, वेल्डिंग रॉड, वेल्डिंग मशीन, वाइस (शिकंजा) तथा एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि तजम्मुल अवैध हथियारों की बड़ी खेप लेकर इस क्षेत्र में आने वाला है, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ में तजम्मुल ने स्वीकार किया है कि वह अपने साथियों के साथ पिछले पांच वर्षों से अवैध हथियार बना रहा था और उनकी आपूर्ति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में करता था।

# बांसी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित



बांसी सिद्धार्थनगर। आगामी श्रावण मास, चेहल्लुम एवं क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को थाना बाँसी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह ने उपजिलाधिकारी बाँसी एवं प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक की उपस्थिति में की। बैठक में थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों से आगामी पर्वों के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निदेशों से सभी को अवगत कराया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, अराजकता या कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी शुबेंदु सिंह ने कहा कि सभी त्योहारों को परंपरा, आपसी सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक संदेशों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए क्षेत्र में शांति एवं भाईचारे का वातावरण बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## नशामुक्त को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली




प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय लालगंज में शनिवार को नशामुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों को नशामुक्त हेतु सामूहिक शपथ दिलायी गयी तथा नशा के दुष्प्रभावों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आनलाइन उद्बोधन को सुनाया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व शिविरार्थियों को नशामुक्त जागरूकता रैली निकाली। रैली व नुक्कड़ नाटकों के जरिये युवाओं को नशा के प्रति जागरूक किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत कर शिविरार्थियों ने मंत्रमुग्ध किया। शिविरार्थी मनु, नेहा, दिव्यांशी आदि की प्रस्तुतियां खूब सराही गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डा. फर्णीन्द्रनारायण मिश्र रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. अमित कुमार सिंह ने की। इस मौके पर महाविद्यालय के निदेशक डा. संदीप कुमार मिश्र, डा. अम्बिकेश त्रिपाठी, डा. ओपी द्विवेदी, कार्यक्रमाधिकारी डा. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डा. रजनीश पाण्डेय, डा. सुरभि सिंह, डा. अनीता त्रिपाठी, डा. रोहिणी त्रिपाठी, डा. रजनी सिंह, रूपाली सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्री लक्ष्मी नारायण व भोलेनाथ शिव लिंग स्थापना हुआ सम्पन्न



बांसी (सिद्धार्थनगर)। श्री लक्ष्मी नारायण एवं भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना गत सोमवार को किया गया।जिले के बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम देवरिया स्थित श्री काली मंदिर सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री लक्ष्मी नारायण एवं भोलेनाथ शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। बाद उसके गत रविवार श्री लक्ष्मी नारायण एवं भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा विभिन्न मंदिरों शिवालयों पर मिलाप एवं गाजे बाजे के साथ किया गया गया बाद उसके भगवान शिव बोलेनाथ की स्थापना की गई, उसके अगले दिवस शनिवार कार्यक्रम में मुख्य जजमान के रूप में ट्रस्ट के अध्यक्ष रविकांत दुबे एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती क्षमा दुबे ने व्रत एवं उपवास रखकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। कलश यात्रा मुख्य पुरोहित आचार्य पंडित राम अंजोरे मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि-विधान से निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं गणमान्य नागरिक गाजे-बाजे के साथ शामिल हुए। श्रद्धालु राप्ती नदी पहुंचे, जहां विधिवत पूजन के उपरांत कलशों में पवित्र जल भरकर पुनः श्री काली मंदिर परिसर लौटे। इसके बाद संकल्प, आचार्य वरण, मंडप प्रवेश तथा वेदी पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। कलश यात्रा में अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश दुबे एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विनीता दुबे, श्रीमती सुनीता दुबे (पत्नी सूर्य प्रकाश दुबे), अशोक दुबे, राम प्रकाश दुबे, अनूप दुबे, रंजीत दुबे, झुनझुन दुबे, श्रीमती अनुराधा (पत्नी मंगेश), मंगेश दुबे, राम नयन यादव, विनोद दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं शामिल रहीं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों के लिए मिष्ठान, जलपान तथा प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्री काली मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रविकांत दुबे ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण एवं भोलेनाथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का संपूर्ण आयोजन पूरी श्रद्धा, आस्था एवं वैदिक परंपरा के अनुसार संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास, मंडल पूजन, औषधि स्नान, भव्य शोभायात्रा (मूर्ति मिलाप) तथा शय्याधिवास जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

# पानी की टंकी के पास युवक का शव मिलने से सनसनी

श्रावस्ती। थाना नवीन मॉडर्न क्षेत्र के ग्राम बेल्हा राघव के मजरा बंजारही निवासी कप्तान शुक्ला (32) पुत्र संतराम का शव शनिवार देर रात गांव के बाहर पानी की टंकी के पास संदिग्ध हालत में मिला। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक जय हरि मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



परिजनों ने बताया कि कप्तान शुक्ला शनिवार दोपहर करीब तीन बजे इंडियन बैंक जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। रात करीब 11 बजे गांव के बाहर उनका शव मिलने की सूचना मिली, जिससे परिवार और गांव में शोक फैल गया। पुलिस को घटनास्थल से करीब 250 मीटर दूर उनकी बाइक मिली है, जबकि मोबाइल फोन गायब है। पुलिस मोबाइल की तलाश कर रही है और हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बेटे नीतीश (12 वर्ष), नितिन (4 वर्ष) और बेटी रिया (8 वर्ष) को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# विभूतिनाथ मंदिर पर सुरक्षा का कड़ा पहरा

## डीएसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

श्रावस्ती। सावन माह में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र पांडवकालीन विभूतिनाथ मंदिर में होने वाले जलाभिषेक को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान ने थाना सिरसिया क्षेत्र स्थित विभूतिनाथ मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, भीड़ नियंत्रण तथा यातायात प्रबंधन का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और ड्यूटी पूरी सतर्कता, अनुशासन तथा जिम्मेदारी के साथ निभाई जाए।

अधिकारियों ने विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर ध्यान देने, श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने



तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह की सूचना मिलते ही तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मंदिर परिसर और आसपास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर लगातार नजर रखने तथा श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर बैरिकेडिंग और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। निरीक्षण के दौरान थाना सिरसिया के प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। श्रावस्ती पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि जलाभिषेक के दौरान निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करें, पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा डायल 112 पर दें। सावन के प्रत्येक सोमवार को विभूतिनाथ धाम में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में भगवान शिव का जलाभिषेक कर सकें।

# बाबा घुइसरनाथ धाम में लगा कांवडियों का जमावड़ा



**प्रतापगढ़।** श्रावण माह के पहले सोमवार को लेकर रविवार से ही कांवड़िया श्रद्धालुओं का बाबा घुइसरनाथ धाम में जमावड़ा शुरू हो गया दिखा। वहीं कांवड़ यात्रा को लेकर जगह जगह स्थानीय प्रशासन को भी मुस्तैद देखा गया। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में जिले के मानिकपुर गंगा घाट से ज्यादातर कांवड़िया जलाभिषेक को पहुंच रहे हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर रविवार की शाम बाबा धाम के मार्ग पर हर हर महादेव व बोल बम का जयघोष गूंज उठा दिखा। बाबा धाम में विभिन्न शेड़ों में श्रद्धालुओं को कांवड़ के साथ विश्राम करते हुए देखा गया। वहीं बाबा धाम में जगह जगह वैरीकेटिंग के जरिये पहले सोमवार को वाहनों के प्रवेश को रोकने को लेकर पुलिस भी मशक्कत में दिखी। मंदिर क्षेत्र में भी वैरीकेटिंग कर पुरूष एवं महिला श्रद्धालुओं के बारी बारी से दर्शनपूजन व जलाभिषेक की व्यवस्था को प्रशासन ने अंतिम रूप दिया है। सई नदी में नाव पर गोताखोर की तैनाती भी हुई है। ज्यादातर कांवड़िया श्रद्धालुओं को बाबा धाम में बने गंगा सागर में स्नान करते देखा गया। मंदिर के महंथ मयंक भालगिरि ने बताया कि श्रावण माह में गर्भगृह में रूद्राभिषेक को प्रतिबंधित किया गया है। मंदिर परिसर में रविवार को हवन पूजन तथा भजन संकीर्तन में भी शिवभक्त मगन दिखे। एसडीएम वाचस्पति सिंह व सीओ राजीव द्विवेदी ने धाम परिसर का भ्रमण कर प्रबंधों का अवलोकन किया।

# परिवार परामर्श केंद्र की पहल से 8 बिखरते परिवारों में लौटी खुशियां




सिद्धार्थनगर। प्र0नि0 भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिला थाना सिद्धार्थनगर में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से अलग-अलग कारणों से एक-दूसरे से अलग रह रहे 8 दंपतियों के बीच आपसी मतभेद दूर कर समझौता कराया गया। इसके बाद सभी दंपतियों को एक साथ विदा कर उनके परिवारों में खुशियां लौटाई गईं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में महिला थानाप्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में यह पहल सफल रही। काउंसलिंग के बाद सभी दंपतियों ने लिखित समझौता कर साथ रहने की सहमति जताई। इस दौरान काउंसलिंग टीम की सदस्य मुख्य आरक्षी आशा, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, संगीता, शिखा खरवार, प्रगति और शिवानी सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस पहल से आठ परिवार टूटने से बच गए और दंपतियों के जीवन में नई शुरूआत हुई।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण एवं भोलेनाथ शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

बांसी (सिद्धार्थनगर)। जिले के बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम देवरिया स्थित श्री काली मंदिर सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री लक्ष्मी नारायण एवं भोलेनाथ शिवलिंग



प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य जजमान के रूप में ट्रस्ट के अध्यक्ष रविकांत दुबे एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती क्षमा दुबे ने व्रत एवं उपवास रखकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। कलश यात्रा मुख्य पुरोहित आचार्य पंडित राम अंजोरे मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि-विधान से निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं गणमान्य नागरिक गाजे-बाजे के साथ शामिल हुए। श्रद्धालु राप्ती नदी पहुंचे, जहां विधिवत पूजन के उपरांत कलशों में पवित्र जल भरकर पुनः श्री काली मंदिर परिसर लौटे। इसके बाद संकल्प, आचार्य वरण, मंडप प्रवेश तथा वेदी पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। कलश यात्रा में अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश दुबे एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विनीता दुबे, श्रीमती सुनीता दुबे (पत्नी सूर्य प्रकाश दुबे), अशोक दुबे, राम प्रकाश दुबे, अनूप दुबे, रंजीत दुबे, झुनझुन दुबे, श्रीमती अनुराधा (पत्नी मंगेश), मंगेश दुबे, राम नयन यादव, विनोद दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं शामिल रहीं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों के लिए मिष्ठान, जलपान तथा प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्री काली मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रविकांत दुबे ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण एवं भोलेनाथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का संपूर्ण आयोजन पूरी श्रद्धा, आस्था एवं वैदिक परंपरा के अनुसार संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास, मंडल पूजन, औषधि स्नान, भव्य शोभायात्रा (मूर्ति मिलाप) तथा शय्याधिवास जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

## विवाहिता का शव मिलने से सनसनी

बांसी (सिद्धार्थनगर)। बांसी कोतवाली क्षेत्र के सियरापार में शनिवार दोपहर करीब एक बजे कल्लू बैटरी सर्विस के पास सड़क किनारे एक बंद मकान के बरामदे में एक विवाहिता का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान गुड़िया, निवासी ग्राम कसेहरा के रूप में हुई है। उसकी शादी वर्ष 2023 में लहरा ग्राम पंचायत निवासी सकील से हुई थी तथा उसका एक बच्चा भी है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि महिला बीमार थी और उसकी मौत जिला अस्पताल में हुई थी। यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि ससुराल पक्ष शव को सियरापार में छोड़कर चला गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती का शानदार प्रदर्शन

## प्रदेश में आठवें स्थान पर पहुंचा जिला

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के क्षेत्र में श्रावस्ती ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। शासन द्वारा जारी आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) की जुलाई-2026 रैंकिंग में श्रावस्ती ने प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त करते हुए उत्तर प्रदेश के टॉप-10 जिलों में अपनी जगह बनाई है।

यह सफलता जिले में शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए अपनाई गई सुदृढ़ कार्यप्रणाली का परिणाम मानी जा रही है। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देशन में प्रतिदिन सुबह 10 बजे जनसुनवाई आयोजित की जा रही है, जबकि प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाती है। आगामी तीन दिनों में लंबित मामलों के निस्तारण तथा असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों की गुणवत्ता की प्रतिदिन शाम 5 बजे समीक्षा भी सुनिश्चित की जा रही है। जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए विभिन्न विभागों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनके माध्यम से निस्तारण आख्या का परीक्षण कराया जाता है तथा जिलाधिकारी स्वयं शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की सतत निगरानी करती हैं। इसके साथ ही शिकायतकताओं से सीधे फीडबैक लेकर वास्तविक स्थिति का भी मूल्यांकन किया जा रहा है।



जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली को दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के टॉप-10 जिलों में स्थान मिलना पूरे प्रशासन के लिए गौरव की बात है, लेकिन लक्ष्य इससे भी आगे बढ़कर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त करना है। इसके लिए सभी अधिकारियों को और अधिक संवेदनशीलता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक अधिकारी शिकायतों के समाधान को अपने दैनिक कार्यों का अभिन्न हिस्सा बनाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित न्याय और राहत मिल सके। प्रदेश की आईजीआरएस रैंकिंग में आठवां स्थान हासिल कर श्रावस्ती ने यह साबित कर दिया है कि प्रभावी प्रशासन, नियमित मॉनिटरिंग और जवाबदेही से जनसमस्याओं का समाधान तेज और बेहतर तरीके से संभव है।

## खाद तस्करी के प्रयास पर एक गिरफ्तार



मोहाना, सिद्धार्थनगर। सदर क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में क्रियाशील थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना मोहाना पुलिस और एसएसबी लीलाडिहवा की संयुक्त टीम ने सीमा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान खाद तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। टीम ने उसके कब्जे से 6 बोरी यूरिया, 2 बोरी डीएपी खाद और 2 साइकिल बरामद की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे तस्करी विरोधी अभियान के तहत ग्राम बुढ़ा मजगवा मोड़ पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अमित लोध निवासी लीलाडिहवा, थाना मोहाना को पकड़ा। बरामद खाद और साइकिलों को कस्टम अधिनियम की धारा-11 के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया गया। इस कार्रवाई को थाना मोहाना पुलिस और एसएसबी लीलाडिहवा की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया।

संक्षेप

## जन संवाद कार्यक्रम में गिनाई भाजपा सरकार की उपलब्धियां

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के कस्बा भगवंतनगर स्थित आर आर बी एन इण्टर कालेज मे रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ला रिंकू ने जन संवाद कार्यक्रम मे भाजपा की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मोदी और योगी जातियों की बात नहीं करते है। वह नौजवान, महिला, गरीब और किसान की बात करते है। गरीबों के लिए आयुष्मान कार्ड योजना लागू कर फ्री इलाज उपलब्ध करवा रहे है। कांग्रेस व सपा को आंडे हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एमरजेंसी लागू करके लोगों के अधिकारों का हनन किया। जिसे आज भी काले कानून के रुप में याद किया जाता है। कांग्रेस पार्टी ने धर्म के नाम पर बांटने का काम किया। कांग्रेस के गरीबी हटाओ का अभियान से गरीबी तो नही हटी लेकिन गरीब हट गया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए की बात करते है। लेकिन आज तक पार्टी के अध्यक्ष या मुख्यमंत्री पद के लिए के परिवार की बात करते है। तब पीडीए याद नही आता। पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी वाली पार्टी है। जो समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव मे भाजपा की सरकार बनाने की अपील किया। कार्यक्रम का संचालन बीडी शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डा राज त्रिवेदी, कौशल किशोर सिंह, कमल किशोर दीक्षित, पिंकू सिंह प्रधान, संजय दीक्षित, दीपक नारायण सोनी, रवीन्द्र गौतम, चन्द्रिका प्रसाद, महेश शुक्ला, श्यामू पंडित, नीरज दुबे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में बाइक सवार पिता की मौत, पुत्र की हालत गंभीर

मौरावां (वीओएल)। थाना क्षेत्र के धनोखर गांव से रिश्तेदारी से लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क हादसे का शिकार हो गए। लच्छीखेड़ा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान पिता की मौत हो गई, जबकि बेटे का लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सरैया नवीन निवासी विशम्भर (55) पुत्र स्वर्गीय गंगाचरण रविवार को अपने बेटे आशीष के साथ धनोखर गांव रिश्तेदारी गए थे। शाम को दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक आशीष चला रहा था। लच्छीखेड़ा मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौरावां पहुंचाया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड का मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र वर्ष 2014 जिसका अनुक्रमांक 1511010 है तथा इंटरमीडिएट का अंक पत्र वर्ष 2016 जिसका अनुक्रमांक 1127451 है वास्तव में खो गया है। केशव मौर्य पुत्र केदारनाथ मौर्य निवासी ग्राम कान्हपुर करहिया बाजार तहसील सलोन, जिला रायबरेली।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अनुज का जन्म दिनांक 26/09/2013 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं करवा सकी। इसके पहले जन्म प्रमाण पत्र के लिए मैंने कोई आवेदन नहीं किया। मेरे पुत्र अनुज का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना जनहित में आवश्यक है जिसे जारी किया जाए। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज करवा सकता है। श्याम दुलारी पत्नी श्याम निवासी बड़नपुर विकासखंड हसवा तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र हर्ष कुमार का जन्म दिनांक 06/02/2008 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा सकी। जन्म प्रमाण पत्र के लिए इसके पहले मैंने कहीं से भी कोई आवेदन नहीं किया। मेरे पुत्र हर्ष कुमार का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना जनहित में आवश्यक है जिसे जारी किया जाए। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज करवा सकता है। गीता देवी पत्नी प्रमोद कुमार निवासी हीरालाल नगर बक्सपुर शहर व जिला फतेहपुर।
मोबाइल नंबर 84 29 2303 94

### योगी सरकार ने रखा सुविधाओं का ध्यान, बढ़ाया आस्था का सम्मान

# सावन के पहले सोमवार उमड़ेगा आस्था का ज्वार

जिला संवाददाता

गोरखपुर। देवाधिदेव महादेव भोलेशंकर को अतिप्रिय सावन माह में शिवभक्तों का श्रद्धामय उल्लास देखते ही बनता है। पिछले करीब एक दशक में महानगर से लेकर गांव तक के शिवालयों के हुए कायाकल्प ने इस उल्लास को कई गुना बढ़ा दिया है। योगी सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का भरपूर ध्यान रखकर उनकी आस्था का सम्मान बढ़ाया है। शिवालयों के पुनरुद्धार और बढ़ी सुविधाओं के बीच सावन के पहले सोमवार पर आस्था का ज्वार उमड़ेगा। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद पौराणिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के पुनरुद्धार को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसी कड़ी में गोरखपुर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों को पर्यटन विकास कर उनका कायाकल्प कराया गया है। पर्यटन विभाग ने राज्य योजना, जिला योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास संवर्धन योजना और मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत गोरखपुर के तीन दर्जन से अधिक शिव मंदिरों को जन सुविधाओं के कलेवर में विकसित किया है। यूं तो सरकार ने सभी तरह के देवालयों का पुनरुद्धार कराया है लेकिन सिर्फ शिव मंदिरों को ही देखें तो करीब 51 करोड़ रुपये शिवालयों के ढांचागत विकास एवं जन सुविधाओं के विकास पर खर्च/स्वीकृत किए गए हैं। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र प्रसाद के अनुसार विभाग की योजनाओं के जरिये भरोहिया (पीपीगंज) के प्रसिद्ध पितेश्वरनाथ शिव मंदिर, महानगर के गोरखनाथ क्षेत्र में प्राचीन मानसरोवर मंदिर, राजघाट स्थित मुक्तेश्वरनाथ शिव मंदिर, झारखंडी महादेव मंदिर, भौवापार के प्रसिद्ध मुंजेश्वरनाथ मंदिर, पिपराइच के मोटेश्वर महादेव मंदिर, पिपराइच क्षेत्र के ग्राम लखेसरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर, खजनी के सरया तिवारी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर सहित कई प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया गया है। इन कार्यों से जहां श्रद्धालुओं को सुविधा और सहूलियत मिली है तो वहीं ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है।

### प्रमुख शिवालयों पर पर्यटन विकास कार्य के मद में खर्च

(एक करोड़ रुपये से अधिक)
- पितेश्वरनाथ मंदिर भरोहिया, 9.88 करोड़ रुपये।
- प्राचीन मानसरोवर मंदिर, 6.01 करोड़ रुपये।
- मुंजेश्वरनाथ मंदिर, भौवापार, 6.23 करोड़ रुपये।
- मोटेश्वर महादेव मंदिर, पिपराइच 1.49 करोड़ रुपये।
- नीलकंठ महादेव मंदिर, सरया तिवारी, 1.77 करोड़ रुपये।
- मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, राजघाट, 2.19 करोड़ रुपये।
- बरगद्दी शिव मंदिर, भटहट, 1.21 करोड़ रुपये।
- प्राचीन शिव मंदिर, कुई बाजार, (स्वीकृत) 1.97 करोड़ रुपये।
- झारखंडी शिव मंदिर, रंदौली मठिया, (स्वीकृत) 1.48 करोड़ रुपये।
- भटहट ब्लॉक के सिरसिया में महादेव कुंड (स्वीकृत) 3.98 करोड़ रुपये।

# छेड़खानी के विवाद में 9 साल के लड़के की हत्या

गोरखपुर। जिले के पिपराइच क्षेत्र में शनिवार रात हमलावरों के एक समूह द्वारा लाठी-डंडों, लोहे की छड़ों और ईंटों से कथित तौर पर किए गए हमले में नौ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसका 15 वर्षीय चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह हमला मृत बच्चे की एक महिला रिश्तेदार (11वीं कक्षा की छात्रा) के साथ हमलावरों द्वारा की गई कथित छेड़खानी के विवाद को एक पंचायत द्वारा सुलझाए जाने के कुछ ही दिनों बाद हुआ। मृत बच्चे की पहचान एम्स थाना क्षेत्र के अराजी बसडिला निवासी कक्षा चार के छात्र सरस सिंह के रूप में हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि पांच साल पहले मां का निधन हो जाने के कारण सरस पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी मौसी के घर रह रहा था। उसका चचेरा भाई शिवकुमार सिंह बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इलाज करा रहा है।

पुलिस ने बताया कि शिवकुमार के परिवार की 11वीं कक्षा की एक लड़की के साथ स्थानीय युवक सिकंदर सहनी द्वारा छेड़खानी किए जाने के आरोपों के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। हालांकि, एक ग्रामीण पंचायत ने इस मामले को सुलझा दिया था, लेकिन इसके बावजूद दोनों पक्षों के बीच नाराजगी बनी रही।

शनिवार शाम सरस और शिवकुमार एक पान की दुकान पर जा रहे थे, तभी विरोधी गुट के सदस्यों ने कथित तौर पर उन्हें बेला चौराहे के पास घेर लिया। आरोपियों ने एक दुकान तक उनका पीछा किया और उनके साथ मारपीट की।

पुलिस ने बताया कि हमलावरों का मुख्य निशाना शिवकुमार था, लेकिन बीच-बचाव करने की कोशिश में सरस को गंभीर चोटें आईं। दोनों को तुरंत पिपराइच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां देर रात सरस ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया, जिसके बाद एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पिपराइच थाना प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। शिवकुमार के पिता राजू सिंह की शिकायत पर पुलिस ने बेला सहवा टोला के रहने वाले सिकंदर सहनी और आठ अन्य-हरि, राहुल, संदीप, विकास, रत्नेश्वर, मनोज, रोशन तथा विजय के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

क्षेत्राधिकारी (चौरी चौरा) कुंदन सिंह ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

## भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक का गोरखपुर में हुआ भव्य स्वागत

गोरखपुर। भाजपा उत्तर प्रदेश के सोशल मीडिया संयोजक हिमांशु राज पंडित के गोरखपुर आगमन पर सहजनवा से लेकर रानीडीहा पार्टी क्षेत्रीय कार्यालय तक पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों, गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिन्दाबाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जिन्दाबाद, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जिन्दाबाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय जिन्दाबाद के गगन भेदी नारे लगाए। स्वागत करने वालों में भाजपा महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, मधुसूदन पाण्डेय, अनादि प्रिय पाठक, शशांक द्विवेदी सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया।

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव : सिंहपाल

### विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन का हुआ आयोजन



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से रविवार को ह्यनशामुक्त युवा - विकसित भारतह्व कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक सिंहपाल सिंह ने कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत के मजबूत नींव हैं। प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन से पूर्व मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशामुक्त जीवन की आवश्यकता एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। यदि युवा वर्ग स्वस्थ, जागरूक, अनुशासित एवं नशामुक्त होगा, तो देश के विकास की गति और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे एवं नशीले पदार्थों से दूर रहने का आग्रह करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी प्रभावित करता है।

श्री सिंह ने कहा कि जिन अनेक पदार्थों का उपयोग आज नशे के रूप में किया जा रहा है, उनका प्रयोग प्राचीन समय में मुख्य रूप से औषधीय एवं चिकित्सकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता था। समय के साथ उनके दुरुपयोग ने समाज के समक्ष गंभीर चुनौतियां उत्पन्न कर दी हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे के प्रति सजग रहें, स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। मुख्य अतिथि के संबोधन के उपरांत प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन प्रसारित किया गया, जिसे उपस्थित स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एकाग्रता एवं उत्साह के साथ सुना। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. धनंजय पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी रवि निषाद, अनिल कुमार पटेल, श्रद्धा सिंह (प्रवक्ता माइक्रोबायोलॉजी) सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान संकाय के करीब 400 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर जिला जेल से विचाराधीन कैदी फरार, जेलर और चार वार्डन निलंबित

गोरखपुर। जिला कारागार की नवनिर्मित चारदीवारी फांदकर एक विचाराधीन कैदी फरार हो गया। घटना के बाद जेलर समेत पांच कारागार कर्मियों को निलंबित कर दिया गया और फरार कैदी की तलाश जारी है। अधिकारियों के अनुसार, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2), धारा 64(2) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के एक मामले में यहां बंद बांसगांव थाना क्षेत्र के सरसोपार गांव निवासी विपिन (21) फरार हो गया। उसे 18 जुलाई को जिला कारागार लाया गया था। वरिष्ठ जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि घटना के संबंध में शाहपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद कारागार महानिदेशक (डीजी) पी.सी. मीना ने जेलर अरुण कुमार, जेल वार्डन जितेंद्र कुमार गौतम व जितेंद्र कुमार दुबे, प्रधान वार्डन ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव और रामजीत सिंह को निलंबित कर दिया। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। महानिदेशक ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पांडेय के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। फरार विचाराधीन कैदी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# सदस्यों की एकता व समर्पण पीपीए की ताकत : अवधेश



सरहरी, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई सदर की मासिक बैठक का आयोजन रविवार को तरकुलवा स्थित महफूज एकेडमी में किया गया। अध्यक्षता तहसील प्रभारी शिवेंद्र शर्मा ने की। बैठक में संगठन की एकजुटता व मजबूती पर बल देने के साथ पत्रकार हितों के तमाम मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही निर्धारित समयावधि में सदस्यता नवीनीकरण करा लेने का भी आह्वान किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे जिलाध्यक्ष अवधेश दूबे ने कहा कि पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की आवाज है। संगठन तभी मजबूत होगा जब प्रत्येक सदस्य सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। उन्होंने सभी पत्रकारों से सदस्यता नवीनीकरण समय से कराने, संगठन की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा पत्रकारिता की गरिमा और निष्पक्षता बनाए रखने का आह्वान किया।

तहसील अध्यक्ष रफी उल्लाह अंसारी ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता है। सभी पत्रकार साथियों को एक परिवार की तरह मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर पत्रकार की समस्या संगठन की समस्या है और उसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों से नियमित रूप से मासिक बैठकों में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

# बाबा बिल्लेश्वर महादेव मंदिर के सर्वांगीण विकास में 71 लाख के प्रोजेक्ट का शिलान्यास



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र के धार्मिक स्थलों का कायाकल्प निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज बाबा बिल्लेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत 71 लाख रुपए की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया। विधायक की अनुपस्थिति में पत्नी कल्पना सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जानकारी दी कि क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह तीव्र ज्वर के कारण उपस्थित नहीं हो सके। उनकी अनुपस्थिति में माही संस्था की अध्यक्षा एवं विधायक की धर्मपत्नी कल्पना सिंह ने कार्यक्रम की कमान संभाली। उन्होंने हर हर महादेव, बाबा बिल्लेश्वर महादेव की जय के जयघोष के साथ उपस्थित जनसमूह और भाजपा कार्यकताओं को संबोधित किया। अपने ओजस्वी संबोधन में कार्यकताओं में नया उत्साह भरते हुए कल्पना सिंह ने कहा, भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही धार्मिक स्थलों और मंदिरों का वास्तविक व सर्वांगीण विकास संभव हो सका है। जनहित और विकास कार्यों के प्रति समर्पित अपने पति व विधायक अनिल सिंह की कार्यशैली की मैं स्वयं भी एक प्रशंसक और कार्यकर्ता हूँ। पर्यटन विभाग का 71 लाख का भव्य प्रोजेक्ट कार्यक्रम के दौरान पर्यटन विभाग की जूनियर इंजीनियर (जेई) ट्रेनी शिवांगी दीक्षित ने प्रोजेक्ट की तकनीकी रूपरेखा प्रस्तुत की।

# शिक्षक सम्मान व विराट कवि सम्मेलन का आयोजन



उन्नाव (वीओएल)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, उन्नाव के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य पर आदर्श शिक्षक सम्मान एवं विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन सिविल लाइंस स्थित गणेश मण्डपम गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करता है तथा समाज को सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने उन्नाव की साहित्यिक विरासत को आगे बढ़ाने में अभ्युदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा के प्रयासों की सराहना करते हुए समाज के प्रबुद्ध वर्ग एवं साहित्यकारों से इन प्रयासों को सार्थक बनाने का आह्वान किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के प्रांतीय अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने उन्नाव को साहित्य की उर्वर भूमि बताते हुए परिषद् की नवगठित जिला कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं तथा साहित्य के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ कवि एवं शिक्षक शिव बालक राम सरोज द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। जिला महामंत्री कमलेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मानित शिक्षकों के उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान की सराहना की। निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वेदों की सैकड़ों ऋचाओं एवं शास्त्रों का अध्ययन तभी सार्थक है जब उनका आचरण में समावेश हो। सम्मानित शिक्षकों में श्रीमती स्मिता गुप्ता, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, प्रवीण कुमार, अनिल वर्मा, डॉ. शशि रंजना अग्निहोत्री, शैलेन्द्र त्रिवेदी, शिव बालक राम सरोज, अनिरुद्ध सौरभ, डॉ. श्रीकेश पाण्डेय, आदित्य दीक्षित, डॉ. अमित अवस्थी तथा डॉ. प्रिंस विश्वकर्मा प्रमुख रहे। साहित्य सेवा के लिए उमा शंकर यादव, सरस आजाद, राहुल वर्मा एवं मोहित वर्मा सहित अनेक साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ प्रांतीय अध्यक्ष विजय त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती की वंदना से किया गया। इसके उपरांत कवियों ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कवि मोहित वर्मा ने समाज की विसंगतियों पर अपना दर्द प्रस्तुत किया तो ओज के सशक्त हस्ताक्षर वरिष्ठ कवि राहुल वर्मा ने सारा तिलिस्म जादू और जंजाल बदलने वाला है, दिन की रंगत और रातों का हाल बदलने वाला है पढ़कर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में दिवाकर द्विवेदी, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. के.के. मिश्र, अखिलेश ओमर, धर्मेंद्र शर्मा, बबलू सेंगर, राजा बाबू अग्निहोत्री, डॉ. मनीष सेंगर, अजय श्रीवास्तव, ऊदल फौजी, आभा माथुर, संजीव कुमार निगम, अशोक गुप्ता, दीपेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिरुद्ध सौरभ ने किया।

## पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल की मौत



इटावा। रविवार सुबह करीब सुबह 8 बजे पुलिस लाइन में ड्यूटी के दौरान तैनात 55 वर्षीय हेड कांस्टेबल रामकेश यादव की मौत हो गई। पुलिस लाइन के गैस गोदाम पर ड्यूटी करते समय उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथी पुलिस कर्मियों ने उन्हें तत्काल डा. भीमराव अंबेडकर संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक रामकेश यादव पुत्र काशीराम यादव मूल रूप से ग्राम बिरिया, पोस्ट डेरापुर, थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात के निवासी थे। वह 1990 बैच के पुलिस कर्मी थे और वर्तमान में इटावा पुलिस लाइन स्थित गैस गोदाम में डयूटी लगी थी। इसी दौरान अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई व वह जमीन पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बिना देर किए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके। मृतक दो पुत्र दीपेन्द्र व योगेन्द्र तथा पत्नी सुमन को रोता बिलखता छोड़ गये।

## पूर्व सांसद के चाचा को नम आंखों से दी अंतिम श्रद्धांजलि

जसवंतनगर, इटावा। पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता रघुराज सिंह शाक्य के पैतृक गांव धौलपुर खेड़ा में उनके दिवंगत चाचा स्वर्गीय रामगोपाल शाक्य की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, शिक्षकों और ग्रामीणों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शांति पाठ और हवन से हुई। इसके बाद आयोजित शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की चिरशांति की प्रार्थना की। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने कहा कि उनके चाचा स्वर्गीय रामगोपाल शाक्य अत्यंत मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ एवं समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे। कृषि विभाग में जिला प्रबंधक के पद पर रहते हुए उन्होंने किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य किए। उनका निधन परिवार ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न जनपदों से आए गणमान्य लोगों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान रामकरन शाक्य, शिक्षा सेवा चयन आयोग की सदस्य सीमा शाक्य, रामप्रसाद सिंह, राहुल, आयुष राज, पीयूष राज, सौरभ शाक्य, वैभव शाक्य, राम बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक ने नहर में कूदकर जान दी



बकेवर, इटावा। एक साल पहले नगर पंचायत अध्यक्ष लखना ने आउटसोर्सिंग कर्मचारी को निकाल दिया था। उसी के बाद डिप्रेशन मे चल रहा था रविवार की सुबह 48 बर्षीय व्यक्ति ने भोगनीपुर गंग नहर मे छलांग लगा दी वह डूब गया नहर के आसपास के लोगो ने कूदकर युवक को बाहर निकाला और इलाज के लिए पं. रामाधीन शर्मा 50 शैया अस्पताल बकेवर लेकर पहुँचे जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। कस्बा लखना के दीक्षितान मुहाल निवासी मृतक के पिता ने बताया उनका 48 बर्षीय बेटा दीपक दुबे नगर पंचायत लखना मे आउटसोर्सिंग कर्मचारी था। बेटे को एक साल पहले नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश शंकर पोरवाल ने निकाल दिया था। उसी के चलते रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे घर से जाकर कहराहान मुहाल के सैय्यद बाबा की मजार के पास भोगनीपुर गंग नहर में छलांग लगा दी जिससे वह नहर में डूब गया। बेटे को डूबता देख मोहल्ले के आसपास के लोगो ने नहर मे उतरकर डूबे हुए बेटे को नहर से बाहर निकाल लिया। निजी वाहन से इलाज के लिए पं रामाधीन शर्मा 50 शैया अस्पताल बकेवर लेकर पहुँचे जहाँ इमरजेंसी चिकित्सक डॉ. रवीन्द्र शाहू ने चेकअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष लखना से बात की तो उन्होंने बताया कि दीपक दुवे को दौडा मिर्गी आती थी डियूटी पर नही आ पा रहा था। उसी के चलते कृष्णा कम्पनी झाँसी ने उसकी सेवाए समाप्त कर दी। मेरे ऊपर मृतक के पिता द्वारा लगाये सारे आरोप निराधार है। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक से जानकारी की तो उन्होंने बताया अभी तक कोई भी शिकायती पत्र नही दिया गया है। अस्पताल की सूचना पर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

## बिरयानी दुकानदार ने फांसी लगाकर जान दी



उदी, इटावा। थाना बढ़पुरा क्षेत्र मे यमुना पुल के तिराहे पर श्रीबांके बिहारी शाकाहारी बिरयानी की दुकान लगाने बाले संचालक द्वारा दुकान के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया तो फोरेंसिक टीम द्वारा भी घटना स्थल पर आवश्यक जांच व साक्ष्य जुटाए गए। बढ़पुरा थानां के ग्राम जरहोली निवासी शिवम भदौरिया 27 पुत्र छोटे भदौरिया यमुना पुल तिराहे पर बाँके विहारी शाकाहारी बिरयानी की दुकान किये हुए था। दुकान पर शिवम के अलावा उसके दो भाई भी मौजूद थे। देर रात दुकान चलाने के बाद शिवम अपने दो अन्य भाईयो के साथ दुकान पर ही सोया था। रविवार तड़के किसी समय शिवम ने दुकान के अंदर फांसी लगा ली गयी। रविवार प्रातः शिवम का मौसेरा भाई प्रह्लाद निवासी रमपुरा थानां बढ़पुरा दुकान पर पहुंचा तो शिवम को लटका देख चीख पुकार करने लगा। चीखपुकार पर दुकान पर सो रहे शिवम के दो भाई भी जाग गए और शिवम को फंदे से उतारकर जिला चिकित्सालय इटावा ले गए जहाँ चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर थाना प्रभारी कृपाल सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया तो फोरेंसिक टीम द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए। थानां पुलिस द्वारा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## 900 किमी की तपस्या का नगर में मुनि भावसागर महाराज का अभिनंदन




जसवंतनगर, इटावा। लगभग 900 किलोमीटर का कठिन पदविहार पूर्ण कर पूज्य मुनि भावसागर महाराज ससंघ का रविवार को नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। नगरवासियों और जैन समाज ने जगह-जगह पाद प्रक्षालन कर उनका स्वागत किया। श्रद्धा और उत्साह से भरे माहौल ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। लंबे पदविहार के बाद मिले इस आत्मीय स्वागत से गुरुदेव भी भावुक नजर आए। मंगल प्रवेश के दौरान पिंक बूथ पर सपा सांसद आदित्य यादव अंकुर ने मुनि श्री का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया। उनके साथ सपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव, विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ प्रताप सोनू यादव, सोनू, अजेंद्र गौर और विनोद यादव सहित कई लोगों ने भी गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। करीब 20 मिनट के प्रवचन में मुनि श्री भावसागर महाराज ने भगवान महावीर के जियो और जीने दो के संदेश को मानवता के लिए आज भी प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि पाप का पहला प्रवेश मनुष्य की दृष्टि और विचारों से होता है, इसलिए आत्मा और विचारों की शुद्धता ही सच्चे कल्याण का मार्ग है। मंगल प्रवेश में लायंस क्लब, भारत विकास परिषद की मुख्य एवं समर्पण शाखा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय बिंदू यादव, उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता मोना, श्रेयस मिश्रा, एडवोकेट तुसार गुप्ता, विकास गुप्ता समेत अनेक समाजसेवियों ने गुरुदेव के चरण पखारकर आशीर्वाद लिया। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष रोहित जैन, महामंत्री आशीष जैन, कोषाध्यक्ष विवेक जैन, एकांश जैन लिंची, मोहित जैन, प्रखर जैन और सम्यक जैन सहित समिति के पदाधिकारी कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय रहे। इस दौरान समिति की ओर से सांसद आदित्य यादव का माल्यार्पण कर प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया गया।

संक्षेप

## मंदिरों पर साफ सफाई कर लगाये पौधे

मोहम्मदी खीरी। गोमती श्रमदान के स्वयंसेवकों ने सावन के पवित्र महीने में नदी के किनारे बने घाटों पर मंदिरों में साफ सफाई कर औषधीय वृक्षों का पौध रोपण किया है। रविवार को आयोजित श्रमदान दिवस पर अश्वनी सिंह राजपूत, विजय कटियार, योगेश त्रिवेदी एडवोकेट, गोपाल तिवारी, गोपाल बाजपेई, प्रवीण मेहरोत्रा समेत संस्था के सदस्यों द्वारा सावन के महीने में मंदिरों में शिव पूजा अर्चना को लेकर साफ सफाई की है वहीं परिसर में औषधीय वृक्षों का पौधारोपण किया है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

धौरहरा खीरी। कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में पेड़ से लटका मिला शव परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। सूत्रों के अनुसार ग्राम भौव्वापुर निवासी सुजीत कुमार पुत्र सूबेदार सिंह गौतम अपनी रिस्तेदारी में दो लड़कियों के साथ ग्राम लहबडी गोबिंद के यहां गया था । लड़कियों के पिता अपनी लड़कियों को ले आये थे । सुजीत कुमार वहीं रूक गया । फिर इसने मोहिद्दीन के खेत में पेड़ से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सुबह खेत वाले ने पुलिस को जानकारी दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि लड़का अपने रिस्तेदारी में आया था फिर फांसी लगा ली , पी एम लिए भेजा दिया उसके बाद कार्रवाई होगी।

## कांवड़ियों से भरा ट्राला पलटा, 20 घायल

सीतापुर। सावन में जलाभिषेक के लिए जा रहे शिवभक्तों की यात्रा उस समय हादसे में बदल गई, जब कांवड़ियों से भरा ट्रैक्टर-ट्राला पैंतेपुर-भगौली नहर पटरी मार्ग पर सुरजना भारी गांव के सामने अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में करीब 20 कांवड़िए घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचायज्ञं जानकारी के अनुसार रामपुर मथुरा क्षेत्र के सहरा नानकारी गांव से करीब 20 शिवभक्त ट्रैक्टर-ट्राला से बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करने जा रहे थे। रविवार सुबह लगभग 11 बजे सुरजना भारी गांव के पास अचानक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उत्तम मिश्र (20), अभिषेक वर्मा (17), अमित (20), करन (13), सौरभ (10), सचिन (11) समेत करीब 20 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को निजी वाहनों से महमूदाबाद के एक निजी अस्पताल और सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट होने के कारण अभिषेक वर्मा को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। विक्की (18), अपिल (15) और सुनील (25) समेत कई घायलों को फतेहपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने एसडीएम महमूदाबाद अभिषेक प्रियदर्शी को तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम अभिषेक प्रियदर्शी और नायब तहसीलदार राकेश पाल अस्पताल पहुंचे, घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# सावन का पहला सोमवार आज, जलाभिषेक को उमड़ेगा सैलाब

मन्दीप कुमार वर्मा

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए प्रशासन ने पूरे किए इंतजाम
- 973 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पवित्र श्रावण मास का पहला सोमवार आज है। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका ने सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, पेयजल, साफ-सफाई एवं दर्शन व्यवस्था के व्यापक इंतजाम पूरे कर लिए हैं।

गोला गोकर्णनाथ का त्रेतायुगीन पौराणिक भोलेनाथ मंदिर देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। सावन माह में एक महीने तक चलने वाले मेले में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं, जबकि सोमवार को यह संख्या कई लाख तक पहुंच जाती है। मंदिर परिसर, तीर्थ सरोवर एवं प्रमुख मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध होकर दर्शन एवं जलाभिषेक कराया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मंदिर परिसर, गर्भगृह और मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी होगी। नगर पालिका द्वारा पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई एवं शौचालयों की विशेष व्यवस्था की गई है, जबकि चिकित्सा शिविर एवं एम्बुलेंस भी तैनात रहेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात एवं भीड़ प्रबंधन की विशेष योजना लागू की गई है। शहर के प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की आवाजाही को चरणबद्ध ढंग से संचालित किया जाएगा। भारी भीड़ को देखते हुए सोमवार को जनपद के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल संपन्न कराने के लिए मेला क्षेत्र में 973 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में 7 पुलिस उपाधीक्षक (सीओ), 12 निरीक्षक, 29 उपनिरीक्षक (एसआई), 117 मुख्य आरक्षी, 597 पुरुष आरक्षी, 157 महिला आरक्षी, 12 यातायात उपनिरीक्षक तथा 44 यातायात आरक्षी/मुख्य आरक्षी लगाए गए हैं।

### गर्भगृह के बाहर से होगा जलाभिषेक

श्रद्धालुओं की सुविधा एवं भीड़ नियंत्रण को देखते हुए इस बार पौराणिक भोलेनाथ मंदिर में गर्भगृह के बाहर से जलाभिषेक की व्यवस्था की गई है। इसके लिए विशेष जल प्रवाह नलिका तैयार कर स्थापित की गई है, जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं का अर्पित जल सीधे शिवलिंग तक पहुंचेगा। प्रशासन का कहना है कि इससे गर्भगृह में भीड़ का दबाव कम होगा तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम ढंग से जलाभिषेक का अवसर मिलेगा।

### यह रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन प्लान

सावन मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रविवार, सोमवार, मंगलवार, नाग पंचमी तथा बाबा भूतनाथ मेले के दिन विशेष ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। डायवर्जन व्यवस्था के तहत लखीमपुर की ओर से शाहजहांपुर, खुटार एवं मोहम्मदी जाने वाले वाहन रिलायंस पेट्रोल पंप से मोहम्मदी बाईपास होकर अपने गंतव्य को जाएंगे। शाहजहांपुर एवं मोहम्मदी की ओर से आने वाले वाहन मोहम्मदी बाईपास चैराहे से रिलायंस पेट्रोल पंप होते हुए लखीमपुर की ओर भेजे जाएंगे, जबकि खुटार की ओर जाने वाले वाहन मोहम्मदी बाईपास मार्ग से संचालित होंगे। खुटार से लखीमपुर एवं मोहम्मदी की ओर आने वाले वाहन भी मोहम्मदी बाईपास और रिलायंस पेट्रोल पंप मार्ग से गुजरेंगे। अलीगंज से गोला आने वाले वाहनों को नवीन मंडी स्थित एफसीआई गोदाम तिराहे से भूतनाथ रोड होते हुए लखीमपुर मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। अन्य दिनों में यातायात सामान्य रूप से संचालित रहेगा।

### यहां होंगे वाहनों के पार्किंग स्थल

सावन मेले के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए प्रशासन ने अलग-अलग स्थान निर्धारित किए हैं। लखीमपुर की ओर से आने वाले वाहनों को पशु बाजार स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पार्क कराया जाएगा। अलीगंज की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मंडी समिति परिसर तथा मिल ट्रक यार्ड को पार्किंग स्थल बनाया गया है। आवश्यकता पड़ने पर खुटार मार्ग स्थित न्यू बादल सिटी में भी वाहनों की पार्किंग कराई जाए।

### तड़के दो बजे खुलेंगे मंदिर के कपाट

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पौराणिक भोलेनाथ मंदिर के कपाट तड़के करीब दो बजे खोल दिए जाएंगे। एसडीएम युगान्तर त्रिपाठी ने बताया कि सदर चैराहा, सिनेमा चैराहा एवं स्टेशन रोड स्थित प्रमुख प्रवेश द्वारों से श्रद्धालुओं को चरणबद्ध तरीके से मंदिर की ओर भेजा जाएगा, जिससे भीड़ नियंत्रित रहेगी। कपाट बंद होने के बाद पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कृषक समाज इंटर कॉलेज, पब्लिक इंटर कॉलेज तथा सीजीएन पीजी कॉलेज में रोका जाएगा। कपाट खुलने पर उन्हें क्रमवार जलाभिषेक एवं दर्शन के लिए मंदिर भेजा जाएगा।

## मोहाना का जलस्तर बढ़ा ग्रामीणों की चिंता बढ़ी

तिकुनियां-खीरी। बार्डर पर बह रही मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों को बाढ़ का भय सताने लगा है। सिंचाई विभाग द्वारा नदी को रोकने के लिए करोड़ों की योजनाएं विफल ही सावित हुई है। एक दशक से अधिक समय से सीमा पर विनाशलीला मचाती आ रही मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ने से जसनगर के बाशिंदों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। बंधे के उत्तर बसे गांव के संतोष, गोवर्धन, शिव भगवान, राजकुमार, जीवन,रामवृक्ष सहित दर्जनों घरों पर बाढ़ का खतरा मड़रा रहा है। गांव निवासी श्रीकिसन मौर्य, राजीव खत्री,उमराव और रामशरन ने बताया कि नदी की विनाशलीला को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि बंधा और रेलवे ट्रैक को भी खतरा हो सकता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नेपाल की नदियां सीधे मोहाना में आकर मिलती है जिसके चलते मोहाना भारतीय सीमा में जमकर उत्पात मचाती आ रही है और इसे रोकने के किए गए अभी तक सभी प्रयास सफल नही हुए हैं। मोहाना नदी की विनाशलीला के चलते करीब 14 वर्ष पहले तिकुनियां गांव, सूरतनगर, उमेश नगर, रामनगर संकल्पा, अनूपनगर सहित कई मजरे नदी की कटान के भेंट चढ़ गए थे।

## क्षत्रिय समाज की बैठक में संगठन की मजबूती और शिक्षा पर दिया गया जोर

सीतापुर। हरगांव विकास खंड की ग्राम पंचायत रायपुर लगैचा में रविवार को क्षत्रिय समाज की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक अशोक सिंह के आवास पर राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में वक्ताओं ने समाज में आपसी एकता, भाईचारा और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति के लिए सभी लोगों को मिलकर कार्य करना होगा तथा युवाओं को सामाजिक गतिविधियों और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक परिवार से बच्चों की बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने, समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा नई पीढ़ी को संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने समय-समय पर इस तरह की बैठकों के आयोजन पर सहमति जताई, ताकि समाज के हितों से जुड़े विषयों पर सामूहिक रूप से निर्णय लिए जा सकें। इस अवसर पर समर बहादुर सिंह, अंकित सिंह, विद्यार्थ सिंह, प्रदीप सिंह, कृपाल सिंह, विजय सिंह, प्रमोद सिंह, सोनू सिंह, अनिल सिंह, विश्वनाथ सिंह, अशोक सिंह, सुर्जपाल सिंह, रमन सिंह, आशुतोष सिंह, हर्ष सिंह, हुकुम सिंह, जयपाल सिंह, संदीप सिंह, राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## लाखों की लागत से बने खेल मैदान ने भ्रष्टाचार की खोली पोल

जिला संवाददाता(vol)



पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक पसगवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुल्लापुर में करीब एक वर्ष पूर्व लाखों रुपए की लागत से बना खेल मैदान बदहाली के आंसू रो रहा है,इस खेल मैदान की बाउंड्री वॉल में खटिया निर्माण सामग्री लगी होने के कारण खुद ब खुद ढह गई,जिसने काम में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दी है,वहीं अब यह खेल मैदान समतल एवं घासयुक्त होने की बजाय बड़ी बड़ी झाड़ियों में तब्दील हो चुका है,यह बच्चे खेलने नहीं बल्कि जानवर घास खाने आते आते है।

यह के ग्रामीणों आरोप है कि इस मैदान में बच्चों के खेलन के लिए अच्छा मैदान के साथ साथ बॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, और खो खो के लिए निश्चित कोर्ट, क्रिकेट के लिए पिच,बच्चों के दौड़ने के लिए एक ट्रैक,शौचालय और पेयजल के साथ साथ खिलाड़ियों के बैठने के लिए उचित जगह की व्यवस्था होनी चाहिए थी। लेकिन जब से यह खेल मैदान बना है,तब से यह पर ऐसी कोई सुविधाएं नहीं है,बल्कि इस खेल मैदान की लाखों रुपयों की लागत से बनी बाउंड्री बॉल अपने आप ही ढह गई,साथ ही इसमें बड़ी बड़ी झाड़िया होने और उनमें कीड़े मकोड़े पनपने की आशंका के कारण यह के लोग अपने बच्चों को खेल मैदान में जाने से मना करते है,जिसपर जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी भी बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रह है।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी पसगवां पसगवां से जानना चाहा तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

## कांवड़ यात्रियों की सहायता के लिए शहीद भगत सिंह सेवा संस्थान का शुभारंभ



पिपरिया धानी, खीरी। वीओएल। कांवड़ यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेहरिया क्षेत्र के दिस्तापुर में रविवार को शहीद भगत सिंह सेवा संस्थान के कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मोहम्मदी राजेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह एवं चौकी प्रभारी पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में एंबुलेंस एवं सेवा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। संस्थान के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का बैज, माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। उपजिलाधिकारी राजेश प्रताप सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि श्रावण मास के दौरान यदि कांवड़ यात्रियों अथवा आमजन को किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो प्रशासन एवं पुलिस हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में संस्थान की पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित का सराहनीय प्रयास बताया। संस्थान के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य सावन मेले के दौरान आने-जाने वाले कांवड़ियों, श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम संचालन अब्बास नकवी ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान सुदेश कुमार, सचिव रामकुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह, अजय कुमार, समाजसेवी शिवम राठौर, आरिफ गाजी, हरदीप सिंह, हरिनाम सिंह, जसपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, राजपाल सिंह, नवनीत कुमार, धनपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## कनेक्शन नहीं, फिर भी 46 हजार का बिजली बिल, पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं बच्चे



सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत कल्ली स्थित प्राथमिक विद्यालय में बिजली विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। विद्यालय ने वर्ष 2022-23 में बिजली कनेक्शन के लिए निर्धारित शुल्क जमा कर दिया, लेकिन तीन साल बाद भी न तो कनेक्शन मिला और न ही स्कूल में बिजली पहुंची। हैरानी की बात यह है कि जिस विद्यालय में आज तक एक बल्ब तक नहीं जला, उसी के नाम जुलाई 2026 तक 46,292.92 रुपये का बिजली बिल भेज दिया गया। प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय ने 13 दिसंबर 2022 को झटपट पोर्टल पर आवेदन किया था। इसके बाद 25 दिसंबर 2022 को 59 रुपये और 25 जनवरी 2023 को 6,498.06 रुपये का भुगतान भी कर दिया गया। इसके बावजूद विभाग ने आज तक न तो बिजली का कनेक्शन जोड़ा और न ही परिसर में विद्युत लाइन बिछाई। बिजली न होने से भीषण गर्मी में बच्चे कमरों के बजाय पेड़ की छांव में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विद्यालय में पंखे, लाइट और अन्य जरूरी सुविधाएं शोपीस बनकर रह गई हैं। प्रधानाध्यापक का कहना है कि उन्होंने कई बार लहरपुर विद्युत उपकेंद्र पर लिखित शिकायत दी, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। विद्यालय के शिक्षक और छात्र अब जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन दिए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि बिना बिजली के पढ़ाई का माहौल प्रभावित हो रहा है और डिजिटल शिक्षा जैसी योजनाएं भी दम तोड़ रही हैं।

### बिजली विभाग सवालों के घेरे में

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विद्यालय में आज तक बिजली का कनेक्शन नहीं जोड़ा गया, परिसर में वायरिंग तक नहीं हुई और एक यूनिट बिजली की खपत नहीं हुई, तो आखिर 46,292.92 रुपये का बिल किस आधार पर जारी किया गया? ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह विभागीय लापरवाही है तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उधर लहरपुर विद्युत उपकेंद्र के टेक्नीशियन जुम्मन खां ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर विद्यालय का बिजली कनेक्शन शीघ्र कराने का प्रयास किया जाएगा।

## छात्रों और युवाओं के हर संघर्ष में उनके साथ खड़ी है कांग्रेस : राकेश राठौर



सीतापुर। शहर के उत्सव गेस्ट हाउस में रविवार को कांग्रेस की ओर से राहुल की बात-छात्रों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई तथा शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग संबंधी प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रत्नम राठौर ने कहा कि छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों पर लाठीचार्ज, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ कथित अभद्रता लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत हैं।

मुख्य वक्ता एवं सीतापुर सांसद राकेश राठौर ने कहा कि कांग्रेस छात्रों और युवाओं के हर संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियां युवाओं के भविष्य में बाधा बन रही हैं। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। अरूणेश यादव ने कहा कि छात्रों और युवाओं के मुद्दों पर आंदोलन जारी रहेगा। सुनीता चैधरी ने छात्र हितों की रक्षा के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई, जबकि नेहा गौतम ने लखीमपुर में भी छात्रों और युवाओं का सम्मेलन आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह एवं जिलाध्यक्ष (दलित प्रकोष्ठ) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे का प्रस्ताव सम्मेलन में रखा, जिसे उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बृजबिहारी ने किया। इस अवसर पर सुनीला रावत, हसीना खातून, राजेश पाल, डॉ. आर.पी. वर्मा, रोशनी गुप्त, रंजीत राठौर, अनुपम राठौर, शशांक राठौर, रवींद्र राठौर, जयविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 10 अगस्त तक सुबह 4 घंटे नहीं मिलेगी बिजली

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी शहर में 2 से 10 अगस्त तक रोजाना 4 घंटे बिजली बंद रहेगी। लखीमपुर में सड़क चौड़ीकरण परियोजना के चलते विद्युत विभाग ने 2 अगस्त से 10 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 10 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखने का शटडाउन प्रस्तावित किया है। क्यों रहेगी बिजली बंद? विद्युत विभाग के अनुसार एलआरपी रोड से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस सन्दर्भ अवर अभियंता विधुत ने बताया कि इस दौरान मार्ग में आ रही बिजली की लाइनों और पोलों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। इसी कार्य को पूरा करने के लिए प्रतिदिन चार घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 10:00 बजे तक ।किन क्षेत्रों की बिजली रहेगी प्रभावित? शटडाउन का असर निम्न उपकेंद्रों से जुड़े क्षेत्रों में रहेगा। विद्युत वितरण उपखंड गढ़ी के अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्र गढ़ी रोड। विद्युत वितरण उपखंड छाउछ के अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्र छाउछ। 33/11 केवी उपकेंद्र छाउछ नवीन से जुड़े सभी क्षेत्र। उपभोक्ताओं के लिए सलाह विद्युत विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिजली कटौती के निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए पानी की मोटर चलाने, मोबाइल व इनवर्टर चार्ज करने तथा अन्य आवश्यक बिजली संबंधी कार्य पहले ही पूरा कर लें।

## गोला-लखीमपुर को नहीं मिला परीक्षा स्पेशल ट्रेन का ठहराव, अभ्यर्थियों में नाराजगी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की ग्रुप-डी (लेवल-1) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने 2 अगस्त से 25 अगस्त तक कुल 16 फेरों में 05185/05186 मऊ-बरेली-मऊ अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। लेकिन इस ट्रेन का ठहराव लखीमपुर और छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ रेलवे स्टेशन पर नहीं दिए जाने से जिले के हजारों अभ्यर्थियों और आम यात्रियों में नाराजगी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि जिले के दो प्रमुख रेलवे स्टेशनों की अनदेखी से उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी और आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा। रेलवे प्रशासन द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार परीक्षा स्पेशल ट्रेन मऊ से सुबह 11.45 बजे प्रस्थान कर आजमगढ़, शाहगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, बादशाहनगर, डालीगंज, सीतापुर, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत, भोजीपुरा, इज्जतनगर और बरेली सिटी होते हुए अगले दिन सुबह 6.10 बजे बरेली पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन बरेली से दोपहर 3.25 बजे रवाना होकर बरेली सिटी, इज्जतनगर, भोजीपुरा, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, सीतापुर, डालीगंज, बादशाहनगर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, शाहगंज और आजमगढ़ होते हुए अगले दिन सुबह 8.20 बजे मऊ पहुंचेगी ।हालांकि ट्रेन का ठहराव बादशाहनगर, डालीगंज, सीतापुर, मैलानी, पूरनपुर और पीलीभीत सहित कई स्टेशनों पर दिया गया है, लेकिन लखीमपुर और गोला गोकर्णनाथ जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। इससे जिले के बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों को ट्रेन पकड़ने के लिए मैलानी अथवा सीतापुर तक जाना पड़ेगा। अभ्यर्थियों का कहना है कि लखीमपुर-खीरी जिले से प्रत्येक वर्ष हजारों युवा रेलवे सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं। ऐसे में परीक्षा स्पेशल ट्रेन का गोला गोकर्णनाथ और लखीमपुर स्टेशन पर ठहराव न होना छात्रों के हितों के विपरीत है। उनका कहना है कि यदि इन दोनों स्टेशनों पर दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव भी दे दिया जाए तो जिले के हजारों परीक्षार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्र के अभ्यर्थियों, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों ने रेल प्रशासन, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल तथा जनप्रतिनिधियों से परीक्षा अवधि के दौरान गोला गोकर्णनाथ एवं लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर परीक्षा स्पेशल ट्रेन का अस्थायी ठहराव दिए जाने की मांग की है।

## कमलापुर में बदलेगी कई बच्चों की तकदीर अरिंजय चौधरी ने बढ़ाया मदद का हाथ



सीतापुर। समाज सेवा केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि संवेदनशील सोच और लोगों के जीवन में बदलाव लाने की इच्छा से आगे बढ़ती है। इसी सोच को मजबूती देने के लिए श्रद्ध चौधरी फाउंडेशन के चेयरमैन अरिंजय चौधरी कमलापुर पहुंचे, जहां उन्होंने सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में सक्रिय आरूषी तिवारी से मुलाकात कर उनके कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।

मुलाकात के दौरान आरूषी तिवारी ने मलिन बस्तियों के बच्चों की शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। अरिंजय चौधरी ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले ऐसे कार्यों को हर स्तर पर सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि फाउंडेशन भविष्य में भी इन अभियानों के साथ खड़ा रहेगा और हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। इसके बाद अरिंजय चौधरी मलिन बस्ती के बच्चों से भी मिले। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उनकी पढ़ाई, सपनों और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने चैधरी भवन आने का निमंत्रण दिया तथा अपनी फिल्म सीटी, कॉलेज और प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण कराने का वादा किया, ताकि वे नए अवसरों और बेहतर भविष्य की संभावनाओं को करीब से देख सकें। आरूषी तिवारी ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों का सहयोग मिलने से जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षा, मार्गदर्शन और संसाधन अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाए जा सकते हैं। उन्होंने अरिंजय चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग समाज के वंचित बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। इस अवसर पर प्रमोद जायसवाल, डॉ. सुसांत विश्वास, सत्यदेव शुक्ला, अक्षत तिवारी, संजय चौधरी, शुभ तिवारी, सोमिल विश्वास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने और शिक्षा के माध्यम से उनका भविष्य संवारने के संकल्प को दोहराया गया।

## समरसेबल की केबलें काट ले गये चोर

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में खेतों से समरसेबल की कॉपर केबल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ने से किसानों में आक्रोश है। गोपालपुर पश्चिमी निवासी किसान नरेंद्र शुक्ला उर्फ भोला शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि एक अगस्त की रात खेत में सिंचाई के लिए समरसेबल चलाकर घर लौटे थे। रविवार सुबह खेत पहुंचे तो समरसेबल की पूरी कॉपर केबल कटी मिली और चोर फरार थे। इससे सिंचाई व्यवस्था ठप हो गई। किसानों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले छोटी कुसौली गांव में भी किसान उमेश के खेत से समर मोटर और केबल चोरी हो चुकी है। लगातार हो रही चोरियों से किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ फसल खराब होने की चिंता सताने लगी है। किसानों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोर गिरोह का जल्द खुलासा करने की मांग की है। थाना प्रभारी मान सिंह पाल ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गांवों की सुरक्षा में ग्राम सुरक्षा समितियां निभायें सक्रिय भूमिका

सीतापुर। थाना सकरन परिसर में रविवार को ग्राम सुरक्षा समितियों के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित कर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने की। बैठक में थानाध्यक्ष ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से गांवों की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और कहा कि अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में पुलिस के साथ-साथ ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने समिति के सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने गांवों में रात के समय टोली बनाकर नियमित पहरा दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर सतर्क निगाह रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि गांव में कोई बाहरी या संदिग्ध व्यक्ति आता है अथवा उसकी गतिविधियां संदेहास्पद प्रतीत होती हैं, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## मासूम का शव पुलिया के नीचे पानी में मिला

बेलरायां खीरी। रविवार सुबह खेलते समय लापता हुए दो वर्षीय मासूम का शव बेलरायां-कड़िया मार्ग पर बनी पुलिया के नीचे बारिश के पानी से बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, थाना सिंगाही क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर निवासी अंकित शर्मा का दो वर्षीय पुत्र शुभ शर्मा अपनी मां के साथ करीब चार दिन पहले कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के ग्राम भेड़ौरी स्थित अपने ननिहाल आया था। रविवार सुबह वह घर के बाहर खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया। काफी देर तक उसका कोई पता नहीं चलने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और बेलरायां पुलिस चौकी को भी सूचना दी। तलाशी के दौरान बेलरायां-कड़िया मार्ग पर बनी पुलिया के नीचे बारिश के पानी में मासूम का शव मिला। शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही तिकुनिया कोतवाली प्रभारी और सिंगाही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी।

संक्षेप

## दिनदहाड़े किसान की कुल्हाड़ी से काट कर हुई निर्मम हत्या

**सलोन, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े किसान की कुल्हाड़ी से काटकर की गई निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। रविवार को क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग हत्याओं से लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओजी और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।जानकारी के अनुसार, सोनबरसा गांव निवासी 50 वर्षीय शशिधर यादव पुत्र स्वर्गीय बुद्धीलाल रविवार दोपहर करीब दो बजे घर से निकले थे। वह सड़क पर स्थित दुकान पर पान खाने के बाद अपने खेत की ओर जा रहे थे।इसी दौरान करीब तीन बजे अज्ञात हमलावरों ने उन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।हमलावरों ने उनके गले पर कई वार किए और दाहिनी आंख पर भी प्रहार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। खून से लथपथ शव देखकर गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार, शशिधर यादव बेहद सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और गांव में उनकी किसी से कोई रंजिश भी नहीं थी।ऐसे में हत्या की वारदात से हर कोई स्तब्ध है।सूचना पर क्षेत्राधिकारी यदुवेंद्र पाल और कोतवाली प्रभारी संदीप कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर बाद एसओजी और फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मृतक की पत्नी ने लगाया गांव के लोगों पर हत्या का आरोप

**सलोन, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गणेशगंज बाईपास के किनारे झाड़ियों में युवक का शव मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक की पत्नी ने गांव के छः लोगों पर पति की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंकने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।रग्घूपुर गांव निवासी सुमन पत्नी शिवकेश उर्फ गुड्डन पासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति का शव गणेशगंज बाईपास के किनारे झाड़ियों में मिला था। आरोप है कि गांव के हरी पुत्र सुरजदीन जायसवाल, धर्मेंद्र पुत्र पन्ने, रमेश पुत्र हरीलाल, कल्लू पुत्र हरीलाल जायसवाल, संकलेश पुत्र गोपी तथा धर्मेश पुत्र गोपी आए दिन उसके पति को जान से मारने की धमकी देते थे और कहते थे कि तुम्हारी लाश ही मिलेगी। प्रार्थिनी का आरोप है कि सभी आरोपितों ने एकराय होकर उसके पति की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंक दिया। तहरीर के अनुसार, एक अगस्त की सुबह करीब नौ बजे शिवकेश उर्फ गुड्डन पासी घर से दिहाड़ी मजदूरी के लिए निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। रात करीब आठ बजे पत्नी ने कई बार उनके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बार-बार काट दिया गया। बाद में उनका शव बरामद हुआ। पीड़िता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चढ़ावा चोरी पर भाजपाइयों, विहिप व संघ की आवाज नहीं निकलती

### सांसद के पुतला दहन की घटना को दलित समाज का बताया अपमान



**अयोध्या।** सपा के पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहाकि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के मंदिर में चढ़ावे की चोरी होती है, तब संघ, विहिप और भाजपा के लोगों के मुँह से आवाज तक नहीं निकलती। जबभाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने हनुमान जी, बजरंगबली को भाजपा का झंडा पकड़ाकर नचाया जाता है, तब आपकी भावना और सम्मान को ठेस नहीं पहुँचती। संघ, विहिप और भाजपा के लोगों को कोई तकलीफ नहीं होती। जब राम मंदिर पर सवाल उठाने पर भाजपा प्रवक्ता द्वारा भगवा वस्त्रधारी पुजारी को पीटा जाता है, तब संघ, विहिप और भाजपा का सम्मान नहीं जागता। लेकिन जब दलित बिरादरी के सांसद राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी का मुद्दा उठाते हैं और संघ, विहिप व भाजपा की पोल खोलते हैं, तब भाजपा, संघ, विहिप और भाजपा के लोगों को बहुत बुरा लगता है। शाने अवध सभागार में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय ने कहा कि सांसद पप्पू यादव ने भगवा वस्त्र राम मंदिर के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी के संदर्भ में पहने थे। पप्पू यादव से गलती हुई क्योंकि प्रदर्शन के दौरान भगवान राम का चित्र जमीन पर गिर गया था। पवन पांडे ने कहा कि इस गलती के लिए उन्होंने अयोध्या की जनता से माफी मांगी और पप्पू यादव को भी माफी मांगनी चाहिए। वहीं शनिवार को रामनगरी अयोध्या में संतों के प्रदर्शन के दौरान फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद के पोस्टर पर कालिख पोतने और जूते मारने की घटना की उन्होंने कड़ी निंदा की। पवन पांडे ने इसे फैजाबाद-अयोध्या की 18 लाख जनता और देश की 140 करोड़ जनता का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह संघ, विहिप और भाजपा के लोगों द्वारा अवधेश प्रसाद का पुतला फूंककर तथा उनके चित्र के साथ दुर्व्यवहार कर उन्हें अपमानित किया गया, वह केवल उनका ही नहीं, बल्कि पूरे पीडीए समाज और दलित समाज का अपमान है।पूरी सपा इसकी घोर निंदा करती है उन्होंने कहा कि पूरी भाजपा दलित समाज के सांसद को बर्दास्त नहीं कर पा रही है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण, महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, राकेश यादव, राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता सभा शावेज जाफरी एडवोकेट , जिला उपाध्यक्ष ओरौनी आदि लोग मौजूद थे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उमराई यादव ने 12 वर्ष की उम्र में थामा था तिरंगा

**रायबरेली।** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी श्रीमती उमराई यादव की 55वीं पुण्य तिथि शहीद स्मारक मुंशीगंज, रायबरेली में संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश चन्द्र यादव ने कहा कि उमराई यादव ने 12 वर्ष की आयु में तिरंगा थामा था। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बगावत कर वानर सेना में शामिल होकर सत्याग्रह कर जेल यात्रा प्रारम्भ की थी। महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि उमराई यादव की सास श्रीमती इंदिरा यादव, ससुर सद्धू प्रसाद यादव, 9 वर्षीय पति बद्री प्रसाद यादव 6 जनवरी 1921 को किसान आन्दोलन में शामिल होने से रोकने के लिए फर्जी मुकदमें लिखकर जगतपुर पुलिस द्वारा गिरिफ्तार कर जेल भेजे गये थे। उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि उमराई यादव के पिता महावीर यादव 7 जनवरी 1921 को किसान आन्दोलन के मुंशीगंज गोलीकांड में घायल हुए थे। उनसे मिलने पंडित जवाहर लाल नेहरू मिलने जेल गये थे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि उमराई यादव की स्मृतियों को अक्षुण बनाये रखने के लिए आर.डी.ए. से अमर शहीद राना बेनी माधव सिंह चौक तक के मार्ग को तत्कालीन नगर पालिका परिषद के चेयरमैन हाजी मो0 इलियास ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी उमराई यादव मार्ग घोषित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि उमराई यादव व सेनानी परिजनों ने देश को स्वतन्त्रता के बाद मिलने वाले किसी भी लाभ व पेंशन लेने से मना कर दिया। समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि उमराई यादव के नाम पर उनके पैतृक गांव में इण्टरमीडिएट कालेज चलता है, जहाँ गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उमराई यादव से प्रेरणा पाकर उनके पुत्र ओपी यादव पूर्व अध्यक्ष सेन्ट्रल बार एसोसिएशन ने 10 वर्ष की आयु से आन्दोलन शुरू किए और समाजवादी विचारधारा से जुड़कर अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने में 82 बाल जेल गये। अखिलेश माही एडवोकेट ने कहा कि उमराई यादव के बड़े पुत्र रामनरेश यादव जू.हा. स्कूल के प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए और वह जू.हा. स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष रहे। दूसरे पुत्र राम बहादुर यादव आईटीआई में इंजीनियर थे और कर्मचारी संघ के सचिव रहे।

● शहीद स्मारक में संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी 55वीं पुण्य तिथि

## मंशाराम अध्यक्ष तो अनिल वर्मा चुने गये महामंत्री



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कुर्मी विकास परिषद की प्रबंध समिति के निर्वाचन के लिए रविवार को गोमती हॉस्पिटल पैरामेडिकल संस्थान में बैठक आयोजित हुई। चुनाव प्रभारी पूर्व अपर जज राम शंकर वर्मा, के.के. वर्मा, सुरेंद्र वर्मा और विजय पटेल की देखरेख में नामांकन, जांच, मतदान और मतगणना की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अध्यक्ष पद पर मंशाराम वर्मा और ओम प्रकाश वर्मा, जबकि महामंत्री पद पर अनिल वर्मा और चन्द्रिका वर्मा मैदान में थे। कुल 85 मत पड़े, जिनमें एक मत अवैध घोषित हुआ। मंशाराम वर्मा ने 43 मत प्राप्त कर ओम प्रकाश वर्मा को दो मतों से पराजित किया। वहीं महामंत्री पद पर अनिल वर्मा ने 45 मत हासिल कर चन्द्रिका वर्मा को छह मतों से शिकस्त दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आर.ए. वर्मा ने संगठन की एकता और समाज के विकास पर जोर दिया। डॉ. एस.एम. वर्मा और एडवोकेट उदयराज वर्मा ने भी समाज को संगठित करने तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपील की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंशाराम वर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के लिए भवन निर्माण की घोषणा की। बैठक में समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## गोमती मित्र मंडल के जनसेवा अभियान को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**सुलतानपुर (वीओएल)।** गोमती नदी के संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक सेवा के लिए लगातार कार्य कर रहे गोमती मित्र मंडल को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में स्वर संसार वेलफेयर एवं कल्चरल सोसायटी तथा सोशल ट्रांसफॉर्मेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में मंडल को ह्यमहाकुंभ अमृत सम्मान-2025ह्व से सम्मानित किया गया। गोमती मित्र मंडल की ओर से संस्थापक सदस्य अजय प्रताप सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया। सम्मान मिलने के बाद रविवार को साप्ताहिक श्रमदान के दौरान सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण के अपने संकल्प को दोहराया। सुबह छह बजे से नौ बजे तक गोमती तट, परिसर, श्राद्ध स्थल और सीता उपवन की साफ-सफाई की गई तथा सायंकाल होने वाली मां गोमती की आरती की तैयारियां भी पूरी की गईं। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ह्यमदनह्व, प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, संत कुमार प्रधान, दिनकर सिंह, राकेश सिंह ह्यदद्दूह्व सहित बड़ी संख्या में गोमती मित्रों ने भाग लिया। यह सम्मान पूरे सुलतानपुर के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।

## 2.278 किलो गांजा के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में लम्भुआ पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने छंगी मोड़, पांडेपुर के पास चेकिंग के दौरान दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 278 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान प्रखर सोनी ( 20 ) और उसके पिता संतोष सोनी ( 44 ) निवासी शाहपुर हरिवंश, थाना लम्भुआ के रूप में हुई है। पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान दोनों संदिग्ध पुलिस के हत्थे चढ़ गए। तलाशी लेने पर काली पन्नी में 1.136 किलो और सफेद पन्नी में 1.142 किलो गांजा मिला। बरामदगी के आधार पर थाना लम्भुआ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद दोनों आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, अनिल कुमार यादव सहित पुलिस टीम शामिल रही।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत दहेज के लिए हत्या का लगा आरोप

**महराजगंज, रायबरेली।** दहेज के चंद रुपयों और सामान की लालच ने एक बार फिर एक हंसती-खेलती बेटी की जिंदगी छीन ली। कोतवाली क्षेत्र के मकरंदपुर जमुरावा गांव में तीन साल पहले ब्याह कर आई एक २१ वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष का आरोप है कि दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर पति, ससुर और ननदों ने मिलकर उनकी बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पूरे देवरी ओया थाना चंदापुर के रहने वाले संत प्रसाद यादव ने अपनी भतीजी की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार मकरंदपुर निवासी राम बहादुर यादव के पुत्र रामदीन के साथ तय की थी। शादी के समय परिवार ने अपनी हैसियत और सामर्थ्य के मुताबिक दान-दहेज देकर बेटी को विदा किया था। लेकिन ससुराल पक्ष के लालच का पेट इतने से नहीं भरा। मृतका के चाचा संत प्रसाद यादव ने पुलिस को दी तहरीर में रोते हुए बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज का ताना देने लगे थे। ससुर रामदेव, पति रामदीन और दोनों ननदें मिलकर लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और इसके लिए विवाहिता को शारीरिक व मानसिक रूप से बुरी तरह प्रताड़ित किया जाता था। रविवार को इन लोगों के लालच ने सारी हदें पार कर दीं। आरोप है कि मांग पूरी न होने की खुन्नस में इन चारों ने मिलकर २१ वर्षीय विवाहिता को मौत के घाट उतार दिया।

**सूचना पर पहुंचे परिजनों के उड़े होश :** घटना की भनक लगते ही जब लड़की के मायके वाले आनन-फानन में पहुंचे, तो वहां का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर के भीतर उनकी लाडली का शव पड़ा हुआ था। मायके पक्ष ने तुरंत इस खौफनाक वारदात की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि ₹मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर पति, ससुर और ननदों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय बाल यूरोडायनेमिक्स कार्यशाला आयोजित

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायबरेली के बाल शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा बाल मूत्रविज्ञान एवं वीडियो यूरोडायनेमिक्स विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर की हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य देशभर के बाल शल्य चिकित्सकों, यूरोलॉजिस्ट, रेजिडेंट चिकित्सकों एवं चिकित्सा विद्यार्थियों को बच्चों में मूत्र संबंधी जटिल रोगों के आधुनिक निदान एवं उपचार संबंधी नवीनतम तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस कार्यशाला में देशभर से व्यापक सहभागिता देखने को मिली। लगभग 200 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें लगभग 50 प्रतिशत प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से देश के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों से जुड़े। प्रतिभागी ऐम्स भुवनेश्वर, ऐम्स जम्मू, ऐम्स ऋषिकेश, ऐम्स नागपुर, ऐम्स मंगलगिरि, ऐम्स बिलासपुर सहित चंडीगढ़, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, पटना, रांची तथा अन्य अनेक शहरों से इस कार्यशाला में सम्मिलित हुए। फरवरी 2026 में संस्थान में स्थापित अत्याधुनिक वीडियो यूरोडायनेमिक्स प्रयोगशाला देश के चुनिंदा अग्रणी संस्थानों में उपलब्ध है। ऐम्स रायबरेली इस अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित संस्थानों की श्रेणी में शामिल होकर पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्रों के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सुपर-स्पेशियलिटी केंद्र के रूप में उभरा है।

कार्यशाला का मुख्य आकर्षण मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली के प्रो. सुजॉय नियोगी द्वारा वीडियो यूरोडायनेमिक्स का लाइव हैंड्स-ऑन प्रदर्शन रहा। उन्होंने प्रतिभागियों को मशीन की कार्यप्रणाली, जांच की तकनीक, रिपोर्ट की व्याख्या तथा विभिन्न जटिल नैदानिक परिस्थितियों में इसके उपयोग का विस्तृत व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला का देशभर में ऑनलाइन सीधा प्रसारण भी किया गया, जिससे विभिन्न राज्यों के विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षणरत चिकित्सक इससे लाभान्वित हुए। लाइव डेमोंस्ट्रेशन के दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अमिता जैन, कार्यकारी निदेशक ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अत्याधुनिक तकनीकों को चिकित्सा शिक्षा एवं रोगी सेवा से जोड़ना समय की आवश्यकता है तथा ऐम्स रायबरेली इस दिशा में निरंतर नए मानक स्थापित कर रहा है। उन्होंने बाल मूत्रविज्ञान जैसी सुपर-स्पेशियलिटी सेवाओं के विकास के लिए बाल शल्य चिकित्सा विभाग के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. एस. एन. कुरील ने बाल मूत्रविज्ञान के क्षेत्र में वीडियो यूरोडायनेमिक्स की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह जांच बच्चों में जटिल मूत्र विकारों के सटीक निदान का स्वर्ण मानक बनती जा रही है। प्रो. दिवाकर दलेला ने आधुनिक यूरोलॉजी में वीडियो यूरोडायनेमिक्स की भूमिका, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए।

● अत्याधुनिक वीडियो यूरोडायनेमिक्स मशीन से बच्चों में मूत्र संबंधी रोगों के सटीक निदान और किडनी की सुरक्षा को मिलेगा नया आयाम

## सरयू तट पर अतिक्रमण हटाने वाली टीम के दौड़ाने से पानी का ठेला लगाने वाले की मौत

**अयोध्या।** अतिक्रमण हटाने वाली टीम के दौड़ाने से भाग कर गिरने से घायल ठेला लगाने वाले बिहार निवासी दीपक कुमार सिंह की मौत हो गई। समाजसेवी रितेश दास व स्थानीय नागरिकों ने मृतक के घर उसका शव एम्बुलेंस में रखवा कर भेजवा दिया है। मृतक दीपक कुमार सिंह बिहार का रहने वाला था। वह यहां काफी दिनों से सरयू नदी के तट पर पानी का ठेला लगाकर अपनी रोजी रोटी चला रहा था। वह अपनी पत्नी, तीन बेटियों व एक पुत्र के साथ अयोध्या में किराए पर रह रहा था। मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया है कि 01 अगस्त को अतिक्रमण हटाने वाली टीम सरयू तट पर आईं थीं जिसने ठेला लगाने वालों को खदेड़ा। डर के मारे ठेला लेकर भागते समय मेरे पति गिर जाने से घायल हो गए जिन्हें श्रीराम चिकित्सालय ले जाया लेकिन वे बच नहीं सके। इस सम्बन्ध में फोटो ग्राफ्स व वीडियो वायरल हो रहें हैं। अभी तक पुलिस प्रशासन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मृतक की पत्नी व उसके छोटे छोटे बच्चों को स्थानीय लोगों के सहयोग से एम्बुलेंस में बिठा कर उसके घर बिहार भेज दिया है। मृतक के परिवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग दिया जाना चाहिए जिससे बच्चों का भरण पोषण हो सके साथ ही इसके दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए। अतिक्रमण हटाने के पूर्व ध्वनि विस्तारक यंत्रों से लोगों को सूचित किया जाना चाहिए।ठेला लगाकर सामान बिक्री करने वालों के खड़े होने के लिए नगर निगम अयोध्या द्वारा बेंन्डिंग जोन निर्धारित किया जाना चाहिए।

## 2 सितंबर को होगी संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

**रायबरेली।** संस्कृत प्रतिभा खोज 2026 की प्रतियोगिता संस्कृत भाषा के उन्नयन और विकास के लिए आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के लिए विद्यालयों द्वारा पंजीकरण 15 अगस्त तक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा आयोजित की जा प्रतियोगिता 2 सितंबर 2026 को राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली के सभागार में आयोजित होगी जिसमें जनपद के सभी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय और महाविद्यालय माध्यमिक व अन्य बोर्ड के छात्र सम्मिलित होंगे। यह जानकारी जिला संयोजक संस्कृत प्रतिभा खोज डॉ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने दी है।

## भाजपा समर्थकों के कांग्रेस नेताओं के चित्र जलाने की घटना लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला

**अयोध्या।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम तथा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से भाजपा समर्थकों द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध लगाए गए कथित निराधार आरोपों तथा उनके चित्र जलाए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब अयोध्या में चढ़ावे की चोरी की घटना सामने आई, जिससे पूरे विश्व में अयोध्या की छवि धूमिल हुई, तब भाजपा और स्वयंभू सनातन धर्म के ठेकेदार मौन रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के रोड शो में भगवान हनुमान का अभिनय कर रहे कलाकारों का प्रदर्शन कराया गया तथा हनुमान जी की छवि का विभिन्न आयोजनों में अनुचित ढंग से उपयोग किया गया, तब भी इन लोगों ने सनातन धर्म के सम्मान की बात नहीं की। उन्होंने कहा कि आज एक नाट्य मंचन को आधार बनाकर अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। यदि वास्तव में ये लोग सनातन धर्म के प्रति आस्था रखते हैं, तो उन्हें चढ़ावे की चोरी और धार्मिक प्रतीकों के कथित दुरुपयोग जैसे मुद्दों पर भी समान रूप से आवाज उठानी चाहिए थी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता रखने वाले लोगों को प्रभु श्रीराम और हनुमान जी सद्बुद्धि प्रदान करें। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन के रवैये पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब विपक्षी दल किसी प्रकार का प्रदर्शन करते हैं, तो प्रशासन तत्काल सक्रिय होकर रोक-टोक करता है। किंतु आज भाजपा समर्थकों द्वारा विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं के चित्र जलाए गए और प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। उन्होंने इसे प्रशासन का दोहरा मापदंड बताते हुए इसकी निंदा की और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राजनीतिक विरोध के नाम पर इस प्रकार की उकसाऊ और अशोभनीय गतिविधियां लोकतांत्रिक मयार्दाओं के विरुद्ध हैं।

## बाबा वैद्यनाथ धाम के लिए कांवड़ियों का जत्था हुआ रवाना



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** रविवार की शाम कूरेभार से बोल बम कांवड़िया संघ के सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था बाबा काशी विश्वनाथ धाम, वैद्यनाथ धाम और बाबा बासुकीनाथ के जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व कस्बे में एक धार्मिक आयोजन किया गया, जिसमें पूरा कस्बा शिव के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्टेशन मार्ग स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर से हुआ। यहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती परिवार की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। डीजे की धुन और भक्ति गीतों के बीच यह झांकी कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरी। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लेकर ह्यहर-हर महादेवह्व और ह्यबोल बमह्व के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान कलाकारों ने शिव तांडव की प्रस्तुति दी, जिसे देखने के लिए कस्बे के विभिन्न स्थानों पर भारी भीड़ उमड़ी। दर्शकों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा गया। कांवड़ यात्रा के अवसर पर कस्बे में जगह-जगह भक्तों के लिए लंगर और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कांवड़ियों के जत्थे के रवाना होने के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा। वहीं, शोभायात्रा और कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कूरेभार पुलिस टीम दल-बल के साथ मुस्तैद रही। पुलिसकर्मियों ने प्रमुख मार्गों पर निगरानी रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया।

## शत्रोहन को मिलेगा राना बेनी माधव बक्स सिंह शौर्य सम्मान तो विद्या बिंदु का होगा डॉ. शिव बहादुर साहित्य सम्मान

**रायबरेली।** अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह की 222 वी जयंती को साकार रूप देने के लिए रायबरेली क्लब में राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में निर्णय लिया गया की राना शौर्य सम्मान वीर चक्र से सम्मानित शत्रोहन को तो पद्मश्री व लेखिका डॉ विद्या बिंदु सिंह को डॉक्टर शिव बहादुर सिंह भदोरिया साहित्य सम्मान से नवाजा जाएगा। वहीं अवध क्षेत्र के राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों के परिजनों को समिति की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्वागत करने की रूपरेखा भी तय हुई है।रविवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को संपादित करने के लिए बनी समिति के अनुसार पद्मश्री डॉ विद्या बिंदु सिंह व डॉ महेश चंद्र दिवाकर को डॉक्टर शिव बहादुर सिंह भदोरिया साहित्य सम्मान से नवाजा जाएगा । वही स्वर्गीय दिलीप सिंह पत्रकारिता सम्मान पत्रकार प्रबल प्रताप सिंह को दिया जाएगा। राणा बेनी माधव बक्श सिंह शौर्य सम्मान के लिए सूबेदार मेजर शत्रुघ्न सिंह वीर चक्र व मेजर जनरल दिगेंद्र प्रताप सिंह को दिया जाएगा। अशोक तपस्वी व रोटरी सेवा समिति रायबरेली को वीरा पासी सामाजिक सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। समिति के संरक्षक अशोक सिंह ने बताया कि राना बेनी माधव बक्श सिंह सभागार का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अमर सेनानी की जयंती के पूर्ण होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर की तैयारी के बारे में डॉ मनीष चौहान ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर की तैयारी पूरी हो चुकी है आई एमए के साथ-साथ कई अन्य डॉक्टर बाहर से बुलाए गए हैं। इस बार पहले से बेहतर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शंकरपुर में कराया जाएगा।

# युवाओं की ऊर्जा से राष्ट्र निर्माण का संकल्प

● नशा मुक्त भारत अभियान




**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के स्वामी विवेकानंद सभागार में नशा मुक्ति युवा पर विकसित भारत अभियान कार्यक्रम का लाइव आयोजन किया गया। संवाद के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नशा मुक्त युवा, विकसित भारत अभियान की शुरूआत की। देशभर में आयोजित इस कार्यक्रम में 28 हजार से ज्यादा स्थानों से एक करोड़ से अधिक युवा जुड़े रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हम एक महान संकल्प के लिए एकजुट हुए हैं। सभी संतजन सभी राज्यपाल व सीएम और जनप्रतिनिधि, 1 करोड़ से ज्यादा युवा साथी, इस शुभ संकल्प के लिए कृत संकल्पित है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से माय भारत पर पंजीयन कर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत युवाओं का देश है, जिनके हाथों में पुस्तक और लैपटॉप होना चाहिए, न कि नशे की आदतें। उन्होंने इसे एक जन आंदोलन बताते हुए युवाओं से आगामी 100 रविवार तक इस अभियान को निरंतर चलाने का आह्वान किया। पीएम ने कहा कि काशी डिक्लेरेशन 2025 से प्रारंभ हुआ यह विचार आज राष्ट्रव्यापी अभियान का रूप ले चुका है। 28,000 से अधिक स्थानों से जुड़े एक करोड़ से अधिक युवा इस संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जब करोड़ों युवा एक साथ संकल्प लेते हैं, तो राष्ट्र को नशामुक्त और विकसित बनाने का मार्ग और भी सशक्त हो जाता है। विकसित भारत का लक्ष्य के साथ उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे से मुक्त समाज ही स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत की नींव है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत जैसे प्राचीन सांस्कृतिक समाज में नशे के लिए कभी कोई स्थान नहीं रहा। भारतीय संस्कृति ने सदैव नशे को सामाजिक बुराइयों की जड़ माना है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी उसी सांस्कृतिक चेतना और जीवन मूल्यों को पुनः अपनाएं तथा युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखकर राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ें, तो विकसित भारत-2047 का सपना निश्चित रूप से साकार होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करें।भारत युवाओं का देश है जो विश्व की तस्वीर बदल सकता है। हमारी 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यदि यह युवा शक्ति नशे से दूर रहकर संकल्पित हो जाए तो भारत को शीर्ष स्थान पर खड़ा किया जा सकता है।

## कमल सरोवर के कायाकल्प की मुहिम शुरू सेवार्थम फाउंडेशन ने किया श्रमदान

**लम्भुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** विधानसभा क्षेत्र के दुबौली स्थित ऐतिहासिक कमल सरोवर को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से रविवार को सेवार्थम फाउंडेशन ने स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान का पहला चरण शुरू किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी के नेतृत्व में कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर सरोवर परिसर की साफ-सफाई की तथा झाड़-झंखाड़ और कूड़ा-कचरा हटाकर क्षेत्र को व्यवस्थित किया। अभियान का शुभारंभ सरोवर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद इंटरलॉकिंग मार्ग के दोनों ओर उगी झाड़ियों की कटाई और परिसर की सफाई का कार्य किया गया। श्रमदान के बाद सरोवर का स्वरूप पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ और आकर्षक दिखाई दिया। डॉ. आशीष तिवारी ने कहा कि कमल सरोवर लम्भुआ की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है, जिसके संरक्षण की जिम्मेदारी समाज और प्रशासन दोनों की है। उन्होंने बताया कि आगामी चरणों में इंटरलॉकिंग मार्ग का विस्तार व मरम्मत, राम प्रतिमा तक मार्ग निर्माण, हाईमास्ट लाइट, सीसीटीवी कैमरे, बैठने की व्यवस्था और अन्य जनसुविधाओं के विकास का प्रयास किया जाएगा, ताकि यह स्थल पर्यटन और आस्था का प्रमुख केंद्र बन सके। अभियान की डीसी मनरेगा अजीत सिंह ने भी सराहना की। उन्होंने डॉ. आशीष तिवारी से दूरभाष पर वार्ता कर इस पहल की प्रशंसा की और कमल सरोवर के विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। फाउंडेशन ने क्षेत्रवासियों से भी इस अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की।

संक्षेप

## खानुआ नाले में डूबने से वृद्ध की मौत

**जौराबाजार, कुशीनगर।** चौरा खास थाना क्षेत्र के गांव कोइलसवा बुजुर्ग के बिन्न टोला में शनिवार सुबह 76 वर्षीय अमोली प्रसाद की खानुआ नाले में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह सुबह शौच के लिए नाले के किनारे गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में गिर गए।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।मृतक अपने पीछे चार पुत्र–रामज्ञान, बलिंदर, प्रमोद और अशोक–को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खानुआ नाले के किनारों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, चेतावनी बोर्ड लगाने तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

# डीएम ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जिला संवाददाता (vol)



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को कावड़ मार्ग का पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

डीएम ने बढ़ापुर तिराहा, रायपुर तिराहा आदि का निरीक्षण करने के बाद नजीबाबाद तक कावड़ मार्ग का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने डयूटी पर तैनात सभी कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान ग्राम हरबंशपुर धारम मोड पर बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए तथा ग्राम सत्तारवाला मोड पर मिट्टी भरान व सफाई कराने के लिए कहा। रायपुर तिराहा के पास अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर समस्त आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घास कटाई के कार्यों को ठीक प्रकार से कराने के लिए भी कहा। डीएम ने निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह पैचिंग कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें, इसमें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। डीएम ने निरीक्षण के दौरान ग्राम रावल्हेडी रेलवे फाटक के पास स्थित पुलिस सहायता केंद्र का भी निरीक्षण किया।

डीएम ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का संवेदीकरण करते हुए कहा कि कांवड़ियों का मार्ग सुगम बनाएं, कांवड़ियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन ठीक प्रकार से करें। डीएम जसजीत कौर ने बताया कि कावड यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कंट्रोल रूम खोले गए हैं, कांवड मार्गों पर सीसीटीवी कैमरें एंव मंदिरों में विभिन्न व्यवस्थाएं की गयी हैं।

इसके अतिरिक्त अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती सहित सुरक्षा व्यवस्था हेतु समुचित व्यवस्था की गयी है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप जिलाधिकारी नगीना सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बौद्ध धर्म गुरु भिक्षु धर्म कीर्ति का मना 30वां निर्वाण दिवस



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित भीम ज्योति बुद्ध बिहार के संस्थापक बौद्ध धर्म गुरु भिक्षु धर्म कीर्तिमहास्थविर का 30वां निर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बौद्ध भिक्षुओं द्वारा धम्म पाठ किया गया।रविवार को बुद्ध बिहार परिसर में बिहाराधिपति भन्ते विमल कीर्ति की देख-रेख में स्थानीय बौद्ध विहारों के भिक्षुओं व उपसकों ने तथागत बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष प्रार्थना किया और धम्म पाठ किया। भिक्षु विमल कीर्ति ने भिक्षु के जीवन के संस्मरणों को सुनाते हुए कहा कि बौद्ध धर्म की शिक्षाओं का पूज्य गुरुजी ने व्यापक प्रसार किया। उन्होंने बौद्ध संस्कार दर्शिका, बोधी सत्य चरिया, जय मंगल अट्ठ गाथा, अनुत्तर संग्राम विषय सहित कई पुस्तकें लिखी। कार्यक्रम के अंत मे भिक्षुओं को भोजन दान दिया गया। भिक्षु विनय कीर्ति ने आये हुए सभी भिक्षुओं और उपासकों का स्वागत किया। इस अवसर पर भिक्षु नंद रतन, भिक्षु नंदिका, कुंचुक लामा, भिक्षु शील प्रकाश, भिक्षु अशोक, भिक्षु करुणा, अस्स जी, थाई भन्ते, भन्ते शील रतन, भन्ते मुलायम, भन्ते रत्नाकर, भन्ते धर्मबीर के अलावे एड जितेंद्र पटेल, सतीश चंद, राम किशुन बौद्ध, राजेश गौतम, प्रमोद कुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश कुशवाहा, बोधि राज, बृजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में मिली बाघिन की कानपुर उपचार के लिए ले जाते समय मौत



**बिजनौर।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में गस्त के दौरान बेसुध अवस्था में मिली बाघिन की उपचार के लिए कानपुर चिड़ियाघर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वन विभाग ने बाघिन का पोस्टमार्टम कराकर उसके ऊतकों के नमूने जांच के लिए बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान भेज दिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार वन विभाग कर्मियों को शुक्रवार शाम गस्त के दौरान अमानगढ़ रेंज के गुर्जर गेट के निकट कंपार्टमेंट 4ए के नदी क्षेत्र में बाघिन अत्यंत कमजोर हालत में मिली। वह चलने-फिरने में असमर्थ थी। वनकर्मियों ने बिना ट्रैक्यूलाइज किए उसका सुरक्षित रेस्क्यू कर पिंजरे में रखा। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक डॉ0 एस0पी0 सिंह ने बाघिन का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अत्यधिक कमजोरी के कारण उसे भोजन के लिए मुर्गा दिया गया, लेकिन उसने केवल पानी पिया। डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाह ने बाघिन की उम्र 13 से 14 वर्ष के बीच बताते हुए आशंका जताई कि वह करीब 15 दिनों से भूखी थी, जिसके कारण उसकी हालत गंभीर हो गई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर चिड़ियाघर रेफर किया गया। कानपुर पहुंचने से करीब 40 किलोमीटर पहले रास्ते में ही बाघिन ने दम तोड़ दिया। वन्यजीव चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया और ऊतकों के नमूने जांच के लिए बरेली भेज दिए। वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में गश्त बढ़ा दी गई है।

# कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों को पेयजल मुहैय्या कराने के लिए जल निगम की व्यवस्था दुरुस्त

जिला संवाददाता (vol)




**बिजनौर।** अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) ने बताया कि कांवड़ यात्रा को भव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), बिजनौर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कांवड़ रूट पर आने वाले श्रद्धालुओं (शिवभक्तों) को स्वच्छ एवं निरंतर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं को विशेष रूप से सक्रिय और चाक-चैबंद किया गया है अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) ने विभाग द्वारा किए जा रहे हैं विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पेयजल योजनाओं का निर्बाध संचालन के लिए कांवड़ यात्रा मार्ग के अंतर्गत आने वाली सभी ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं (नलकूपों और जल मीनारों) से जलापूर्ति का समय बढ़ा दिया गया है, ताकि शिविरों और मार्गों पर पानी की कमी न हो। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति एवं बैकअप के लिए मुख्य पेयजल योजनाओं पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित किया गया है।

साथ ही संवेदनशील और बड़े शिविरों से जुड़ी योजनाओं पर जनरेटर (पावर बैकअप) की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि गुणवत्ता नियंत्रण के लिए सभी पेयजल योजनाओं के स्रोतों पर नियमित रूप से क्लोरिनेशन सुनिश्चित किया जा रहा है। हमारी लैब टीम द्वारा पानी के सेंपल लेकर केमिकल टेस्टिंग की जा रही है, ताकि शुद्ध जल की आपूर्ति बनी रहे। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की तैनाती के लिए प्रत्येक पेयजल योजना और कांवड़ मार्ग के लिए सम्बन्धित क्षेत्र के सहायक अभियंता और अवर अभियंता द्वारा निरन्तर जलापूर्ति का निरीक्षण कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) बिजनौर का यह संकल्प है कि देवभूमि हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले किसी भी शिवभक्त को जनपद की सीमा में पेयजल से जुड़ी किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

# नशा मुक्त युवा ही बनाएंगे विकसित भारत : प्रधानमंत्री



**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त संस्था मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रव्यापी ह्लनशा मुक्त युवाझविकसित भारत अभियानह्व का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, देवरिया के सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। इसमें 250 से अधिक युवाओं, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत देवरिया, चन्द्र भूषण चौबे ने बताया कि ह्लनशा मुक्त युवाझविकसित भारत अभियानह्व आगामी दो वर्षों तक प्रत्येक रविवार जनपद में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों एवं युवा मंडलों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने, जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।कार्यक्रम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, देवरिया के प्राचार्य डॉ. डी.के. त्रिवेदी, शिक्षक गोपाल यादव एवं ज्योति कुमार सिंह, ट ईं१३ के स्वयंसेवक वंदना प्रजापति एवं विकास यादव सहित विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं ने नशामुक्त भारत के निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लें।

## दो वर्षों से बिजली को तरस रही पोखरभीडा चौहान टोले की जनता: विजय रावत

**बरहज,देवरिया।** भलुअनी ब्लॉक के पोखरभीडा गाँव में चौहान टोले पर बिजली समस्या को लेकर सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा कि भाजपा की सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है। भलुअनी ब्लॉक के पोखरभीडा गाँव के चौहान टोले की जनता भुगत रही हैं। चौबीस घंटे के अन्दर यहाँ की बिजली व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ धरना दिया जाएगा। यहाँ की जनता बता रही है उसको सुन कर रोंगटे खड़े हो जा रहे हैं। ऐसे में यहाँ के बिजली विभाग के अधिकारी उदासीन हैं। इस दौरान मुख्य रूप से अमर नाथ यादव, विजय प्रताप चौहान, सुदर्शन चौहान, लक्ष्मण चौहान, पारसनाथ चौहान, सीताराम चौहान, बेचू चौहान, राजेंद्र चौहान, गुड्डू चौहान, श्रीकांत चौहान, नरेन्द्र चौहान मौजूद रहे।

## मायके कहकर गई महिला रास्ते से लापता, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की शुरू



**नगीना, बिजनौर।** मायके के लिए कहकर निकली एक विवाहिता अपने बच्चे सहित रास्ते से गुम होने के मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने सास की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के मोहल्ला नेजेवाली गांवडी निवासी रीता पत्नी स्व0 दयाराम ने नगीना थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र दिनेश उर्फ पिन्नी अपनी पत्नी तनु व बच्चों सहित निकटवर्ती ग्राम अलीगढ में विरेन्द्र सैनी के मकान में किरायें पर रहता है। शनिवार 01 अगस्त 2026 की दोपहर लगभग 03 बजे उसके पुत्र दिनेश नें अपनी पत्नी तनु तथा छोटे पुत्र आरव (उम्र 06 माह) को ग्राम अलीगढ के सामने धामपुर रोड नैशनल हाईवे पर सैनी ढाबे के पास से अपनी ससुराल सलावतनगर थाना अफजलगढ के लिए टैम्पु में बैठाया था जो अभी तक अपने मायके सलावतनगर नहीं पहुँची है। परिजनों द्वारा उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया परन्तु 24 घंटे बीत जाने के बावजूद भी उसका कोई सुराग नही लगा है। पुलिस ने सास रीता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर महिला तनु व उसके पुत्र को सकुशल बरामद करने के लिए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# संत रविदास के जीवन से मिलती है मानव सेवा की प्रेरणा: शशांक मणि

जिला संवाददाता



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 29 जुलाई से देशव्यापी 'संत रविदास समरसता संकल्प अभियान' एवं कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया है। सात माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य संत रविदास महाराज के समता, समरसता, सामाजिक सद्भाव और

- समरसता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकली कलश यात्रा

मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में सामाजिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करना है।इसी क्रम में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय औरा चौरी से भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में निकली यह यात्रा धतूरा, बैतालपुर, बलुआ, सिर्जम सहित बैतालपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने संत रविदास महाराज के विचारों का प्रचार-प्रसार किया तथा सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। जगह-जगह ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।बैतालपुर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सदर सांसद शशांक मणि ने विधि-विधान के साथ कलश का पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और भाजपा उनके विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

सांसद ने कहा कि 'संत रविदास समरसता संकल्प अभियान' के माध्यम से समाज में जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर समरस एवं सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।पूजन के उपरांत सांसद ने कलश यात्रा को बलुआ के लिए रवाना किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अरुण सिंह, अभियान के जिला संयोजक कृष्णनाथ राय, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेश निषाद, डा अभयनाथ तिवारी, अखिलेश त्रिपाठी, मुकुल मणि त्रिपाठी, सतेंद्र मणि त्रिपाठी, नीलरतन जायसवाल, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सात माह तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कलश यात्रा, संगोष्ठी, जनसंवाद एवं सामाजिक समरसता से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# नेपाल में नकली प्राचीन प्रतिमा बेच रहे बहराइच के सात लोग गिरफ्तार

**बहराइच।** जिले में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे रूपईडीहा क्षेत्र में पुलिस ने भगवान बुद्ध की अष्टधातु की प्राचीन प्रतिमा बताकर नेपाल में ऊंची कीमत पर बेचने की तैयारी कर रहे एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से करीब आठ इंच ऊंची और 4.960 किलोग्राम वजनी बुद्ध की प्रतिमा बरामद की है।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि भारत-नेपाल सीमा से सटे रूपईडीहा थाना क्षेत्र के साईंगांव जंगल में कुछ लोग नकली प्रतिमा को अष्टधातु की दुर्लभ प्रतिमा बताकर नेपाल में ऊंची कीमत पर बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने बदलदास मंदिर के पास घेराबंदी कर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से बुद्ध की एक प्रतिमा, तीन मोटरसाइकिल, नकदी और सात मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और अन्य संबंधित आरोपों में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि गिरोह के तार भारत-नेपाल सीमा पार सक्रिय अन्य लोगों से जुड़े हैं या नहीं तथा इससे पहले उन्होंने इस प्रकार की कितनी वारदात को अंजाम दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में बहराइच के सीमावर्ती इलाकों के निवासी रमजान अली उर्फ काले खां, नूर मोहम्मद, आजाद अली, रिजवान, महफूज, साकिर अली तथा समीर उर्फ नूर शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इनमें से रूपईडीहा (बहराइच) निवासी रमजान अली उर्फ काले खां तथा नूर मोहम्मद के विरुद्ध रूपईडीहा थाने में पूर्व से भी विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## सपा की मासिक बैठक व पीडीए जन चौपाल आयोजित

**भटनी (देवरिया)।** समाजवादी पार्टी की विधानसभा रामपुर कारखाना इकाई की मासिक बैठक एवं पीडीए जन चौपाल रविवार को नगर के हरिकीर्तन मोहल्ला, विकास रोड स्थित समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रकेश जायसवाल के परिसर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान में तेजी लाने तथा पीडीए की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।विधानसभा अध्यक्ष परमहंस यादव ने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने संगठन की मजबूती को आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए आवश्यक बताते हुए बूथ स्तर तक सक्रिय संगठन खड़ा करने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि एवं समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तथा रामपुर कारखाना की पूर्व विधायक गजाला लारी ने कहा कि पीडीए समाज के सभी वंचित वर्गों को साथ लेकर सामाजिक न्याय और समान भागीदारी की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

बैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा नेता चंद्रकेश जायसवाल, रामप्रसाद यादव,नरेन्द्र यादव, मोहन लाल गुप्त,पंकज चौरसिया, सुशील कुमार राय ग्राम प्रधान, शिवशंकर मौर्या, सलीम अली, लालबिहारी प्रजापति, अंकित वर्मा, अमित वर्मा,मिथिलेश यादव, हरिकेश यादव,सुरेश यादव,राहुल यादव,अमन यादव,रामायन गुप्ता प्रधान,डॉ हरेराम यादव, आदि समाजवादी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# एनएच सड़क से पुलिया हटाने के बाद गड्ढे में गिट्टी भरकर भूल गया विभाग

## भारी वाहनों की रफ्तार से सड़क पर फैल रहे पत्थर, रोज फिसलकर चोटिल हो रहे दो-पहिया वाहन चालक

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** सरकारी तंत्र की संवेदनहीनता और अधिकारियों की घोर लापरवाही का जीवंत उदाहरण देखना हो, तो जनपद के कसया नगर के पडरौना मार्ग स्थित फल मंडी के सामने चले आइए। राष्ट्रीय राजमार्ग-28बी पर प्रशासनिक लापरवाही की यह बानगी पिछले आठ महीनों से न

- जिम्मेदार आठ महीने से कर रहे है खानापूर्ति, बिखरी गिट्टी बन रही जी का जंजाल
- शिकायतों के बाद जिम्मेदारों की उदासीनता से कभी भी हो सकती है बड़ी अनहोनी

सिर्फ मुंह चिढ़ा रही है, बल्कि रोजाना दर्जनों बेकसूर राहगीरों की जान जोखिम में डालकर एक बड़े हादसे को खुला आमंत्रण दे रही है। पुलिया हटाने के बाद गड्ढे में सिर्फ गिट्टी भरकर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर लेने वाला विभाग इस कदर लापरवाह हो चुका है कि उसे किसी की जान की भी परवाह नहीं है।

### लापरवाही की इंतेहा, आठ महीने से जारी है खानापूर्ति

कहानी करीब आठ महीने पुरानी है, जब विभाग द्वारा इस मार्ग पर स्थित एक पुलिया को तो हटाया गया, लेकिन उसके स्थान पर सड़क को दोबारा दुरुस्त और पक्का पिच करने की सुधि नहीं ली गई। विभाग के नुमाइंदों ने अपनी नाकामी और कामचोरी छिपाने के लिए उस गंभीर गड्ढे में केवल गिट्टी उड़ेल दी। हद तो तब है जब पिछले आठ महीनों से यह नासूर ज्यों का त्यों बना हुआ है; जब-जब गड्ढे की गिट्टी कम होती है, विभाग के लोग आकर फिर से गिट्टी भरकर अपनी औपचारिकता पूरी कर लेते हैं।

### भारी वाहनों के चलते रोड पर फैल जाती है गिट्टी



एनएच-28बी एक अत्यंत व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से दिन-रात बेहिसाब भारी वाहन गुजरते हैं। जब ये भारी-भरकम वाहन रफ्तार से इस गिट्टी से भरे हिस्से से गुजरते हैं, तो गिट्टी उछलकर पूरी पक्की सड़क पर बिखर जाती है।

नतीजा यह होता है कि चिकनी पिच सड़क पर बिखरी ये नुकीली गिट्टियां दो पहिया वाहन चालकों के लिए फिसलपट्टी बन जाती हैं। विभाग की इस लचर कार्यशैली का खामियाजा रोजमर्रा के आम मुसाफिर भुगत रहे हैं। बाइक और स्कूटर सवार जैसे ही इस हिस्से से गुजरते हैं, उनके वाहन अनियंत्रित होकर फिसल जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां हर दिन दो-पहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई बार तो स्थिति इतनी भयानक होती है कि बाइक सवार फिसलकर ठीक पीछे चल रहे तेज रफ्तार भारी वाहनों के पहियों के नीचे आने से बाल-बाल बचते हैं।

### कुंभकर्णी नींद में सोया है तंत्र, नहीं सुनायी देतीं शिकायतें

इस जानलेवा लापरवाही को लेकर स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों ने कई मर्तबा संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाई, मौखिक शिकायतें दर्ज कराईं। जनता ने बार-बार अनुरोध किया कि इस जानलेवा गड्ढे को गिट्टी से पाटने के बजाय पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए, लेकिन हर बार अधिकारियों ने बहरे कानों और अंधी आंखों का परिचय दिया।

शिकायतों को दबा देना और मौके पर केवल खानापूर्ति करना ही विभाग की कार्यशैली बन चुकी है।अधिकारियों की यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है।

### जेई एनएच बोले

इस मामले पर जब जेई एनएच अवधेश कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मैं तीन दिन पूर्व वहाँ गया था देखा, स्थिति बहुत ठीक नहीं है

अपने ऊपर के अधिकारियों को बताया हूँ, इस बावत ठेकेदार से बात किया तो उसने बताया कि बरसात के मौसम की वजह से प्लांट नहीं चल रहा है

जैसे ही दो चार दिन के लिए बारिश खुल जाता है और प्लांट ठेकेदार द्वारा चलाया जाता है, उसी दिन पिच करा दिया जाएगा।

## कार क्षतिग्रस्त कर मारपीट कर घायल करने के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

**भटनी(दैवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत के हरिकीर्तन मुहल्ला निवासी को कार क्षतिग्रस्त कर पति पत्नी को मारपीट घायल कर करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जूट गयी है ।मामले के सम्बन्ध में जयशंकर वर्मा पुत्र मोहनलाल वर्मा हरिकीर्तन मुहल्ला निवासी द्वारा थाने में दिये गये तहरीर में आरोप लगाया है कि देवरिया जाने के लिए एल बी एस स्कूल के पास अपनी कार निकाल कर आगे बढा बल्लू वर्मा के घर के मोड पर पहुँचा तो पहले से घात लगाकर बैठे हरिकीर्तन मुहल्ला निवासी उमाशंकर वर्मा पुत्र मोहनलाल वर्मा अपने दो साथियों के साथ बैठे थे ।देखते ही जान से मारने के लिए धमकी देते हुए बन्द फाटक से निकलने लगे ।न निकलने पर कार के आगे पीछे ईट डण्डा से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया ।किसी तरह से जान बचाकर वहां से भाग निकला पुलिस तीनों आर्ोपियो के विरुद्ध धारा 334(4),352,351(3)125 तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है ।

## 22 लाख रुपये के फोन मालिकों को मिले वापस

**ललितपुर।** जिला की पुलिस ने जुलाई माह के दौरान गुम एवं खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 110 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में सभी थाना प्रभारियों को गुम मोबाइल फोन की अधिकतम बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क और सर्विलांस सेल में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के आधार पर नियमानुसार गुमशुदगी दर्ज की गई। इसके बाद संबंधित थानों की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए।

# केंद्र सरकार की चुनौतियां

केन्द्र में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे हो गये हैं। इतने लंबे शासन के बाद सरकार के प्रति जनता में उदासीनता, कुछ आक्रोश, विपक्ष की चुनौतियां, यह सब लोकतंत्र में स्वाभाविक है। वैसे भी लोकतंत्र बहुमत से चलता है जिसमें आधे से अधिक तो हमेशा असंतुष्ट ही रहते हैं। ऐसे में जिस तरह के आंदोलन उभर रहे हैं, उससे सरकार को क्या कोई सबक सीखना चाहिए? यह गंभीर विमर्श का विषय है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने 12 साल में शिक्षा, अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी का तो यहां तक कहना है कि आर्थिक सुनामी आने वाली है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने भविष्यवाणी की है कि मोदी सरकार एक साल में गिर जाएगी। पलटवार में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए और कहा कि देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जो आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजाक उड़ाते हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि देश ऐसी अराजकता, निराशा, अनिश्चितता को पसंद नहीं करता, लिहाजा कांग्रेस को बार-बार खारिज कर रहा है। सरकार बारह वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिना ही रही थी कि कॉकरोच पार्टी, ई-20, पेपरलीक, छात्रों का आंदोलन, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा जैसी घटनाएं घट गयीं। इससे सरकार की छवि पर क्या असर पड़ेगा यह तो सियासी विश्लेषक बतायेंगे, लेकिन सरकार ने बीते 12 वर्षा में जो काम किये हैं, उससे उसके खाते में अनेक उपलब्धियां दर्ज हैं। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में बढ़ रही है। चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी रही और कुल वित्त-वर्ष की विकास दर 7.7 फीसदी रही। यह विश्व में सर्वाधिक है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय में भारत बहुत नीचे है। बहरहाल इस तिमाही के दौरान ईरान युद्ध का एक महीना भी झेलना पड़ा, क्योंकि युद्ध 28 फरवरी को शुरू हो गया था। अर्थव्यवस्था और विकास दर पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा का आकलन महत्वपूर्ण और संवेदनशील है कि ईरान युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित



हुई है और भारतीय बाजार में भी इसका असर दिखायी दे रहा है। इससे महंगाई बढ़ेगी और जीडीपी की विकास दर घटेगी। इस तरह अर्थव्यवस्था भी वैश्विक उथल-पुथल के दौर में है, लिहाजा रिजर्व बैंक का नया अनुमान है कि 2026-27 (जारी वित्त वर्ष) में विकास दर 6.6 फीसदी रह सकती है, जबकि पहले अनुमान 6.9 फीसदी का था। महंगाई दर 5.1 फीसदी से अधिक हो सकती है, जबकि पहले का अनुमान 4.6 फीसदी का था। रिजर्व बैंक के गवर्नर का यह भी मानना है कि विकास दर के अनुमान पर निगेटिव जोखिम बरकरार रहेगा। विदेशी मुद्रा 4.4 लाख करोड़ रुपये घटी है, फिर भी हम सुखद स्थिति में हैं, लेकिन जीडीपी में जिस मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान 18 फीसदी तक होता था, वह घट कर करीब 13 फीसदी हो गया है, जबकि मोदी सरकार ने 25 फीसदी योगदान का लक्ष्य तय किया था। कृषि पर आज भी दो-तिहाई परिवार आश्रित हैं, लेकिन पूरे वित्त वर्ष में कृषि की विकास दर 3 फीसदी रही है, जबकि बीते वर्ष के दौरान यह विकास दर 5 फीसदी से भी अधिक थी। अलबत्ता चौथी तिमाही के दौरान कृषि की विकास दर 3.6 फीसदी रही है। जीडीपी में जो बढ़ोत्तरी दिख रही है, वह सेवा क्षेत्र, व्यापार, होटल, परिवहन, पर्यटन और बैंकिंग आदि के कारण है। ऊर्जा की महंगाई दर 24.71 फीसदी हो गई है, जिसकी कमी के कारण देश का हरेक तबका, आम आदमी, औसत घरों में संकट महसूस किया जा रहा है। घरेलू एलपीजी का सिलेंडर (14.2 किग्रा) 29 रुपये महंगा कर दिया गया है। बीते 7 मार्च को भी 60 रुपये प्रति सिलेंडर दाम बढ़ाये गये थे। देश में रोजगार सृजन प्रभावित हुआ है। औसत आमदनी यथावत है, आम उपभोक्ता की क्रय-शक्ति बढ़ नहीं पा रही है, तो देश की आर्थिक विकास दर मजबूत कैसे हो सकती है? दरअसल बीते दिनों जिस तरह महंगाई, बेरोजगारी की चुनौतियां उभरी उसमें ई-20 और पेपरलीक जैसे विवाद ने सरकार को घेरने का मौका दिया है। लेकिन इसके बावजूद सरकार की दिशा और दिशा ठीक-ठाक है।

**विचार**

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।
-मेंगून.

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।
-रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश-यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।
-माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।
-बृंद.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।
-चिलो.

# क्या कठोर कानून से बंद होंगे पेपर लीक




मनोज बाजपेयी

**डिजिटल परीक्षा सुरक्षा कानून में केवल प्रश्नपत्र चोरी ही नहीं, बल्कि सर्वर हैकिंग, डिजिटल डेटा चोरी, अनधिकृत एक्सेस, परीक्षा प्रणाली से छेड़छाड़ और साइबर माध्यम से प्रश्नपत्र साझा करने जैसे अपराधों को भी शामिल किया गया है। पेपर लीक मामलों की समयबद्ध जांच और त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है, ताकि दोषियों को जल्द सजा मिल सके।**

संसद के दोनों सदनों से पारित होने और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक रोकने के लिए बना 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन अधिनियम, 2026' लागू हो गया है। यह कानून इस संदर्भ में बने अब तक के सभी कानूनों से बेहद सख्त है। लेकिन जिस तरह लोकसभा में इस अति महत्वपूर्ण कानून पर चर्चा हुई, उससे यह बात स्पष्ट हो गया कि दरअसल कानून बनने, बनाने में विपक्ष की दिलचस्पी कम और सरकार को घेरने में अधिक है। विपक्ष ने पेपरलीक पर गंभीर बहस और रचनात्मक सुझाव देने के बजाय अपना समय आरोप-प्रत्यारोप और सस्ती जुमलेबाजी में जाया किया। इसके बावजूद अगर सरकार ने पेपरलीक के खिलाफ सख्त विधायी उपबंध किया है, तो इसका स्वागत होना चाहिए। नये कानून की मुख्य बातों में पेपर लीक या अनुचित साधनों में शामिल पाये जाने पर 5 से 10 साल तक की जेल हो सकती है। दोषियों पर 50 लाख रुपये से लेकर 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। यदि कोई गिरोह या संगठित माफिया इस तरह के अपराध में लिप्त पाया जाता है, तो उसे 7 से 10 साल की सजा और 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना होगा। परीक्षा आयोजित करने वाली दोषी एजेंसियों या सेवा प्रदाताओं पर 5 करोड़ रुपये तक का जुर्माना और परीक्षा कराने पर रोक का प्रावधान है। पेपर लीक के मुकदमों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाये जाएंगे, जिनको तीन महीने के भीतर फैसला देना होगा।

2024 के कानून में भी दस साल तक की जेल और करोड़ों का जुर्माना, फिर भी प्रश्नपत्र लीक होते रहे। इसलिए सवाल है कि सिर्फ आंकड़े बढ़ाने से कितना फर्क पड़ेगा? जानकारों का कहना है कि पेपर लीक असल में पेपर की छपाई, ढुलाई और रखरखाव के दौरान या कोचिंग माफिया के नेटवर्क से होता है। जब तक इस पूरी प्रक्रिया की सुरक्षा, साइबर निगरानी और तकनीकी ऑडिट मजबूत नहीं होगा, तब तक केवल सजा और जुर्माना बढ़ाने से पेपर लीक नहीं रुकेगा। सरकार ने बीते सोमवार को लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित




साधन रोकथाम) संशोधन विधेयक 2026 पेश किया और सप्ताह भर में ही यह कानून दोनों सदनों से पास होने और राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद बन गया। इस कानून का उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) अधिनियम 2024 में संशोधन करना है। इस कानूनी सुधार की जरूरत क्यों पड़ी? देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों, विशेषकर नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के बाद लाखों छात्रों में नाराजगी देखने को मिली।

**विमर्श**

इस मुद्दे को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर सहित देश के कई हिस्सों में छात्रों और विभिन्न छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किए। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि पेपर लीक के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाई जाये और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को सख्त सजा दी जाये। इन विरोध प्रदर्शनों के बाद यह मुद्दा संसद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और सरकार पर परीक्षा सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाने का दबाव बढ़ा। इसी पृष्ठभूमि में 24 जुलाई 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 में कुछ संशोधन करते हुए, कानून को और अधिक सख्त बनाने वाले संशोधन विधेयक को मंजूरी दी और संसद से पास कराकर इसे कानून का स्वरूप दिया। यह कानून सार्वजनिक परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, डिजिटल हैकिंग, संगठित नकल, परीक्षा में धोखाधड़ी तथा भर्ती प्रक्रियाओं में होने वाले अपराधों पर रोक लगाने के उद्देश्य से बनाया गया एक सख्त कानूनी ढांचा है। इसका उद्देश्य केवल अपराधियों को दंडित करना नहीं, बल्कि परीक्षा प्रणाली में छात्रों का विश्वास दोबारा स्थापित करना भी है। सरकार का मानना है कि यदि पेपर लीक जैसे अपराधों पर समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो लाखों युवाओं की मेहनत, सरकारी भर्ती प्रक्रिया और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होगी। इसलिए इस कानून में पहले की तुलना में अधिक कठोर दंड, भारी आर्थिक जुमार्ना और त्वरित न्यायिक प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है। कानून में सार्वजनिक परीक्षाओं की सुरक्षा को मजबूत करने और पेपर लीक जैसे संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कई कठोर प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं। इनका उद्देश्य दोषियों को कड़ी सजा देना, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करना और छात्रों के लिए निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत परीक्षा की पूरी लागत की वसूली और संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा सकती है।

डिजिटल परीक्षा सुरक्षा कानून में केवल प्रश्नपत्र चोरी ही नहीं, बल्कि सर्वर हैकिंग, डिजिटल डेटा चोरी, अनधिकृत एक्सेस, परीक्षा प्रणाली से छेड़छाड़ और साइबर माध्यम से प्रश्नपत्र साझा करने जैसे अपराधों को भी शामिल किया गया है। पेपर लीक मामलों की समयबद्ध जांच और त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है, ताकि दोषियों को जल्द सजा मिल सके। लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन अधिनियम -2026, सार्वजनिक परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने, पेपर लीक माफिया पर अंकुश लगाने और योग्य अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से लाया गया है। यह कानून पिछले कानून के मुकाबले सात मुख्य संशोधन पेश करता है। इनका मकसद नीट-यूजी 2026 परीक्षा में बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ियों के बाद लागू करने में आ रही कमियों को दूर करना, खास न्यायिक तंत्र बनाना और आपराधिक मुकदमों में तेजी लाना है। इस कानून में राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन को सेशन कोर्ट को स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट के तौर पर नामित करने का अधिकार दिया गया है। यह खास तौर पर इस कानून के तहत अपराधों की सुनवाई करेंगे। विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट में कार्यवाही रोजाना के आधार पर होगी जिससे तीन महीने के भीतर फैसला करना संभव होगा। दरअसल कानून के तहत चार्जशीट दाखिल होने की तारीख से तीन महीने के भीतर सुनवाई पूरी होनी चाहिए।

गंभीर या एक से ज्यादा राज्यों से जुड़े परीक्षा धोखाधड़ी के मामलों को संभालने के लिए केंद्र के पास एक स्पेशल टास्क फोर्स बनाने का अधिकार होगा। इस कानून के तहत अपराधों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होगी। राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन को परीक्षा में गड़बड़ियों के मुकदमे के लिए खास तौर पर कानूनी सलाहकार नियुक्त करने का अधिकार होगा। संगठित पेपर लीक के दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों, कोचिंग सेंटरों और सर्विस प्रोवाइडरों के लिए जेल की सजा और भारी आर्थिक जुर्माने का प्रावधान नये कानून में किया गया है। कुल मिलाकर नया कानून अधिक सख्त और इसमें शीघ्र सजा सुनाने के प्रावधान से यह उम्मीद की जा रही है कि इसके डर से पेपरलीक रुकेंगे।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

**सोशल मीडिया**

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और भारत के राष्ट्रीय ध्वज के मौलिक डिजाइनर आ. पिंगली वैंकेया जी की जयंती पर हम उन्हें अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। जेपी नड्डा.



केरल में भारी बारिश से हुई तबाही से बहुत दुख हुआ, जिन 8 लोगों की जान गयी है, उन परिवारों के प्रति गहरी संवदेना है, लापता हैं वे सुरक्षित मिलें और घायल शीघ्र स्वस्थ हों। राहुल गांधी.



सपा ने सद्गुरु रविदास जी महाराज के नाम पर बने हुए जनपद का नाम भी हटाने का पाप किया था, अब भदोही को फिर से संत रविदास नगर के नाम पर ही जाना जायेगा। सीएम योगी.



# संतों का जीवन

मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में राम हूं। इन प्रतीकों को थोड़ा हम समझें। वायु इस जगत में सर्वाधिक स्वतंत्र है और स्वतंत्रता ही पवित्रता है। वायु कहीं बंधी नहीं है, कहीं ठहरी नहीं है, कहीं उसका लगाव नहीं है, कहीं उसकी आसक्ति नहीं है। वायु एक सतत् गति है। तो पहली बात, जहां भी लगाव होगा, वहीं अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जहां भी आसक्ति होगी, जहां भी ठहरने का मन होगा, जहां पड़ाव मंजिल बन जाएगा, वही अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जीवन की सारी दुर्गंध, जीवन की सारी कुरूपता, जहां-जहां हम ठहर जाते हैं और जकड़ जाते हैं, वहीं से पैदा होती है। जीवन जहां भी प्रवाह को खो देता है, गति को खो देता है और जहां ठहर जाता है, जड़ हो जाता है...। जैसे नदी बहती है, तो नदी पवित्र होती है। और डबरा बहता नहीं, अपवित्र हो जाता है। डबरे में भी वही जल है, जो नदी में है। लेकिन नदी में प्रवाह है, बहाव है, जीवन है। डबरा मृत है, कोई गति नहीं है। डबरा सड़ता है, दुर्गंधित होता है और नष्ट होता है। स्वभावतः, अपवित्र हो जाता है। कृष्ण कहते हैं, पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं। पहली बात, पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां प्रवाह सतत् हो। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई लगाव, जहां कोई रुकाव, जहां कोई ठहराव न आ जाए। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई फिक्सेशन, प्राणों का अवरुद्ध होना न हो। जिसके प्राण भी वायु की तरह हैं- कहीं ठहरे हुए नहीं, कहीं रुकते नहीं, कहीं बंधते नहीं, कहीं कोई आसक्ति निर्मित नहीं करते- वही केवल पवित्रता को उपलब्ध हो पाएगा।

प्राचीन समय से संन्यासी ने प्रवाहवत जीवन व्यतीत करने को कहा है। नदी की तरह बहते रहो। महावीर ने अपने संयासियों से कहा है कि वे तीन दिन से ज्यादा कहीं रूके नहीं। तीन दिन के पहले हट जाएं। थोड़ा सोचने जैसा है। क्योंकि तीन दिन का यह राज महावीर को कैसे पता चला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन आधुनिक मनोविज्ञान कहता है कि आदमी को किसी भी जगह मन के लगने में कम से कम तीन दिन से ज्यादा का समय चाहिए। आप अगर एक नए कमरे में सोने जाएंगे, तो तीन रातें आपको थोड़ी-सी बेचैनी रहेगी, चौथी रात आप ठीक से सो पाएंगे। कहीं भी किसी नई स्थिति को पुराना बना लेने के लिए कम से कम तीन दिनों की जरूरत है। कम से कम। थोड़ा ज्यादा समय भी लग सकता है। महावीर ने अपने संयासियों को कहा है कि वह तीन दिन से ज्यादा एक जगह न रुकें। इसके पहले कि कोई अपना मालूम पड़ने लगे, उसे हट जाना चाहिए। क्योंकि जहां लगा कि कोई अपना है, वहीं जंजीर निर्मित हो जाती है और जिसके प्राणों पर जंजीर पड़ जाती है, उन प्राणों में कुरूपता और दुर्गंध और सड़ांध शुरू हो जाती है। **– ओशो.**

**अंतर्दृष्टि**

# मलाई चाटने की कला...

**व्यंग्यलोक**

अब आत्ममंथन से मन ऊब गया है और सत्ता की मलाई चाटने को जीब लालायित हैं। मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले-घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ।



पूरन सरमा

मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले-तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा- आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।

# नशामुक्ति से ही होगा स्वस्थ व सशक्त भारत का निर्माण



पीएम मोदी की पहल

**प्रो. आर.एन. त्रिपाठी**

भारत वर्ष विश्व के सर्वाधिक युवाओं वाला देश है। इस देश के युवा पूरी दुनिया में आज अपनी तकनीकी योग्यता, विशिष्ट कौशल के साथ भारत का डंका बजा रहे हैं। परन्तु यदि कोई देश जब स्वयं बीमार हो जाये अर्थात उसके नागरिक, उसके युवा बीमार हो जाएं तो आखिर उस देश का भविष्य कैसे सुरक्षित रह सकता है? आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल कि, भारत के नागरिक नशामुक्त हों तभी भारत का कल्याण हो सकता है। इसके तहत पूरे देश में नशामुक्ति अभियान की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री ने नशा के व्यापक कारोबार के संजाल को सख्त रूप से ढहा देने की बात कही है और यह भी कहा है कि अब तक हजारों करोड़ की जो ड्रग्स पकड़ी गई है और जो लोग उस कारोबार में सम्मिलित थे, वह सभी जेल की सलाखों के पीछे पड़े हैं। उन्होंने यह चेतावनी भी दी है कि जो भी इस कारोबार में संलिप्त होगा, वह शीघ्र पकड़ा जाएगा। माना जा सकता है कि प्रधानमंत्री की इसपहल से नशे का यह कारोबार बंद हो जाएगा। इसमें संदेह नहीं कि आज की तिथि में भारत में बड़ पैमाने पर नशे का कारोबार करने वाले लोग हैं औरनशे का उपभोग करने वाली आबादी भी कुछ कम नहीं है। इससे बचने और लोगों को इससे बचाने की मुहिम के तहत पूरे देश के हर विद्यालयों में, शिक्षण संस्थानों में, सरकारी कार्यालयों में पूर्णरूपेण नशाबन्दी अभियान चलाया जा रहा है जो नशा से मुक्ति और नशा के कारोबार को समाप्त करने का सख्ती भरा सरकारी कदम है। वैसे यह किसी से भी छिपा नहीं है कि नशा शरीर और आत्मा दोनों का नाश करती है। नशा करने वाला व्यक्ति केवल स्वयं ही नहीं नष्ट होता है बल्कि वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार नष्ट कर देता है। जिस घर में एक नशेड़ी होता है, उसका पूरापरिवार बर्बाद हो जाता है।

भारतवर्ष की गरीबी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण बहुत सारे नशेड़ियों को और उनसे प्रभावित अन्य व्यक्तियों को बचाने में देश आज भी असफल है जबकि इस दिशा में सरकार द्वारा बहुत सारे प्रयास किया जा रहे हैं और बहुत सारे लोगों को नशा मुक्ति केंद्र ले जाकर इस दुर्व्यसन से बचाया जा रहा है, परंतु अभी यह संजाल बहुत बड़ा है जब तक हमारे देश में इसे एक जन-आंदोलन का रूप नहीं दिया जाएगा, तब तक इससे मुक्ति संभव नहीं है। इसके लिए देश के समस्त नागरिकों को आगे आना होगा। पहले स्वयं सुधरना होगा फिर अपने परिवार को सुधारना होगा और फिर समाज में एक नशा मुक्ति अभियान चला कर पूरे समाज को सुधारने का प्रयास करना होगा।

नशे के बढ़ते प्रभाव ने हमारे सामाजिक ताने-बाने और विकास की गति दोनों को प्रभावित किया है। यह व्यक्तिगत समस्या नहीं, यह सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक उत्पादकता से जुड़ा राष्ट्रीय संकट है। इसलिए नशा मुक्त भारत को सिर्फ नारा नहीं, नीति और समाज की प्राथमिकता बनाना होगा। सबसे पहले, निवारक शिक्षा अनिवार्य करनी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में जीवन कौशल शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य सत्र और व्यसन के दुष्परिणामों की वास्तविक कहानियां शामिल हों। युवा तब तक सशक्त नहीं होंगे जब तक उन्हें विकल्प और आशा न मिले, इसलिए स्थानीय स्तर पर खेल, कला और कौशल प्रशिक्षण के केंद्र बढ़ाने चाहिए। बेरोजगारी और अराजकता भी नशे के प्रमुख कारण हैं। इसलिए रोजगार सृजन और सतत कौशल विकास पर निवेश जरूरी है। दूसरे, उपचार और पुनर्वास सेवाएं व्यापक होनी चाहिए। स्वास्थ्य प्रणाली में मानसिक स्वास्थ्य व व्यसन विशेषज्ञों की उपलब्धता बढ़ानी होगी और सरकारी-सहयोगी संस्थाओं के बीच समन्वय सुनिश्चित करना होगा। सबसे बड़ा प्रयास आपूर्ति श्रृंखला पर कड़ा नियंत्रण व न्यायिक कार्रवाई जरूरी है, पर सजा के साथ पुनर्वास को जोड़ना जरूरी है, केवल दमन व दण्ड से समस्या जड़ से समाप्त नहीं होगी बल्कि सामाजिक समावेशन और निगरानी दोनों चाहिए। स्थानीय नेता, शिक्षा संस्थान और सिविल सोसाइटी मिलकर जागरूकता अभियान चलाएं। मीडिया व लोकसंस्कृति के माध्यम से संदेश निरंतर फैले। यह लक्ष्य प्राप्त करना बहुत कठिन व असंभव नहीं है बल्कि इसके लिए राजनीतिक इच्छा शक्ति, नीति-समन्वय और समाज की सहानुभूति आवश्यक है। जो लोग नशे के जाल में फंस गए हैं, उनका उपचार करते हुए समाज में नवोन्मेषी सोच विकसित करनी होगी तभी भारत इससे बच सकता है और फिर अपना खोया परम वैभव प्राप्त कर सकता है।

## आप की बात

### रोजगार के मौके बढ़ायें

युवाओं के लिए उपयुक्त रोजगार का सृजन कर उनको राष्ट्र निर्माण से जोड़ना फिलहाल देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हर साल एक करोड़ से अधिक युवा कालेजों से ग्रेजुएट्स होकर निकल रहे हैं और इस लिहाज से देखा जाये तो देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन ही है। जहां देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन है, तो देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। बेशक एक युवा जब कालेज से निकलता है तो उससे उसके परिवार की, उसकी खुद की और समाज की बहुत सारी उम्मीदें होती हैं और इन उम्मीदों और दायित्वों का पूरा होना तभी संभव है जब उसके पास या तो कोई नौकरी हो अथवा व्यवसाय। किसी काम धंधे में नियोजित होकर ही व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में अपना सम्यक योगदान दे सकता है। इस संदर्भ में यह बात उत्साह बढ़ाने वाली है कि इस रोजगार कालेज से निकलने वाले युवाओं की भर्तियां बढ़ी हैं। फ्रेशर्स हायरिंग में वृद्धि यह बताती है कि धीरे-धीरे रोजगार का बाजार सुधर रहा है, नयी नौकरियां सृजित हो रही हैं। लेकिन यह जरूरी है कि अब रोजगार का स्वरूप बदल रहा है। कुछ समय पूर्व एक सर्वे में यह बात सामने आयी थी कि अगले छह-सात वर्षों में करोड़ों नौकरियां खत्म हो जायेंगी जो मुख्यतः क्लर्क, कैशियर, लिखा-पढ़ी जैसे साधारण प्रकृति के कामों से जुड़ी होंगी। इसी तरह एप आधारित गिग जॉब, एआई, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में रोजगार बाजार में सुधार देखने को मिलेगा।

दरअसल प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग से रोजगार संकुचन की जो बात कही जा रही है उसमें बहुत सचाई नहीं है। हम आईटी सेक्टर को लेकर ही देखें तो आईटी क्रांति से नयी-नयी नौकरियां पैदा हुई हैं, देश की जीडीपी और निर्यात में इजाफा हुआ है और बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके भी पैदा हुए हैं। ऐसे में जब एआई जैसी तकनीक आमतौर पर इस्तेमाल होने लगेगी, तो रोजगार का स्वरूप जरूरत बदल सकता है लेकिन रोजगार के मौके कम होने की बात सही नहीं लगती। युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुकूल स्किल्ड करना तो जरूरी होगा अन्यथा सामान्य युवा को रोजगार मिलना कठिन हो जायेगा। प्रौद्योगिकी के इस युग में रोजगार भी उन्हीं लोगों को मिलेगा जो प्रौद्योगिकी में दक्ष होंगे। इसलिए नये विकसित होते क्षेत्रों में स्किल्ड युवाओं को तैयार करने के लिए शिक्षा और बेहतर प्रशिक्षण जरूरी है।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन

भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## शादी न होने से आहत प्रेमी युगल ने दे दी जान

**बांदा**। थाना कमासिन क्षेत्र के सिंहवाहिनी मंदिर के पास प्रेमी-प्रेमिका ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। बीती शनिवार की रात लगभग दस बजे युवक और युवती बेहोशी की हालत में पड़े मिले। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर दोनों को सीएचसी कमासिन भेजा। यहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। क्षेत्राधिकारी बबेरु कृष्णकांत त्रिपाठी ने बताया कि दोनो की एक साल पूर्व इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। 25 जुलाई को प्रेमी शत्रुघ्न निवासी ग्राम लखनपुर मुंबई से घर आया था। 31 जुलाई को शत्रुध्न प्रेमिका राजमणि निवासी चित्रकूट से मिलने उसके पास गया था। इसके बाद से दोनो गायब थे। युवती के परिजनों का आरोप है कि युवक के घरवाले शादी के लिए दहेज मांग रहे थे। इसी बात से नाराज दोनो ने जान दे दी। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। किसी भी पक्ष से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## बिजली विभाग के पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा**। पैलानी थाना क्षेत्र के पैलानी डेरा के यादव मंदिर के पास बिजली विभाग का पिकअप ट्रांसफॉर्मर लादकर जसपुरा की ओर जा रहा था तभी मोटरसाइकिल से गोरे सिंह चैहान पुत्र जागेश्वर सिंह चैहान उम्र 48 वर्ष अपने गांव शेखुपुर जा रहे थे।

अनियंत्रित होकर पिकअप ने टक्कर मार दी। घायल को ग्रामीणों की मदद से जसपुरा अस्पताल लाया गया। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी राममोहन राय ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिकअप को थाने पर खड़ा कर लिया गया।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए कल तक आवेदन आमंत्रित

**बहराइच**। प्रधानाचार्या आईटीआई श्रीमती स्मृति शर्मा ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग उ.प्र. के अन्तर्गत जनपद में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच 103 नानपारा रोड बहराइच, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नानपारा, 104 लखैय्याकला नानपारा बहराइच, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रेहुवा मंसूर महसी, 219 गडवा बहराइच एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नानपारा 220 बंजारन टाण्डा नानपारा बहराइच तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैसरगंज 431 कटघराकला बहराइच में प्रवेश सत्र 2026 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र में एनसीवीटी एवं एससीवीटी पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट एससीवीटीयूपी डाट इन के माध्यम से 04 अगस्त 2026 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि अन्य विस्तृत जानकारी के लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ के हेल्पडेस्क नम्बर 0522-4150500, 7897992063 दूरभाषः 0522-2336115, 9628372929 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर फिर चमका देवीपाटन मंडल, प्रदेश में प्रथम स्थान

जिला संवाददाता



**बहराइच**। उत्तर प्रदेश सरकार की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल पर देवीपाटन मंडल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रदर्शन करते हुए

- अशिकायतकताओं से सीधे संवाद एवं मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद की पहल बनी सफलता का आधार
- माह जुलाई में 94.55 प्रतिशत अंक हासिल कर बना नंबर-1,
- लगातार पांच माह से शीर्ष प्रदर्शन बरकरार
- मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्त मॉनिटरिंग मण्डल को प्राप्त

प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जुलाई 2026 की जारी रैंकिंग में मंडल ने 110 में से 104 अंक अर्जित कर 94.55 प्रतिशत सफलता दर हासिल की है। यह उपलब्धि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण के प्रति मंडलीय प्रशासन की सतत प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि देवीपाटन मंडल के सभी चारों जनपद श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा एवं बलरामपुर में आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की नियमित एवं गहन समीक्षा की जाती है। प्रत्येक माह अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर लंबित प्रकरणों, निस्तारण की गुणवत्ता तथा शिकायतकताओं की संतुष्टि का मूल्यांकन किया जाता है।

उन्होंने बताया कि केवल शिकायतों का निस्तारण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि शिकायतकर्ता को वास्तविक न्याय मिले। इसी उद्देश्य से वह स्वयं प्रत्येक माह रैंडम रूप से पांच शिकायतकताओं से सीधे फोन पर बातचीत कर फीडबैक प्राप्त करती हैं। शिकायतकर्ता से यह जानकारी ली जाती है कि उसकी समस्या का वास्तविक समाधान हुआ है या नहीं। यदि कहीं केवल औपचारिक कार्रवाई या कागजी निस्तारण पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाती है। इस व्यवस्था से शिकायत निस्तारण में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल में महिलाओं एवं बेटियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संचालित श्मां पाटेश्वरी शक्ति संवादश पहल भी आईजीआरएस की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार बनी है।इस अभिनव व्यवस्था के माध्यम से महिलाओं की शिकायतों की नियमित सुनवाई कर उनका शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे महिला शिकायतकताओं का प्रशासन पर विश्वास भी लगातार मजबूत हुआ है। आयुक्त की पहल संध्या संवाद कार्येक्रम के अंतर्गत प्राथमिकता से जन शिकयतों का हो रहा निस्तारण देवीपाटन मंडल का प्रदर्शन केवल जुलाई माह तक सीमित नहीं है, बल्कि पिछले पांच महीनों से मंडल लगातार प्रदेश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले मंडलों में शामिल रहा है। मार्च 2026 में प्रथम, अप्रैल 2026 में प्रथम, मई 2026 में द्वितीय तथा जून और जुलाई 2026 में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त कर मंडल ने उत्कृष्ट एवं निरंतर प्रदर्शन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

# एमपी का बालू माफिया यूपी की लूट रहा बालू, प्रशासन मौन



**बांदा**। मध्य प्रदेश का बालू माफिया बांदा की सीमा पर अवैध खनन कर ओवरलोड ट्रकों का काफिला नियमों को ताक पर रखकर रोजाना गिरवां बॉर्डर से होकर प्रदेश के प्रमुख स्थानों पर अवैध तरीके से बालू

- थानों की नाक के नीचे से गुजर रहे ओवरलोड ट्रक

पहुंचा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि जिला प्रशासन आंख बंद किए है। केन नदी के किनारे मध्य प्रदेश की पट्टे वाली जमीन से निकलने वाली बालू अब बांदा होते हुए पूरे बुंदेलखंड में सप्लाई हो रही है। जिला स्तर पर बालू कारोबार से जुड़े लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस पूरे खेल में जिम्मेदार अधिकारी और परिवहन विभाग उसका सहयोगी है? रास्ते में पड़ने वाले थानों पर आरोप है कि माफिया से सुविधा शुल्क वसूल रहे हैं। इसी के चलते तय सीमा से दोगुने वजन के ट्रक बेखौफ गिरवां, मेडिकल कालेज चैकी, कालूकुआं, तिंदवारी, चिल्ला थानों की नाक के नीचे से गुजर रहे हैं। खनिज, आरटीओ, राजस्व, पुलिस विभाग चेकिंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है। सूत्रों का दावा है कि विभाग ने ईमान बेचने की रेट लिस्ट तक बना रखी है। प्रशासन की इस निष्क्रियता के चलते करोड़ों की लागत से बनी सड़कें टूट रही हैं, हादसे बढ़ रहे हैं और यूपी के राजस्व का करोड़ों का नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

## जनपदीय कार्यकारिणी की बैठक, शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा



**बांदा**। उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक टीचर्स सोसायटी परिसर में जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में हुई। शिक्षक समस्याओं को सभी शिक्षकों ने बड़े ही पुर जोर तरीके से उठाया। बहुप्रतीक्षित मांग प्रोन्नत वेतन पर चर्चा हुई, साथ ही साथ ग्राम प्रधान और विद्यालय प्रबंध समिति के सह खातेदारी से स्पष्ट आदेश न आने पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। शिक्षक साथियों को अधिकाधिक संख्या में जोड़ने, उनकी समस्याओं को ब्लॉक स्तर पर हल कराने पर बल दिया गया। बीएसए के परिचालक मोहम्मद कदीर खान के सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। पंकज सिंह ने अंग वस्त्र भेंटकर माल्यार्पण किया। संघ के जिला महामंत्री राजवीर सिंह का जन्म दिवस भी शिक्षकों ने हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान आलोक यादव, विनोद सिंह, प्रमोद कुमार द्विवेदी, शीतल प्रसाद, राकेश सिंह, संतोष कुमार, विवेक, राजेश कुमार, विद्याभूषण सिंह, शत्रुघ्न वीर, दशरथ प्रसाद, मोहम्मद खालिद खान, रत्नेश मिश्रा आदि रहे।

## दो दुकानों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**बांदा**। अतर्रा थानाक्षेत्र के गर्गनपुरवा में बीते शनिवार की रात चोरों ने दो दुकानों को किराना दुकान व सब्जी दुकान के शटर के ताले तोड़कर करीब दस हजार नगदी समेत तीन लाख रुपए का समान चोरी किया है। घटना की जानकारी होने के बाद दुकानदार व ग्रामीणों ने नरैनी- अतर्रा रोड में जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तहरीर लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन देकर 10 मिनट बाद जाम खुलवाया। गर्गनपुरवा निवासी प्रदीप गर्ग ने बताया कि अपने घर से 50 मीटर दूर किराना की दुकान किये है। बीते शनिवार की रात करीब 11 बजे प्रदीप दुकान बंद कर घर चला गया था। जिसके बाद देर रात चोरों ने जाकर दुकान में लगे शटर का ताला तोड़कर पान मसाला, बीड़ी, तंबाकू और मेवा समेत गोलक में रखे करीब पांच हजार रुपए की चोरी कर लिया। नगदी समेत करीब तीन लाख रुपए सामान की चोरी हुई है। इसके बाद बगल में स्थित सब्जी विक्रेता रतन सिंह की दुकान के शटर का ताला तोड़ कर गोलक में रखे लगभग तीन हजार रुपए के सिक्के पार कर दिया। रविवार की भोर ग्रामीणों ने दोनो दुकानों का शटर खुला होने की जानकारी दुकानदार प्रदीप व सब्जी विक्रेता रतन को दी। थाना प्रभारी राकेश तिवारी का कहना है कि कुछ संदिग्ध लोगों को चिन्हित किया गया है। घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# बहराइच में अनुप्रिया पटेल का शक्ति प्रदर्शन, कार्यकर्ताओं में भरा जोश



जिला संवाददाता

**बहराइच**। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने रविवार को बहराइच दौरे के दौरान संगठन को मजबूती देने के साथ ही विकास और जनसेवा को

- विधायक रामनिवास वर्मा ने गिनायीं विकास की उपलब्धियां

सरकार की प्राथमिकता बताया। जिला स्तरीय कार्यकर्ता समागम में उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच सक्रिय रहकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री सबसे पहले लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) निरीक्षण भवन पहुंचीं। इसके बाद गोंडा रोड स्थित बन सरिता रिसॉर्ट में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता समागम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित किया। समागम में संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी रणनीति पर भी चर्चा हुई।इस अवसर पर नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क संपर्क को बेहतर बनाने, ग्रामीण मार्गों के निर्माण तथा बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए गए हैं।

# नशा मुक्त युवा, अभियान का आयोजन



जिला संवाददाता

**बहराइच 02 अगस्त**। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत, बहराइच द्वारा श्री मानस इंटर कॉलेज, बिशुनपुर राहू में नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन का सजीव प्रसारण युवाओं को दिखाया गया। सभी युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान को सफल बनाने तथा राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मानस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश कुमार मिश्रा तथा जनहित फाउंडेशन के अध्यक्ष उमेश चन्द्र मिश्रा रहे। उन्होंने युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने

- प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। मेरा युवा भारत, बहराइच के जिला युवा अधिकारी नवनीत कुमार ने युवाओं को माई पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मेरा युवा भारत की विभिन्न गतिविधियों, स्वयंसेवा के अवसरों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से जानकारी देते हुए सभी युवाओं से माई भारत से जुड़कर सामाजिक एवं जनकल्याणकारी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी युवाओं को नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। सभी ने जीवनभर किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत, बहराइच प्रीति चैधरी, नंदिनी मिश्रा एवं रामगोपाल तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षकगण, युवा एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, मार्ग बनवाने की मांग



**बांदा**। ग्राम मवई बुजुर्ग के किसानों ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वजह से खेतों तक रास्ता बंद होने की समस्या को लेकर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा है। किसानों का आरोप है कि उनकी निजी भूमिधारी जमीन के एक तरफ बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का फ्लाईओवर है। दूसरी तरफ बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने उस जमीन को अपनी बताकर आम रास्ते में बाउंड्री दीवार बना दी है। ग्रामवासियों ने बताया कि दीवार बनने से गांव के किसान अपनी लगभग 300 बीघा जमीन तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे कृषि कार्य और आवागमन दोनों बाधित हो रहे हैं। किसानों को अपनी फसल बोने और काटने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चाहितारा मोड़ से चिल्ला रोड तक मार्ग बनाने की मांग किसानों ने विधायक से की है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दूसरी तरफ चाहितारा मोड़ से चिल्ला रोड तक एक किलोमीटर का पक्का रास्ता बनवाया जाए ताकि उन्हें अपने खेतों तक आने-जाने में कोई परेशानी न हो। इस दौरान संतोष कुमार सविता, रामजी त्रिवेदी, रामबरण यादव, विनय कुमार, श्रीराम, छत्रपाल सविता, देवीदीन यादव, पंचा सविता, सुखनंदी, रामदास, ओमप्रकाश, मोलवा, जगदीश, लाखन व अन्य लोग मौजूद रहे। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने ग्रामीणो को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करवांएगे।

# 121 मोबाइल बरामद, मालिकों को सौंपे



**फतेहपुर**। जनपद पुलिस ने खोए और गुमशुदा मोबाइल फोन बरामदगी के अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 121 मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किए। इन मोबाइलों की अनुमानित कुल कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है।इन पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि जनपद पुलिस द्वारा गुमशुदा एवं खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उएक्क्रपोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का नियमित परीक्षण और सतत अनुश्रवण किया जाता है, ताकि जैसे ही कोई मोबाइल पुनः सक्रिय हो, पुलिस तत्काल कार्रवाई कर सके।अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद की साइबर टीम, उउळठर टीम तथा थाना स्तर की पुलिस टीमों के बीच समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी बनाया गया है। विभिन्न जनपदों और दूरस्थ क्षेत्रों से मिली सूचनाओं के आधार पर भी मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों की सक्रियता, तकनीकी निगरानी और त्वरित कार्रवाई के चलते यह सफलता संभव हुई है।बाइट में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय ने कहा कि जनपद पुलिस का यह अभियान आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेगा। इसका उद्देश्य आमजन को शीघ्र राहत प्रदान करना, गुमशुदा संपत्ति की बरामदगी सुनिश्चित करना और लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करना है।उन्होंने अपील की कि मोबाइल फोन खो जाने की स्थिति में तत्काल संबंधित पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे तकनीकी माध्यमों से उसकी लोकेशन और बरामदगी की प्रक्रिया तेज की जा सके।

# महाभारत काल की अमिट धरोहर है सिद्धनाथ महादेव मंदिर



एस पी मिश्रा

**बहराइच**। जनपद का प्राचीन श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर केवल एक शिवालय नहीं, बल्कि महाभारत काल से जुड़ी सनातन परंपरा, आस्था और इतिहास का जीवंत प्रतीक माना जाता है। जनश्रुतियों के अनुसार महाभारत काल में अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने इसी पावन स्थल पर भगवान शिव की आराधना कर शिवलिंग की स्थापना की थी। तभी से यह स्थान सिद्धनाथ महादेव धाम के नाम से प्रसिद्ध है और लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख

- अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने की थी शिवलिंग की स्थापना, सदियों से अटूट है श्रद्धालुओं की आस्था

केंद्र बना हुआ है।सदियों पुराने इस मंदिर ने समय के अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन इसकी धार्मिक महत्ता और आध्यात्मिक गरिमा आज भी अक्षुण्ण बनी हुई है। मंदिर की प्राचीन वास्तुकला, विशाल शिखर तथा लाल पत्थरों पर की गई कलात्मक नक्काशी इसकी ऐतिहासिक विरासत का परिचय कराती है। समय-समय पर हुए जीर्णोद्धार के बावजूद मंदिर की मूल पहचान और प्राचीन स्वरूप सुरक्षित रखा गया है।श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां विराजमान शिवलिंग स्वयं सिद्ध है।

सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। यही अटूट विश्वास बहराइच ही नहीं, बल्कि श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, लखनऊ सहित कई जनपदों तथा पड़ोसी देश नेपाल से भी हजारों श्रद्धालुओं को वर्षभर सिद्धनाथ धाम तक खींच लाता है।भोर की पहली किरण के साथ ही सिद्धनाथ महादेव धाम में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष के बीच भक्त विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर जलाभिषेक करते हैं। इस प्राचीन धाम में प्रतिदिन श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं सावन मास में श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा लगभग चार गुना तक बढ़ जाती है। मंदिर परिसर में नर-नारियों के साथ-साथ युवा पीढ़ी की अटूट आस्था देखते ही बनती है।सायंकाल भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव का भव्य एवं राजसी श्रृंगार किया जाता है। मनोहारी पुष्पों, दिव्य आभूषणों और आकर्षक वेशभूषा से सुसज्जित बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि राजसी ठाठ-बाट में भक्तों को दर्शन देने वाले बाबा श्री सिद्धनाथ महादेव अपने दरबार से किसी भी श्रद्धालु को खाली हाथ नहीं लौटाते, बल्कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना स्वीकार कर सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।मंदिर के महंत एवं वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन रुद्राभिषेक, महाआरती, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होते हैं। सावन के प्रत्येक सोमवार, महाशिवरात्रि, कजरी तीज तथा अन्य प्रमुख पर्वों पर यहां आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ता ह।

## नवविवाहिता फांसी पर झूली, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप

**बांदा/बबेरू**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तरायां निवासी श्रीपाल प्रजापति के पुत्र शारदा की शादी ओरन निवासी रामाधार उर्फ जोकर की 20 वर्षीय पुत्री गीता के साथ 7 जुलाई को हुई थी। शनिवार को सुसर श्रीपाल, पत्नी उर्मिला, पुत्र शारदा, और बड़ी बहू रजनी के साथ धान के पौध-बेड लगाने के लिए खेत चले गए। घर में बड़ी बहू की बेटी अंजली और पुत्र जस को गीता के सहारे छोड़ गए। शाम करीब 4 बजे गीता जब फांसी के फंदे लटक रही थी तो दोनों बच्चों ने आवाज देकर ऐसा न करने को कहा। इसके बाद गीता ने फंदे से उतर कर दोनों बच्चों के हांथ-पैर बांध दिया फिर गले में साड़ी का फंदा डाल कर पंखे के हुक में लटक गई। किसी तरह से अंजली ने बंधे हुए फंदे को दांत के सहारे खोलकर छत में जाकर पड़ोसियों को गुहार लगाई। इस पर श्रीपाल के बड़े भाई के पुत्र भोला ने फोनकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन ने आकर मुख्य दरवाजा तोड कर गीता को फांसी के फंदे से नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ससुर श्रीपाल ने मृतका के परिजनों सहित पुलिस को घटना की जानकारी दी। मृतक की मां और पिता ने आरोप लगाया कि दहेज को लेकर बेटी के साथ ससुरालीजन अक्सर मार पीट करते थे। हत्या कर फांसी के फंदे में लटका दिया हैं। चैकी इंचार्ज अरविंद सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# रामलीला मैदान परिसर नानपारा में पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता



**बहराइच 02 अगस्त**। नानपारा स्थित रामलीला मैदान परिसर में आज वृहद स्तर पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर समूचे परिक्षेत्र को वन्य क्षेत्र विकसित करने का अभियान शुरू किया गया। शिवालय बाग सभागार में पर्यावरण जल संरक्षण जन जागरूकता अभियान का भी आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में वन्य कर्मी, अधिकारियों के अलावा राजस्व अधिकारी, पुलिस अधिकारी, समाजसेवी व पर्यावरणविद उपस्थित रहे।

महामना मालवीय मिशन व शिवालय बाग मंदिर प्रबंधन की ओर से आयोजित पर्यावरण जल संरक्षण परिचर्चा को संबोधित करते हुए तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी ने कहा कि नानपारा परिक्षेत्र में वृक्षारोपण की अपार संभावनाएं हैं आवश्यकता इस बात की है कि हम सब लोग मिलकर सामूहिक रूप से अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण करें तथा उनका संरक्षण भी करें ताकि जल एवं पर्यावरण संरक्षित और मानवानुकूल बना रहे सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशू गौतम ने कहा कि, वृक्षारोपण पवित्र कार्य है हम सब लोग मिलकर खाली पड़े स्थानों पर अभियान चलाकर वृक्षारोपण करें ताकि पर्यावरण व जल सुरक्षित और संरक्षित बना रह सके।

आयोजक अध्यक्ष महामना मालवीय मिशन (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि, क्षेत्रीय धार्मिक संगठन प्रतिनिधियों, समाजसेवी व पर्यावरणविदों के साथ सामूहिक टीम बनाकर समूचे परिक्षेत्र में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया जा रहा है तथा उनको संरक्षित करने के लिए स्थानीय स्तर पर जन सहयोग भी लिया जा रहा है। डिप्टी रेंजर नानपारा अमित वर्मा ने बताया कि, रामलीला मैदान व उससे सटे श्मशान भूमि के खाली पड़े स्थानों पर अभियान चलाकर पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया जा रहा है ताकि समूचा क्षेत्र हराभरा और पर्यावरण के अनुकूल बना रहे।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अंकुल कुमार ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता वृक्षारोपण अभियान में सतत सहयोग कर रहे हैं और प्रत्येक विद्यालय में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन संघ विचारक अशोक कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन ब्लॉक प्रमुख (शिवपुर) सुधीर यज्ञसैनी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवालय बाग महंत वीरेंद्र गिरी जी महाराज ने किया।

आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यार्थी परिषद नेता आदर्श कुमार, विमलेंद्र कुमार, देवाशीष व दयाशंकर, राहुल उपाध्याय, अधिवक्ता डीपी श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार अक्षय पाण्डेय, सनातन समाज नेता धर्मेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी फहीम अहमद, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव, समाजसेवी अश्वनी गुप्ता समेत तमाम स्थानीय लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर रामलीला मैदान में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण व जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

## रोटरी क्लब ने किया एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण



**बहराइच**। ब्लाक रिसिया के ग्राम पटेल नगर स्थित रोटेरियन अनिल सिंघल जी के फार्म हाउस पर रोटरी क्लब द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक रो अनिल सिंघल, रो कैलाश जालान, रो हिमांशु कंसल सहित दर्जनों रोटेरियन बंधुओं ने आंवला, जाबुन, फालसा, आम आदि के 210 पेड़ लगाए गए।इस अवसर पर क्लब की ओर से लन्च की भी व्यवस्था की गई थी, क्लब के मीडिया प्रभारी महेश गुप्ता का मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।इस आयोजन में रो अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, रो सचिव रामेश्वर रस्तोगी, रो राम गोपाल अग्रवाल, मुदित जालान, नमन अग्रवाल, प्रदीप केडिया, डॉ एस के वर्मा, रो राकेश दोचनि या दिनेश मंढोलिया, रो अनिल गुप्ता, पुष्पा रस्तोगी आदि सम्मिलित रहे।

## आज जनसुनवाई करेंगे आयोग के सदस्य

**बहराइच**। सदस्य, उत्तर प्रदेश अनुसुचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग श्री रमेश चन्द्र कुंडे 03 अगस्त 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम, नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों, जल निगम, डूडा, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, पंचायती राज, उद्योग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे तथा अनुसुचित जाति/जनजाति वर्ग से जुड़ी योजनाओं/उत्पीड़न से जुड़े मामलों में प्राप्त शिकायतों के सन्दर्भ में जनसुनवाई करेंगे।

संक्षेप

## टोयोटा ने की बिक्री में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की घरेलू बिक्री 5% बढ़कर 30,516 यूनिट हो गई मजबूत वर्ष-दर-वर्ष प्रदर्शन और वाहन श्रृंखला में मांग के साथ स्थिर वृद्धि जारी है टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने जुलाई 2026 में बिक्री में मामूली लेकिन स्थिर वृद्धि दर्ज की, जिसमें घरेलू बिक्री 30,516 यूनिट रही, जो एक साल पहले के 29,159 यूनिट से 5 प्रतिशत अधिक है। निर्यात सहित कुल बिक्री इस महीने 32,516 यूनिट रही जुलाई का प्रदर्शन जून के मजबूत प्रदर्शन के बाद आया है, जब टोयोटा ने घरेलू और निर्यात दोनों में वृद्धि के दम पर कुल 31,016 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की थी। जून में, घरेलू बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 28,441 यूनिट्स तक पहुंच गई, जबकि निर्यात में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2,575 यूनिट्स तक पहुंच गया। जुलाई के आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष सबरी मनोहर ने कहा कि कंपनी ने महीने के दौरान स्थिर बिक्री दर्ज की और एसयूवी पोर्टफोलियो में नई हिलक्स को एक नया जुड़ाव बताया।

## टाटा मोटर्स की सार्वजनिक वाहन बिक्री 59 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने जुलाई 2026 में अपनी मजबूत बिक्री गति को जारी रखा, और अपने आंतरिक-दहन और इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो में साल-दर-साल तेज वृद्धि दर्ज की कंपनी ने जुलाई 2026 में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल 63,760 यात्री वाहनों की बिक्री दर्ज की। यह जुलाई 2025 में दर्ज की गई 40,175 इकाइयों की तुलना में 59% की वृद्धि दर्शाती है। यह प्रदर्शन टाटा मोटर्स के लिए एक और महीने में 60,000 से अधिक यात्री वाहनों की थोक बिक्री का भी संकेत देता है, जो जून 2026 में कंपनी के मजबूत प्रदर्शन के बाद हुआ है। जुलाई में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 62,611 यूनिट तक पहुंच गई, जो पिछले साल इसी महीने में हुई 39,521 यूनिट की तुलना में 58 प्रतिशत अधिक है। यह संख्या जून में हुई 62,076 घरेलू यूनिट की बिक्री से भी थोड़ी अधिक थी, जिससे पता चलता है कि टाटा मोटर्स ने पूरे महीने अपनी बिक्री की गति को बनाए रखा। अंतरराष्ट्रीय कारोबार में भी सकारात्मक प्रगति हुई है, बिक्री पिछले वर्ष के 654 यूनिट से बढ़कर 1,149 यूनिट हो गई है। यह जून के 1,007 यूनिटों की तुलना में एक सुधार है।

## है जवानी तो इश्क होना है का हिंदी जी5 पर प्रीमियर

मुंबई। कुछ फिल्में आपका पूरा ध्यान चाहती हैं। कुछ फिल्में हर छोटी-बड़ी बात पर सोचने को मजबूर करती हैं। और फिर कुछ ऐसी भी होती हैं जो बस आपको आराम से बैठकर, दिमाग पर जोर दिए बिना भरपूर मनोरंजन का आनंद लेने के लिए कहती हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' ऐसी ही फिल्मों में शामिल है। डेविड धवन के निर्देशन में बनी और टिप्स फिल्म्स के बैनर तले रमेश तौरानी द्वारा निर्मित इस फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिकाओं में हैं। 31 जुलाई से हिंदी जी5 पर प्रीमियर हुई यह फिल्म डेविड धवन की खास कॉमिक शैली का भरपूर आनंद देती है, जिसमें रोमांस, गलतफहमियों और बॉलीवुड की मजेदार उथल-पुथल का ऐसा तड़का है, जिसका असली मजा बिना ज्यादा गंभीर हुए ही लिया जा सकता है। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें वरुण धवन, मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े, मनीष पॉल, जिमी शेरगिल, चंकी पांडे, मौनी रॉय, अली असगर, राकेश बेदी, राजेश कुमार और अन्य कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## नेटफ्लिक्स के लॉक अप: सच या सजा में हूमा कुरैशी व भूमि पेडनेकर ने की एंट्री

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स के कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक अप: सच या सजा ने अपने अंतिम वीक में प्रवेश कर लिया है। इस अवसर पर दो नए दिग्गजों की लॉक अप में एंट्री हुई है। लॉक अप में एंटर किया हूमा कुरैशी और भूमि पेडनेकर ने, जिन्होंने इनमेट्स के गेमप्ले को स्कैनर के नीचे रखकर उनसे वो सवाल पूछे, जिनका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिनाले करीब आ रहा है और हर फैसले के नतीजे बड़े हो सकते हैं। ऐसे में हूमा और भूमि ने बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर लॉक अप में प्रवेश किया है। बदलते समीकरणों और अनसुलझे विवादों से लेकर इनमेट्स के सफर और गेमप्ले तक, इन दोनों ने जजमेंट डे के लिए अपने-अपने नजरियों के साथ एंट्री की, जिससे अनेकों मुश्किल सवाल, बेबाक चर्चाएं और अप्रत्याशित मोड़ देखने को मिले। हूमा कुरैशी ने कहा कि लॉक अप एक बेहतरीन शो है।

# नौ कंपनियों की पूंजी 2.51 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2,51,228.75 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के बीच बजाज फाइनेंस लिमिटेड को सबसे ज्यादा लाभ हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,034.87 अंक यानी 2.67 प्रतिशत चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 616.15 अंक यानी 2.59 प्रतिशत की बढ़त में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में वृद्धि हुई। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत



घटगई। समीक्षाधीन सप्ताह में बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 80,345.97 करोड़ रुपये बढ़कर 7,10,817.51 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस का शेयर शुक्रवार को आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ा, क्योंकि कंपनी ने जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 44,959.50 करोड़ रुपये बढ़कर 12,30,005.63 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 40,414.03 करोड़ रुपये बढ़कर 8,55,894.78 करोड़ रुपये रहा। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बाजार हैसियत 39,447.35 करोड़ रुपये बढ़कर 17,69,108.79 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 21,096.80 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,844.69 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 10,845.97 करोड़ रुपये बढ़कर 9,47,799.81 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 8,164.73 करोड़ रुपये बढ़कर 11,52,150.63 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 4,427.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,37,435.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 1,660.37 करोड़ रुपये बढ़कर 10,29,878.30 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड की बाजार हैसियत 10,326.46 करोड़ रुपये घटकर 4,93,602.13 करोड़ रुपये रह गई। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# एफपीआई ने जुलाई में 20200 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे

नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार के लिए जुलाई का महीना राहत भरा रहा। लगातार चार महीने तक बिकवाली करने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) एक बार फिर भारतीय बाजार में लिवाल बन गए हैं और उन्होंने जुलाई में करीब 20,200 करोड़ रुपये का निवेश किया है। विदेशी निवेशकों के इस रुख में बदलाव के पीछे भारतीय शेयरों का आकर्षक मूल्यांकन, कंपनियों का बेहतर होता मुनाफा और वैश्विक स्तर पर सुधरते माहौल को प्रमुख कारण माना जा रहा है।

इससे पहले विदेशी निवेशकों ने लगातार चार महीनों तक भारतीय बाजार से बड़ी राशि निकाली थी। जून में उन्होंने 49,340 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मार्च में रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की



निकासी की थी। हालांकि, फरवरी में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था। जुलाई में लिवाली के बावजूद वर्ष 2026 में अब तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से कुल 2.54 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं, जो पूरे वर्ष 2025 में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे बाजारों में बढ़ती अस्थिरता तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश के जोखिम ने विदेशी निवेशकों को भारत जैसे अपेक्षाकृत स्थिर बाजारों की ओर आकर्षित किया है। रुपये की स्थिरता और बड़े भारतीय शेयरों का उचित मूल्यांकन भी निवेशकों के भरोसे को मजबूत कर रहा है। वैश्विक बाजारों में बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच भारत विदेशी निवेशकों के लिए एक स्थिर विकल्प बनकर उभरा है। कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया है। खासतौर पर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के शेयरों में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन के बाद तेजी देखने को मिली है और कृत्रिम मेधा (एआई) के असर को लेकर चिंताएं कुछ कम हुई हैं। विदेशी निवेशकों का रुझान केवल शेयर बाजार तक सीमित नहीं रहा। जुलाई में उन्होंने भारतीय ज ण या बॉन्ड बाजार में सामान्य मार्ग से 29,212 करोड़ रुपये और पूर्ण पहुंच मार्ग से 3,033 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# बिजली की खपत 11 प्रतिशत बढ़कर 170.7 अरब यूनिट हुई

नयी दिल्ली। भारत की बिजली की खपत जुलाई में सालाना आधार पर 10.93 प्रतिशत बढ़कर 170.70 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। अत्यधिक उमस के कारण देश के कई हिस्सों में एयर कंडीशनर जैसे ठंडक प्रदान करने वाले उपकरणों का उपयोग बढ़ने से ऐसा हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जुलाई, 2025 में देश की कुल बिजली खपत 153.88 बीयू थी।

विशेषज्ञों ने कहा कि देश भर में उमस भरी परिस्थितियों के कारण वास्तविक तापमान से अधिक गर्मी महसूस हुई, जिससे एयर कंडीशनर जैसे उपकरणों का उपयोग बढ़ गया और परिणामस्वरूप बिजली की मांग व खपत में वृद्धि हुई। पिछले महीने बिजली की अधिकतम मांग भी बढ़कर



270.20 गीगावाट (जीडब्ल्यू) पर पहुंच गई, जो जुलाई, 2025 में 220.74 जीडब्ल्यू थी। जुलाई में बिजली की अधिकतम मांग मई में दर्ज 270.82 जीडब्ल्यू के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर के लगभग करीब रही। पिछले साल मई में बिजली की मांग 230.99 जीडब्ल्यू थी। पिछली गर्मियों में, अधिकतम बिजली मांग जून, 2025 में 242.77 जीडब्ल्यू दर्ज की गई थी। विशेषज्ञों का कहना है कि चालू मानसून में उमस भरी स्थितियां बनी रहने से अगस्त में भी बिजली की मांग स्थिर बनी रहेगी।

# पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के ब्याज दर संबंधी निर्णय, पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों के अनुसार, इसके अलावा निवेशक कंपनियों के तिमाही नतीजों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे। इस सप्ताह विभिन्न गतिविधियां होनी है, जिसमें तीन से पांच अगस्त के बीच होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक महत्वपूर्ण है। साथ ही, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का दौर जारी है, जिसमें कई बड़ी और मझोली



कंपनियां अपने परिणाम घोषित करेंगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव और प्रमुख समुद्री मार्गों से कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति भी बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आंकड़ों के अनुसार, लगातार चार महीनों तक बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों ने जुलाई में भारतीय शेयर बाजार में वापसी की और 20,200 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। यह निवेश आकर्षक मूल्यांकन, बेहतर कॉरपोरेट नतीजों और वैश्विक परिस्थितियों में सुधार के चलते आया। निवेशकों का ध्यान इस सप्ताह पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर रहेगा। अमेरिका-ईरान तनाव के किसी भी तरह बढ़ने से इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशक धारणा पर पड़ेगा। इस सप्ताह डीएलएफ, भारती एयरटेल, ओएनजीसी, हीरो मोटोकॉर्प, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक जैसी कंपनियों के परिणाम जारी होने वाले हैं। मजबूत घरेलू आर्थिक संकेतकों और बेहतर तिमाही नतीजों के बल पर भारतीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुख बना रह सकता है। निवेशक आरबीआई के नीतिगत फैसले, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़ों के साथ-साथ कच्चे तेल की कीमतों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर नजर रखेंगे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,034.87 अंक यानी 2.67 प्रतिशत चढ़ा, जबकि एनएसई का निफ्टी 616.15 अंक यानी 2.59 प्रतिशत मजबूत हुआ।

# त्योहारी मांग में सुधार से सभी तेल-तिलहन के भाव मजबूत

नयी दिल्ली। आगामी त्योहारों के लिए बाजार में मांग बढ़ने के साथ किसानों की ओर से तिलहनों की आवक घटने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे।

बाजार सूत्रों ने कहा कि मौजूदा समय में देश में आयातित खाद्य तेलों के मुकाबले बिनौला, सरसों और मूंगफली तेल के दाम उंचे हैं। अधिक उंचे दाम का लाभ ले चुके किसान अब नीचे दाम (जो न्यूनतम समर्थन मूल्य सा एमएसपी से अधिक ही है) पर अपनी उपज बाजार में बेचने से कतरा रहे हैं। इसलिए बाजार में बिनौला, सोयाबीन और सरसों की आवक कम है।

आगामी त्योहारों के लिए खाद्य तेलों की मांग ने भी जोर पकड़ना शुरु कर दिया है। इन परिस्थितियों के बीच सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे। सूत्रों ने कहा कि सरकार को खाद्य तेलों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को नियंत्रित और व्यवस्थित करने पर सबसे अधिक ध्यान देना होगा क्योंकि इसमें मनमाने ढंग से हेरफेर किया जाता है। जैसे कि सरसों और मूंगफली तेल के थोक भाव लगभग बराबर यानी 170 रुपये किलो (1,000 ग्राम) बैठते हैं, लेकिन खुदरा बाजार



में सरसों के मुकाबले मूंगफली तेल का दाम काफी उंचा रहता है। सूत्रों ने कहा कि अगर 1,000 ग्राम सरसों तेल का थोक दाम 170 रुपये किलो है तो लीटर (910 ग्राम) में उसका थोक दाम 155 रुपये लीटर बैठना चाहिये। इसमें सारे खर्चो को जोड़ लें तो सरसों का एमआरपी 180-185 रुपये लीटर से अधिक नहीं होना चाहिये। अगर बाजारों में छानबीन करें तो इस मामले में मनमानापन उजागर होता है। खाद्य तेलों के मामले में देश में दूसरी सबसे बड़ी समस्या आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली करने की मजबूरी है। पैसों की तंगी के शिकार आयातक खाद्य तेल मामले में लगभग आयात पर निर्भर इस देश में लागत से नीचे दाम पर अपने सौदों का निपटान कर रहे हैं। सरकार को इन परिस्थितियों को संज्ञान में लेना होगा। उन्होंने कहा कि आगे जाकर सरसों की मांग और बढ़ेगी। सोयाबीन की अगली फसल अक्टूबर में आयेगी। सरकार को बिकवाली से बचते हुए सोयाबीन का स्टॉक बनाये रखना चाहिये। सरकार को मूंगफली का भी स्टॉक बचाकर रखना चाहिये। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 125 रुपये के सुधार के साथ 8,250-8,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों तेल दादरी 100 रुपये के सुधार के साथ 16,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल क्रमशः 15-15 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,720-2,820 रुपये और 2,720-2,870 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

# कमजोर मानसून से पेट्रोल-डीजल की बिक्री में उछाल

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की तीन पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की पेट्रोल और डीजल की बिक्री में जुलाई के दौरान जोरदार उछाल आया। उद्योग के प्रारंभिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। कमजोर मानसून के कारण किसानों और वाहन चालकों की ओर से ईंधन की मांग बढ़ने से ऐसा हुआ।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की पेट्रोल बिक्री जुलाई में 9.7 प्रतिशत बढ़कर 34.5 लाख टन हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 31.4 लाख टन थी। यह मात्रा जुलाई, 2024 में बेचे गए 29.9 लाख टन से 15.1 प्रतिशत अधिक और 2023 की समान अवधि में दर्ज स्तर से 36.1 प्रतिशत अधिक रही। हालांकि, जून की तुलना में पेट्रोल की बिक्री 34.8 लाख टन से 1.1 प्रतिशत घट गई। भारत में आर्थिक गतिविधियों के एक प्रमुख संकेतक-डीजल की बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत बढ़कर 71.2 लाख टन हो गई, जो एक साल पहले 64.3 लाख टन थी। डीजल भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला ईंधन है, जो माल ढुलाई, कृषि मशीनरी और सिंचाई को ऊर्जा प्रदान करता है। सामान्य से कम मानसूनी बारिश ने मुख्य बुवाई के मौसम के दौरान सिंचाई की मांग को बढ़ा दिया। विमान ईंधन की बिक्री जुलाई के दौरान 2.9 प्रतिशत बढ़कर 6,59,900 टन हो गई।

# निसान की घरेलू बिक्री में 218 प्रतिशत की बढ़ी

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने जुलाई,2026 में अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ मासिक होलसेल बिक्री दर्ज की है। इसी के साथ कंपनी ने अपने विकास के सफर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव जोड़ते हुए पूरे भारत में ग्राहकों के लिए नई निसान टेक्टॉन की डिलीवरी भी शुरू कर दी है। जुलाई में घरेलू होलसेल बिक्री में सालाना आधार पर 218 प्रतिशत की वृद्धि इस बात का मजबूत संकेत है कि भारत में निसान ब्रांड लगातार आगे बढ़ रहा है और ग्राहक हमारे ब्रांड पर भरोसा जता रहे हैं। ग्राहकों के लिए नई निसान टेक्टॉन की डिलीवरी शुरू होना भी हमारेविकास के सफर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इससे हमारा एसयूवी पोर्टफोलियो और मजबूत होगा तथा भारत में विकास को लेकर हमारी रणनीति को नई गति मिलेगी। 9 जुलाई, 2026 को सफल वर्ल्ड प्रीमियर के बाद 20 जुलाई,2026 से देशभर में नई निसान टेक्टॉन की डिलीवरी देशभर में शुरू कर दी गई है।

## पेज एक का शेष

### यूपी विधानमंडल

आगामी चार दिवसीय विधानमंडल सत्र की कार्यवाही एवं विधायी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

विपक्ष ने राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी, शिक्षक भर्ती, एक्सप्रेसवे निर्माण में अनियमितताओं, छात्रों पर लाठीचार्ज सहित कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। वहीं सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष के सभी आरोपों का तथ्यात्मक जवाब देने की तैयारी पूरी कर ली है। सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी के आजमगढ़ जनपद की निजामाबाद विधानसभा सीट से विधायक आलम बदी के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। श्रद्धांजलि के उपरांत सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित रहेगी। मंगलवार को अनुपूरक बजट पेश होने के बाद अन्य विधायी कार्य संपन्न होंगे, जबकि बुधवार और गुरुवार को बजट पर चर्चा तथा अन्य विधायी कार्यों के बाद सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन का सफल संचालन सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के सहयोग से ही संभव है।

विधानभवन के पांच किलोमीटर क्षेत्र में हाई अलर्ट

मानसून सत्र को देखते हुए विधानभवन और उसके आसपास के पांच किलोमीटर क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। बीएनएस की धारा 163 के तहत बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन, जुलूस और पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। राजभवन, मुख्यमंत्री आवास, विधानभवन एवं अन्य महत्वपूर्ण सरकारी परिसरों के आसपास नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर रोक रहेगी। पूरे क्षेत्र की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। सुरक्षा के मद्देनजर कई प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है तथा विधानभवन परिसर में शस्त्र, ज्वलनशील पदार्थ और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रवेश पर पूर्ण रोक रहेगी।

### प्रदेश के

अत्यंत महत्वपूर्ण है और सदन जनप्रतिनिधियों को संवाद करने का मंच प्रदान करता है। इससे निकले परिणाम जनोपयोगी होते हैं। 9 वर्ष में विधानसभा ने पूरे देश में संसदीय कार्यप्रणाली में उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे लोकतंत्र मजबूत हुआ है। सदन स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा के लिए जाना जा रहा है। यह काम सभी दलों के नेताओं की वजह से संभव हुआ है। सकारात्मक संवाद का परिणाम है कि विगत 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश के बारे में देश-दुनिया की धारणा बदली है। बैठक में नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मानसून सत्र में आमजन से जुड़े मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। इससे प्रदेश का विकास भी होता है और जनता की समस्याओं का समाधान भी। जनप्रतिनिधि को जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों को सदन में गंभीरता से उठाना चाहिए। सीएम ने सभी सदस्यों से अपील की कि सदन के सुचारु संचालन में सभी सदस्यों का सहयोग मिलना चाहिए, इसमें किसी भी प्रकार की बाधा न आए। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन के सुचारु संचालन के लिए सभी सदस्यों का सहयोग मांगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त/संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी से रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया, निषाद पार्टी विधानमंडल दल के नेता रमेश सिंह, अपना दल (एस) के आरके पटेल, राष्ट्रीय लोकदल के राजपाल बालियान आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने

किया। इस अवसर पर विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त/संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, ओमप्रकाश राजभर, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस कार्रवाई

के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था। साथ ही कहा था कि 18 वर्ष से कम आयु के जिन प्रदर्शनकारियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, उन्हें रिहा किया जाए। अदालत ने कहा था कि मामले में निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच आवश्यक है तथा जिसने भी कानून हाथ में लिया या किसी प्रकार की ज्यादती की, उसके खिलाफ कार्वाई होनी चाहिए।

### जनशिकायतों के

बाद प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 198 विशेष शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में शिकायतों की सुनवाई के साथ सरकारी योजनाओं और विभागीय सेवाओं की जानकारी तथा लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। आंकड़ों के अनुसार दूसरे चरण में अब तक 23,219 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 20,808 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसी अवधि में 81,753 नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिला। शिविरों के माध्यम से प्रशासन उन लोगों तक भी पहुंच बनाने का प्रयास कर रहा है, जो पात्र होने के बावजूद किसी कारण से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा सके। संबंधित विभागों के अधिकारी नागरिकों की जरूरत और पात्रता की जानकारी लेकर उन्हें उपयुक्त योजनाओं से जोड़ रहे हैं। अभियान का उद्देश्य सरकारी व्यवस्था को नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाना है।

### झारखंड में

किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने कहा, हमने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करके सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश की और संवैधानिक पदों का खुलेआम अपमान किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहित (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच पूरी होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### अब ईरान

हमलों को रोकने का भी प्रावधान है। इसमें इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा अरब खाड़ी देशों और जॉर्डन पर किए जाने वाले हमलों को रोकना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके बदले अमेरिका ईरान पर लागू अपनी नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करेगा और प्रस्तावित अस्थायी युद्धविराम समझौते के अनुसार तेहरान को फिर से तेल निर्यात करने की अनुमति देगा। अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है लेकिन मध्यस्थता के प्रयास जारी हैं। ट्रंप ने कहा कि इजराइल भी युद्ध समाप्त करने के लिए युद्धविराम समझौते को लागू करने की उनकी प्रतिबद्धता में शामिल हो गया है। हालांकि, इजराइल ने ट्रंप की इस घोषणा पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की। इससे पहले शनिवार को सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप से फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका द्वारा ईरान पर नए हमले करने की आशंका पर चिंता व्यक्त की। सऊदी अरब की समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। बातचीत से अवगत एक व्यक्ति ने बताया कि सलमान ने बातचीत के दौरान ट्रंप से यह स्पष्ट करने को कहा कि वह ईरान के खिलाफ किस प्रकार की नयी कार्वाई पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने नाम न उजागर करने की शर्त पर पुष्टि की कि दोनों नेताओं के बीच शनिवार को बातचीत हुई लेकिन बातचीत की विषय-वस्तु के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इस बीच, शनिवार को अमेरिकी विदेश विभाग ने 10 देशों में रह रहे अमेरिकी नागरिकों के लिए नयी सुरक्षा चेतावनी जारी की और ईरान के साथ बढ़ते तनाव के मद्देनजर उन्हें अधिक सतर्क रहने की सलाह दी। ये चेतावनियां बहरीन, इजराइल, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के लिए जारी की गई हैं। इनमें अमेरिकी नागरिकों से संभावित उड़ान रद्द होने, अस्थायी रूप से हवाई क्षेत्र बंद किए जाने तथा यात्रा में अन्य प्रकार की बाधाओं के लिए तैयार रहने को कहा गया है। पश्चिम एशिया के एक अन्य घटनाक्रम में रविवार को गाजा पट्टी में इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम आठ फलस्तीनी मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं।

### विराज सागर दास ने

स्थित पिकल डोम में आयोजित द्वितीय लखनऊ जिला पिकलबॉल चैंपियनशिप के रोमांचक मुकाबलों के साथ समापन को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विराज सागर दास और सम्मानित अतिथि इंजीनियर अवनीश सिंह ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक ने भी विशेष रूप से उपस्थित होकर पुरस्कार वितरित करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें उज्ज्वल खेल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। चैंपियनशिप में वैष्णवी लोधी ने महिला एकल और मिश्रित युगल दोनों वर्गों के खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की, जबकि पुरुष एकल वर्ग में माधव विजेता बने। समारोह की अध्यक्षता लखनऊ पिकलबॉल एसोसिएशन के सचिव एवं स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। एसोसिएशन का प्रयास खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, नियमित प्रतियोगिताएं और उच्च स्तर तक पहुंचने के अवसर उपलब्ध कराना है। महिला एकल फाइनल में वैष्णवी लोधी ने जाह्नवी द्विवेदी को एकतरफा मुकाबले में 15-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके बाद मिश्रित युगल फाइनल में वैष्णवी लोधी और रौनक छाबड़ा की जोड़ी ने निखिल सिंह और जाह्नवी द्विवेदी को 15-3 से पराजित कर खिताबी जीत दर्ज की। पुरुष एकल के रोमांचक फाइनल में माधव ने पार्थ को 17-15 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मैच में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन निर्णायक क्षणों में माधव ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर अरविंद शर्मा (सचिव, उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन), आयोजन सचिव एवं रणवीर सिंह, इवेंट कोऑर्डिनेटर ऋषि श्रीवास्तव, सिद्धांत श्रीवास्तव एवं रिधम थापा, राष्ट्रीय खिलाड़ी अर्जुन शर्मा, संदीप जोशी, साइकिलिस्ट डॉ. प्रभात रंजन सहित संचालन समिति के सदस्य यशराज, आदित्य, आर्यन, विशाल, आदर्श, ऋषि, सिद्धांत, रिधम और सृष्टि भी मौजूद रहे।

### भारत-श्रीलंका

उसकी अनुभूति अलग होती है। मेरे लिए यह एक बेहद भावुक लम्हा है। आने वाला समय मेरे लिए चुनौती भरा है। यह सम्मान मुझे भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। विप्रज के कोच सरवर नवाब ने भी अपने अनुभव साझा किये। इस मौके पर सीएएल के सचिव केएम खान, डायरेक्टर राकेश सिंह, संयुक्त सचिव नईम चिस्ती, तुषार सिन्हा, कमर हुसैन चंदू, सुमित गुप्ता, अरिफुल हसन, एसपी सिंह, अशर खालिद समेत कई हस्तियाँ मौजूद रहीं। सभी ने विप्रज निगम को इंडिया 'ए' टीम में चयन तथा घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे समारोह का वातावरण उत्साह, गौरव और सम्मान से ओत-प्रोत रहा।




# भारत व श्रीलंका टेस्ट सीरीज 15 से

## जसप्रीत बुमराह श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर:घुटने की चोट से उबर नहीं पाये

एजेंसी



मुंबई । भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। सीरीज का पहला मैच 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा। बुमराह बाएं घुटने की चोट से उबर रहे थे। बेंगलुरु में मौजूद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उनका रिहैबिलिटेशन चल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड की मेडिकल टीम ने उन्हें अभी वापसी न करने की सलाह दी है। उन्हें पूरी तरह ठीक होने तक आराम करने को कहा गया है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। वे सीरीज के आखिरी वनडे में नहीं खेल सके थे। 32 साल के बुमराह को मंगलवार को भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था। ढळक की रिपोर्ट में कहा गया था कि बुमराह श्रीलंका सीरीज के लिए फिट हो जाएंगे।

श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम में मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को भी जगह मिली है। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज के कंधों पर तेज गेंदबाजी का जिम्मा होगा। गुरनूर बरार भी टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने अब तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है। बुमराह ने श्रीलंका के खिलाफ 2 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 9.00 की औसत के साथ उन्होंने कुल 10 विकेट लिए हैं। एक पारी में 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उन्होंने श्रीलंका की धरती पर अब तक कोई टेस्ट नहीं खेला है। बुमराह ने अपने टेस्ट करियर में 234 विकेट लिए हैं। भारत और श्रीलंका के बीच अब तक 17 टेस्ट सीरीज खेली गई हैं। इनमें टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने 10 सीरीज जीती हैं, जबकि श्रीलंका को 3 में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच 4 सीरीज ड्रॉ रही हैं। श्रीलंका पिछले छह सीरीज से भारत को नहीं हरा सका है।

उसने भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट सीरीज जीत 2008 में दर्ज की थी, यानी उसे करीब 18 साल से भारत के खिलाफ सीरीज जीत का इंतजार है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के आखिरी दिन भारत जूडो तथा ट्रैक साइक्लिंग में अपनी चुनौती पेश करेगा। ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग में रोनाल्डो सिंह लैतोंजाम और लिशा दास सीधे मेडल इवेंट में उतरेंगे। वहीं दूसरी ओर आईपीएल 2026 में निराशाजनक सीजन के बाद मुंबई इंडियंस अपने स्क्वॉड का रिव्यू कर रही है। इससे पहले कप्तान हार्दिक पंड्या ट्रेड विंडो की सबसे बड़ी चर्चा बन गए हैं।

कई रिपोर्ट्स में कहा गया था कि हार्दिक ट्रेड हो सकते हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी ट्रेड की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। स्पोर्टस्टार से बातचीत में मुंबई इंडियंस के प्रवक्ता ने कहा, हमारा पोस्ट-सीजन रिव्यू फिलहाल चल रहा है और हम टीम के सभी पहलुओं पर गौर कर रहे हैं। हम खिलाड़ियों के ट्रेड के संबंध में किसी बातचीत में शामिल नहीं हैं, रिव्यू पूरा होने के बाद ही यह संभव है। कई तरह के विकल्पों और विचारों का मूल्यांकन किया जा रहा है, जिसमें समय लगता है, इसलिए अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। हाल ही में रिपोर्ट आई थी कि भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक के लिए अगला ठिकाना चेन्नई सुपर किंग्स हो सकती है।

इसके अलावा राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स भी हार्दिक को अपनी टीम में शामिल करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। रिव्यू केवल कप्तानी तक सीमित नहीं है। फ्रेंचाइजी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, मुंबई इंडियंस अपने लीडरशिप ग्रुप, कोचिंग स्टाफ और ओवरऑल क्रिकेट ऑपरेशंस का मूल्यांकन कर रही है। टीम ऐसे स्क्वॉड का पुनर्गठन करना चाहती है जो पिछले कुछ, सालों से लगातार खिताबी दौड़ में पिछड़ रहा है। मुंबई इंडियंस का पिछले 3 सीजन में प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। 2024 में टीम ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। 2025 में 5 बार की चैंपियन टीम ने वापसी करते हुए प्लेऑफ में जगह बनाई। 2026 में एक बार फिर टीम ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के 10वें दिन शनिवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल्ड मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड बॉक्सिंग और एक पैरा शॉटपुट से आया। भारत ने पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स के एक ही एडिशन में बॉक्सिंग में 7 गोल्ड मेडल जीते हैं।

# मुक्केबाजी रिंग में रहा भारत का जलवा, रिकॉर्ड सात स्वर्ण पदक जीते

ग्लास्गो। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए पांच स्वर्ण पदक जीते जबकि पुरूष वर्ग में सचिन सिवाच और अंकुश पंघाल ने खिताब अपने नाम किये जिसके दम पर भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में शनिवार को अपने अभियान का समापन अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ किया।

मौजूदा विश्व चैम्पियन जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रीति पवार (54 किलो), साक्षी चौधरी (51 किलो), अरूंधति चौधरी (70 किलो), प्रिया घंघास (60 किलो) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वजन वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। वहीं ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पुरूष वर्ग में





सचिन सिवाच (60 किलो) और अंकुश (70 किलो) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि 55 किग्रा वर्ग में जादूमणि सिंह और 90 प्लस किलो स्पर्धा में नरेंदर बेरवाल ने रजत पदक जीता। इससे पहले भारत ने गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेल 2018 में मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। भारत माता की जय और इंडिया इंडिया के नारों के बीच एसएसी एरेना में भारतीय मुक्केबाजों को घर जैसा समर्थन मिला।

अंकुश पंघाल ने पुरुषों के 80 किग्रा वजन वर्ग के फाइनल में इंग्लैंड के दिमेजी शिट्टू को हराकर भारत को सातवां स्वर्ण पदक दिलाया। अंकुश ने शिट्टू के खिलाफ 4-1 के विभाजित फैसले से जीत दर्ज की। सचिन सिवाच ने इससे पहले पुरुषों के 60 किग्रा वजन वर्ग के रोमांचक फाइनल में नामीबिया के ट्रायागेन मॉर्निंग एनडेवेलो को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह भारत का छठा स्वर्ण पदक रहा। सचिन ने शुरुआती दो राउंड में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की।

उन्होंने तीसरे और अंतिम राउंड में एनडेवेलो को स्टैंडिंग काउंट के लिए मजबूर कर दिया जिसके बाद भारतीय मुक्केबाज ने 3-2 के विभाजित फैसले में जीत दर्ज की। हालांकि ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को महिलाओं के 70 किलोवर्ग के फाइनल में आस्ट्रेलिया की एम्मा सू ग्रीनट्री से खंडित फैसले में 4-1 से मिली हार से रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



## संक्षेप

### कोलंबस क्रू ने मेजर लीग सॉकर में मियामी को बराबरी पर रोका

मियामी। ब्रेस मेंडेज ने मेजर लीग सॉकर में पदार्पण करते हुए अंतिम लम्हों में गोल दागा जिससे कोलंबस क्रू ने इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। शनिवार को हुए इस मैच में कोलंबस ने मियामी के लगातार छह मैच में जीत के क्रम को भी तोड़ दिया। मियामी ने हालांकि अपने पिछले सात मैच नहीं गंवाए हैं। मेंडेज ने 84वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागकर कोलंबस को बराबरी दिलाई। अर्जेन्टीना को अपनी कप्तानी में लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में जगह दिलाने वाले लियोनल मेस्सी मियामी की ओर से 53वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे। उन्हें गोल करने के कई मौके मिले लेकिन सफलता नहीं मिली। कोलंबस को पहले हॉफ में आत्मघाती गोल का भी फायदा मिला। मियामी के लिए लुई सुआरेज ने 16वें मिनट जबकि नोह एलेन ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागा।

### रोनाल्डो टाइम ट्रायल में 20वें स्थान पर

ग्लास्गो। भारतीय साइकिलिस्ट रोनाल्डो सिंह लैतोंजाम रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों के अंतिम दिन पुरुषों की 1000 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में 20वें स्थान पर रहे जबकि हर्षवीर सिंह सेखों और दिनेश कुमार पुरुषों की 40 किमी प्वाइंट्स रेस के क्वालीफाइंग दौर में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बाहर हो गए जिसके साथ ही देश का इस खेल में अभियान समाप्त हो गया। रोनाल्डो ने 1000 मीटर टाइम ट्रायल में एक मिनट 4.191 सेकेंड का समय निकाला और 20वां स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में केवल तीन साइकिलिस्ट ही एक मिनट से कम समय में दौड़ पूरी कर सके। ऑस्ट्रेलिया के लेह हॉफमैन ने 58.530 सेकेंड के समय से स्वर्ण और इंग्लैंड के जोसेफ ट्रूमैन ने 59.525 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता। ऑस्ट्रेलिया के टेट रायन ने 59.684 सेकेंड के समय से कांस्य पदक हासिल किया। इस नतीजे के साथ ही भारत का राष्ट्रमंडल खेलों में साइकिलिंग अभियान समाप्त हो गया।

### हर्षवीर और दिनेश साइकिलिंग रेस से बाहर

ग्लास्गो। भारतीय साइकिलिस्ट हर्षवीर सिंह सेखों और दिनेश कुमार रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों के अंतिम दिन पुरुषों की 40 किमी प्वाइंट्स रेस के क्वालीफाइंग दौर में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए। हर्षवीर क्रिस होय वेलोड्रोम में आयोजित क्वालीफाइंग की पहली हीट में रेस पूरी नहीं कर सके जबकि दिनेश 12 प्रतिभागियों में 11वें स्थान पर रहे। प्रत्येक हीट से अंतिम तीन स्थान पर रहने वाले साइकिलिस्ट बाहर हो जाते हैं।


# राष्ट्रमंडल : प्रवीण चित्रावेल का रजत बना गांव के लिए प्रेरणा

तिरुवरुर (तमिलनाडु)। सेट्टीसथिरम गांव में दिहाड़ी पर खेतों में काम करने वाले एक मजदूर के साधारण घर में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब भारतीय एथलीट प्रवीण चित्रावेल ने 2026 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष त्रिकूद स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया।

प्रवीण के पिता चित्रावेल ने अपने बेटे की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर फक्र महसूस करते हुए परिवार के संघर्षपूर्ण सफर को याद किया। उन्होंने पीटीआई वीडियो से कहा, मैं खेतों में एक दिहाड़ी मजदूर हूं। मैंने दिहाड़ी मजदूरी से होने वाली कमाई से अपने बच्चों को पढ़ाया-लिखाया और उनके सपनों को पूरा करने में हरसंभव सहयोग दिया। प्रवीण की शुरुआती खेल यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा, मैं जहां भी जाता था, उसे अपनी साइकिल पर साथ लेकर जाता था। मैंने उसे धीरे-धीरे दुनिया दिखाई और वह कदम-दर-कदम आगे बढ़ता गया, अंततः अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गया। प्रवीण ने शनिवार को कड़ाके की ठंड के बीच 16.58 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाकर रजत पदक अपने नाम किया।

वह बेहद मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। इस करीबी मुकाबले का जिक्र करते हुए उनके पिता ने कहा कि परिवार को स्वर्ण पदक की उम्मीद थी, लेकिन बेटे की उपलब्धि पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा, वह बहुत मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गया, लेकिन कोई बात नहीं।

# पुरुष हॉकी टीम की मेजबानी करेगा भारत



एजेंसी

बेंगलुरु। भारत सात से 13 अगस्त तक यहां साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) नेताजी सुभाष दक्षिणी केंद्र में मलेशिया की अंडर-21 पुरुष टीम की आठ मैच की श्रृंखला के लिए मेजबानी करेगा। इस श्रृंखला में मलेशिया की अंडर-21 टीम भारतीय जूनियर पुरुष टीम के खिलाफ पांच और साइ टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। यह श्रृंखला आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए दोनों टीम की तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस श्रृंखला का उद्देश्य दोनों टीमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परिस्थितियों में खेलने का अवसर उपलब्ध कराना और द्विपक्षीय खेल संबंधों को मजबूत करना है। भारतीय जूनियर टीम मलेशिया से सात, आठ, 10, 12 और 13 अगस्त को भिड़ेगी। इसके अलावा मलेशियाई टीम साइ टीम के खिलाफ तीन, पांच और 15 अगस्त को मुकाबले खेलेगी।

**मलेशिया की अंडर-21**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच फ्रेडरिक सोयेज ने श्रृंखला से पहले कहा, ये मुकाबले एशिया कप की तैयारियों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होंगे। यह बेल्जियम दौरे के दौरान शुरू किए गए हमारे काम की निरंतरता का हिस्सा हैं जहां खेले गए मुकाबलों के दौरान हमने लगातार प्रगति देखी थी। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि मलेशिया के खिलाफ यह श्रृंखला हमें बेल्जियम में किए गए काम और पिछले सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान हुए सुधार को आगे बढ़ाने का अवसर देगी। भारतीय जूनियर टीम हाल में बेल्जियम में प्रशिक्षण और मैच खेलकर लौटी है। मलेशिया के खिलाफ यह अनुभव श्रृंखला जूनियर एशिया कप की तैयारियों का अहम हिस्सा मानी जा रही है।

# लवलीना का पदक असम बाढ़ पीड़ितों को समर्पित

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में जीता अपना रजत पदक बाढ़ से जूझ रहे असम के लोगों को समर्पित किया। लवलीना को महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री के खिलाफ 1-4 के विभाजित फैसले में हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उन्होंने इन खेलों में अपने अभियान की शुरुआत सेमीफाइनल से की थी, जहां उन्होंने तुवालू की तारोना खानम बादी पासोनी ताफाकी को 5-0 से हराया था। लवलीना ने रविवार को ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा इस समय असम की जो स्थिति है, वह मेरे लिए काफी दुखद है। असम के लोगों को इस स्थिति में देखकर मुझे बहुत बुरा लग रहा है। बाढ़ खत्म होने के बाद भी लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

असम में बाढ़ से सात जिलों में लगभग 1.78 लाख लोग प्रभावित है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में राज्य में बाढ़ से किसी की मौत की सूचना नहीं मिली है जिससे मृतकों की संख्या 82 बनी हुई है। लवलीना ने कहा मैं यहां खेलों में भाग लेने के कारण मुश्किल में फंसे अपने लोगों के साथ नहीं थी। ऐसे में मैं यह पदक बाढ़ से प्रभावित लोगों को समर्पित करती हूं।

# गुलवीर को 5000 मीटर में ऐतिहासिक कांस्य

एजेंसी

ग्लास्गो। गुलवीर सिंह शनिवार को 5000 मीटर में कांस्य पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए और एक ही राष्ट्रमंडल खेल में एथलेटिक्स में दो



पदक जीतने वाले वह भारत के पहले खिलाड़ी हैं जबकि पैरा शॉटपुट में सोमन राणा ने शनिवार को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। त्रिकूद स्पर्धा में प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। भारत के एथलीटों ने इन खेलों में ट्रैक और फील्ड में पांच रजत और पांच कांस्य पदक जीत लिये हैं। भारत को एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक नहीं मिला लेकिन यह 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में 12

**पैरा शॉटपुट में राणा को स्वर्ण**

पदक जीतने के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मौजूदा एशियाई चैम्पियन गुलवीर ने 28 जुलाई को 10000 मीटर में रजत पदक जीता था। वह 13 मिनट 24 . 95 सेकंड का समय निकालकर 5000 मीटर में तीसरे स्थान पर रहे। कीनिया के मैथ्यू किपचुंबा किपसांग ने 13 मिनट 23.61 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

आस्ट्रेलिया के की रॉबिनसन ने रजत पदक हासिल किया। भारत के 28 वर्ष के गुलवीर के नाम 5000 और 10000 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। गुलवीर ने 10000 मीटर में हांगझोउ एशियाई खेल 2023 में कांस्य पदक जीता था। पुरुषों की एफ57 गोला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करते हुए 2022 एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता राणा ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 13.40 मीटर की दूरी तक गोला फेंका और पहला स्थान हासिल किया। भारत के ही शुभम जुयाल ने सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ 13.28 मीटर के प्रदर्शन के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि कैमरून के सेद्रिक अजामद्जी ने 12.57 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन की शुरुआत पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में चित्रावेल के शानदार प्रदर्शन से हुई। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चित्रावेल ने 16.58 मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता और ग्लास्गो में अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार किया। वहीं सेल्वा प्रभु ने 16.52 मीटर की कूद से कांस्य पदक हासिल किया। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनका पहला बड़ा पदक है। जमैका के जॉर्डन स्कॉट ने 16.72 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की टी54 1500 मीटर फाइनल स्पर्धा में भारत के रमेश शनमुगम तीन मिनट 23.59 सेकंड का समय लेकर सातवें स्थान पर रहे। महिलाओं की 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में भी भारत को निराशा हाथ लगी। प्रियंका गोस्वामी ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ समय 45 मिनट 53.93 सेकेंड दर्ज किया लेकिन वह चौथें स्थान पर रहीं। वहीं इस स्पर्धा में हिस्सा ले रहीं दूसरी भारतीय खिलाड़ी रवीना को अयोग्य घोषित कर दिया गया।



### रजत पदक जीतने पर हिमंता ने लवलीना को दी बधाई

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने ग्लास्गो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने पर मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को बधाई दी और कहा कि उनकी उपलब्धियां राज्य के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं। सरमा ने शनिवार देर रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा असम का गौरव, भारत की चैंपियन। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में रजत पदक जीतने पर लवलीना बोरगोहेन को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा आप युवा खिलाड़ियों की एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित करती हैं और हर असमवासी को गर्व महसूस कराती हैं। हम आपकी इस शानदार उपलब्धि का जश्न मनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता लवलीना को महिलाओं के 70 किग्रा वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री के खिलाफ 1-4 के खंडित फैसले में हार का सामना करना पड़ा जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# नारंग राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक मुकाबले में

एजेंसी



ग्लास्गो। भारतीय जूडो खिलाड़ी इशरूप नारंग ने रविवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग के रेपेशॉज मुकाबले में कैमरून की जॉर्जिका वेस्ली जेंगुए मौने को हराकर कांस्य पदक जीतने की उम्मीद बरकरार रखी। पंजाब की 19 साल की इशरूप ने अपने से मजबूत और लंबी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दो युको हासिल करने के बाद वाजा-आरी के आधार पर मुकाबला अपने नाम किया। इससे पहले इशरूप के क्वार्टर फाइनल में हारने से स्वर्ण पदक जीतने का अभियान समाप्त हो गया था।

उन्हें इंग्लैंड की एमा रीड ने इप्पोन से हरा दिया। चार मिनट तक चले इस मुकाबले में इशरूप को दो पेनल्टी (शिडो) मिली जबकि एमा ने दो वाजा-आरी हासिल कर जीत सुनिश्चित की। इशरूप ने स्कॉटलैंड की निकोल वुड को हराकर महिलाओं के 78 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी जिसमें निर्धारित समय के अंत तक मुकाबला बराबरी पर रहा। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों को एक-एक पेनल्टी मिली। भारतीय खिलाड़ी ने गोल्डन स्कोर में एक मिनट 40 सेकेंड के बाद निर्णायक युको हासिल कर पांच मिनट 40 सेकेंड तक चले मुकाबले में जीत दर्ज की। भारत के अवतार सिंह को हालांकि पुरुषों के 100 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में साइप्रस के अरिस्टोस माइकल के खिलाफ इप्पोन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं यश घंगास भी पुरुषों के 100 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में राउंड 16 में वेल्स के जोशुआ व्हाइटहाउस से 0- । से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। व्हाइटहाउस ने मुकाबले के बीच में एक निर्णायक युको हासिल किया और अंत तक अपनी बढ़त बनाए रखी। चार मिनट तक चले मुकाबले में यश को दो पेनल्टी भी मिलीं और वह वापसी नहीं कर सके।

# कुक्कीवान ब्लैक बेल्ट हासिल कर खिलाड़ियों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

खेल संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नौ ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने विश्व ताइक्वांडो मुख्यालय कुक्कीवान (दक्षिण कोरिया) से जारी ब्लैक बेल्ट प्रमाणपत्र प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के सभागार में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो एग्जामिनर एवं मास्टर डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन) ने खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। डॉ. सैयद रफत ने अपने संबोधन में कहा कि कुक्कीवान ब्लैक बेल्ट ताइक्वांडो खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी योग्यता का प्रमाण है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डॉन प्रमाणपत्र प्राप्त करने वालों में अधिराज सिंह, माही यादव, वैशान्वी रंजन, अभिमुदय तिवारी, आरुष कश्यप, युवराज सिंह, अंश कनौजिया और वान्या शर्मा शामिल रहे। वहीं अबरार को ब्लैक बेल्ट सेकेंड डॉन का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो मास्टर मोहम्मद नदीम, अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी, राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित डिम्मी तिवारी तथा वरिष्ठ ताइक्वांडो प्रशिक्षक तौकीर अली सहित अनेक खिलाड़ी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### नवनीत व दिनेश इंग्लैंड से हारे, लॉन बॉल्स से बाहर

ग्लास्गो। नवनीत सिंह और दिनेश कुमार की भारतीय जोड़ी का राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स प्रतियोगिता में शानदार अभियान शनिवार को पुरुषों की पेयर्स स्पर्धा के सेक्शन मुकाबले में इंग्लैंड के निक ब्रेट और जेमी वॉकर के खिलाफ टाई-ब्रेकर में हार के साथ थम गया। इंग्लैंड की जोड़ी ने सेक्शन बी के पांचवें राउंड के मुकाबले में पहला सेट 4-3 से जीता, जबकि भारतीय खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए दूसरा सेट 4-2 से अपने नाम कर लिया। इसके बाद मुकाबले का फैसला टाई-ब्रेकर से हुआ जिसमें दिनेश और नवनीत की जोड़ी 0-1 से पिछड़ गई। इस हार के साथ भारतीय जोड़ी का टूर्नामेंट में शानदार सफर समाप्त हो गया। इससे पहले नवनीत और दिनेश ने सेक्शन बी में लगातार चार जीत दर्ज करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था और नॉकआउट चरण में पहुंचने की मजबूत स्थिति बना ली थी।

# राजस्थान के 24 जिलों में बारिश

## अजमेर में सड़कों पर पानी भरा:बिहार-झारखंड में बिजली गिरने से10 की मौत, केरलम और कर्नाटक में लैंडस्लाइड से 11 जानें गईं

एजेंसी



नयी दिल्ली । देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। राजस्थान के 24 जिलों में बारिश हो रही है। इसकी वजह से अजमेर की सड़कों पर पानी भर गया। वहीं, बिहार के बांका में अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। झारखंड में भी बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। केरलम में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड और बाढ़ से 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 8 लोग लापता हैं।

सरकार ने 209 राहत शिविर बनाए हैं, जहां 5,792 लोगों को सुरक्षित पहुंचाया गया है। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में रविवार सुबह लैंडस्लाइड में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मल्लिकार्जुन (35), उनकी पत्नी नागवेणी (28) और 3 साल का बेटा संतोष शामिल हैं। हादसे के समय तीनों पहाड़ी के पास बने घर में सो रहे थे। केरलम के कन्नूर जिले की श्रीकंदापुरम नगर पालिका में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। कई मकानों और दुकानों को नुकसान पहुंचा। सड़कों पर मलबा भर गया। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। कई मकानों और दुकानों को नुकसान पहुंचा। सड़कों पर मलबा भर गया। सूरत के कई इलाकों में शनिवार को सड़कों और घरों में दो से तीन फीट पानी भर गया। गुजरात के मोरबी में बाढ़ जैसे स्थिति हो गई। लोग गले तक पानी में तैरकर एक जगह से दूसरी जगह जा रहे हैं। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में सूखे मौसम की वजह से तिरुचिरापल्ली के थेन्नूर में मुस्लिम समाज के 2,000 लोगों ने बारिश की विशेष प्रार्थना (सलात अल-इस्तिस्का) की। कई जिलों में तापमान 37.5त्ठ से ऊपर बना हुआ है और राज्य भीषण जल संकट का सामना कर रहा है। गुजरात के सूरत में फिलहाल बारिश रुक गई है, लेकिन किम नदी का जलस्तर अब भी बढ़ा हुआ है। नदी के किनारे स्थित मुक्तिधाम श्मशान घाट पानी में डूब गया, जिसके चलते लोगों को अंतिम संस्कार के लिए दूसरे श्मशान घाटों पर जाना पड़ रहा है। केरल के अलप्पुझा जिले के कुट्टनाड और अपर कुट्टनाड क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। पंबा और अचनकोविल नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। वीयापुरम और चेरुथाना गांवों में बाढ़ से 100 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। अलप्पुझा में 11 राहत शिविर चल रहे हैं, जहां 169 परिवारों के 580 लोगों को ठहराया गया है। केरल मुख्यमंत्री कार्यालय (उटड) के मुताबिक, भारी बारिश से अब तक 8 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 8 लोग लापता हैं। इस आपदा में 13 लोग घायल हुए हैं।

राज्यभर में 5,792 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर 209 राहत शिविरों में ठहराया गया है। बारिश और लैंडस्लाइड के कारण 27 घर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, जबकि 196 घरों को नुकसान पहुंचा है। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में रविवार सुबह से तेज हो रही बारिश के कारण नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में और बारिश की संभावना जताई है, जिसके चलते लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की सबसे बड़ी वजह हिमालय की ऊंची पर्वत श्रृंखलाएं हैं। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी भरी हवाएं इन पहाड़ों से टकराकर ऊपर उठती हैं। ऊपर जाते ही हवा ठंडी हो जाती है और उसमें मौजूद नमी तेजी से बादलों में जमा होने लगती है।

# दक्षिण कन्नड़ में मूसलाधार बारिश के बाद नदियां उफान पर, यातायात और जनजीवन प्रभावित



मंगलुरु (कर्नाटक)। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश और तेज़ हवाओं के कारण भूस्खलन हुआ जिससे यातायात और जन-जीवन प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार बारिश के कारण कई सड़कें और निचले इलाकों में पानी भर गया और बड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ गया।

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) समेत सभी आपातकालीन राहत व्यवस्था की गयी है। पश्चिमी घाट के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश होने से कई नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है।

नेत्रावती, कुमारधारा, मृत्युंजय, फल्गुनी (गुरुपुर) और सोमवती नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के निकट या उससे ऊपर पहुंच गया है, जिसकी वजह से नदी किनारे बसे इलाकों और खेती वाले क्षेत्रों पर खतरा बढ़ गया है। जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और निचले इलाकों में बसे लोगों पर नजर रखी जा रही है तथा उन्हें सतर्क किया जा रहा है। भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण जिले की कई प्रमुख सड़कें बंद हो गईं और आवाजाही प्रभावित हुई। बेल्थंगडी तालुक में भूस्खलन से मुंडाजे-धर्मस्थल मार्ग बंद हो गया। वहीं नेरिया में तेज़ पानी के बहाव से एक दीवार गिर गई जिससे आसपास के रिहायशी इलाकों में पानी भर गया।

संक्षेप

### दिल्ली के आपदा प्रबंधन कर्मियों के वेतन में 16 साल बाद बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने आपदा प्रबंधन कर्मियों के वेतन में 100 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है, जो 16 वर्षों से भी अधिक समय में पहली बढ़ोतरी है।

उनका पिछला वेतन 2009 में बढाया गया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को एक बयान में कहा, हमने आपदा प्रबंधन कर्मियों के वेतन में संशोधन करके उन्हें न्याय दिलाया है, जिसमें 16 वर्षों से बदलाव नहीं गया था।

इस फैसले से दिल्ली राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत काम करने वाले कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इनमें परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी और परियोजना समन्वयक शामिल हैं। इन पदों का सृजन वर्ष 2009 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से किया गया था। तब से इन कर्मियों का मासिक वेतन अपरिवर्तित था।

परियोजना अधिकारी और जिला परियोजना अधिकारियों को 25,000 रुपये तथा परियोजना समन्वयकों को 20,000 रुपये प्रति माह मिलते थे।

# शाह ने पिंगली वेंकैया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत के राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप तैयार करने वाले स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक संदेश में कहा, पिंगली वेंकैया जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। उन्होंने हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का प्रारूप तैयार कर अमर योगदान दिया। तिरंगा आज हमारे गौरव और आकांक्षाओं के प्रतीक के रूप में शान से लहराता है। उन्होंने कहा स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका और ज्ञान की विभिन्न धाराओं के विकास में उनका योगदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। पिंगली वेंकैया स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्हें भारत के राष्ट्रीय ध्वज की मूल अवधारणा और प्रारूप तैयार करने का श्रेय दिया जाता है।

# परीक्षा गड़बड़ी के 158 मामले सुनवाई का कर रहे इंतजार

एजेंसी



नयी दिल्ली। भर्ती परीक्षा में कथित गड़बड़ियों से जुड़े लगभग 158 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच पूरी होने के बावजूद देश की विभिन्न अदालतों में अभी तक सुनवाई शुरू नहीं हो पाई है, इनमें से कुछ मामले तो दो दशक से भी पहले दर्ज किए गए थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने इन लंबित मामलों को त्वरित अदालतों में स्थानांतरित करने के लिए सभी उच्च न्यायालय से संपर्क करने का फैसला किया है। ये त्वरित अदालतें नए पेपर लीक रोधी कानून के तहत अलग-अलग राज्यों में ऐसे मामलों की सुनवाई के लिए गठित की जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने उच्च न्यायालय को यह बताने का फैसला किया है कि वह इन मुकदमों की सुनवाई के लिए विशेष सरकारी वकील उपलब्ध कराएगी और सभी जरूरी संसाधन मुहैया कराएगी, ताकि इन मामलों की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी हो सके। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में साल 2000 के बाद से ऐसे करीब 25 मामले हैं जिनमें सीबीआई की जांच पूरी होने के बावजूद अभी तक सुनवाई शुरू नहीं हुई है। इनमें 2010-11 की एम्स-पीजी भर्ती परीक्षा, 2011 की दिल्ली विश्वविद्यालय मेडिकल और डेंटल प्रवेश परीक्षा, 2004 में कॉमन एडमिशन टेस्ट में गड़बड़ी, 2013 की एसएससी भर्ती और शिक्षकों की भर्ती जैसे मामले शामिल हैं।

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत का सबसे बड़ा आधार : मोहन यादव

एजेंसी



भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को नशे को नाश की जड़ बताते हुए कहा कि नशामुक्त भारत ही विकसित भारत की पहली शर्त है और नशामुक्त युवा ही विकसित भारत का सबसे बड़ा आधार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा डिजिटल माध्यम से नशा मुक्त युवा- विकसित भारत संकल्प अभियान की शुरुआत किए जाने के अवसर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश में नशे के अवैध कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार हर गली, मोहल्ले, गांव और चौराहे तक नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागरुक कर रही है। साथ ही नशे के अवैध कारोबार में शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जा रही है।

उन्होंने कहा, प्रदेश के 19 धार्मिक नगरों में निकाय और पंचायत सीमाओं के भीतर शराबबंदी लागू की गई है। शराब की दुकानें हटाई जा चुकी हैं। अब सड़कों के किनारे लगने वाली धूम्रपान की दुकानें भी धीरे-धीरे कम हो रही हैं। यादव ने युवाओं से सभी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार नशे के कारण होने वाले अपराधों को लेकर बेहद संवेदनशील है।

उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में आए लोगों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए पुनर्वास के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं, सामाजिक संगठनों, आचार्यों, प्राचार्यों, शिक्षकों, चिकित्सकों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों से नशे के खिलाफ अभियान को जन आंदोलन बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# राष्ट्रमंडल पदक विजेता का स्वदेश वापसी पर भव्य स्वागत

एजेंसी



नयी दिल्ली। स्टार भारोत्तोलक सेखोम मीराबाई चानू और लवप्रीत सिंह सहित राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों के पहले दल का रविवार को यहां स्वदेश लौटने पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया। ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

मीराबाई ने हवाई अड्डे पर पीटीआई से कहा मणिपुर से होने के नाते मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैं अपने देश के लिए कुछ अच्छा कर सकी। पुरुषों के 109 किग्रा से अधिक वर्ग में एक किग्रा के मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूककर रजत पदक जीतने वाले लवप्रीत सिंह ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य जापान में होने वाले एशियाई खेल हैं। पंजाब के 28 वर्षीय लवप्रीत ने कहा, मैं भारतीय नौसेना, अपने कप्तान विजय कुमार और यहां स्वागत के लिए आए सभी लोगों का धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने कुल 388 किग्रा वजन उठाया जिसमें स्नैच में राष्ट्रमंडल खेलों का रिकॉर्ड 176 किग्रा वजन भी शामिल है। लवप्रीत ने कहा ऐसा हो जाता है (स्वर्ण से चूकना) लेकिन मैंने कड़ी मेहनत की और उसका परिणाम मिला। जब दो खिलाड़ी मुकाबला करते हैं तो एक को हारना पड़ता है। अब मैं एशियाई खेलों की अच्छी तैयारी करूंगा। भारतीय भारोत्तोलकों ने अपने अभियान का समापन एक स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदक के साथ किया।

महिलाओं के 58 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली बिंदयारानी देवी सोरोखेबम ने कहा, जिस तरह सभी ने हमारा स्वागत किया है, उससे बहुत अच्छा लग रहा है। सभी का धन्यवाद, आपने घर जैसा अहसास कराया। उन्होंने कहा आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए मैं पहले से भी अधिक कड़ी मेहनत करूंगी।

### राष्ट्रपति मुर्मू तीन से 5 अगस्त तक ओडिशा का दौरा करेंगी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन से पांच अगस्त तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार, दौरे के पहले दिन राष्ट्रपति कटक में जगद्गुरु कृपालु विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगी।

राष्ट्रपति चार अगस्त को भुवनेश्वर से रेल मार्ग से बरहामपुर जाएंगी और मां कंधुनी देवी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी ,साथ ही वह तप्तपानी स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी।

## इंटरटेनमेंट...

# 'द अलायंस' में सलमान खान की एंट्री



**मुंबई।** प्राइम वीडियो के शो 'द अलायंस' के आने वाले एपिसोड के नए प्रोमो में सलमान खान की घर में एंट्री दिखाई गई। इस दौरान उन्होंने डेनिम शर्ट, चारकोल ट्राउजर और काउबॉय हैट पहनी हुई थी। सलमान के आते ही कंटेस्टेंट्स खुशी और हैरानी से भर गए। सोहेल खान अपने भाई सलमान खान को देखकर सबसे ज्यादा हैरान नजर आए। उनके चेहरे के भाव हैरानी से खुशी में बदल गए और वह सलमान को गले लगाने के लिए आगे बढ़े। सलमान ने उन्हें गले लगाते हुए मुस्कुराकर पूछा, 'क्या भाई?' प्रोमो के मुताबिक, सलमान की एंट्री उस समय हुई, जब सोहेल खान पूर्व पत्नी सीमा सचदेह के शो से बाहर होने और ग्रोइन में चोट लगने के बाद 'अलायंस' हाउस में उदास महसूस कर रहे थे। हाल के एपिसोड में सोहेल खान ने खुद को एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट किया था। उन्होंने कहा कि चोट की वजह से वह टास्क में योगदान नहीं दे पाए, जबकि दूसरे कंटेस्टेंट चोटिल होने के बावजूद मुकाबला कर रहे थे। उन्हें लगा कि वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। रियलिटी गेम शो 'अलायंस' को कुणाल खेमू होस्ट कर रहे हैं। शो में रिश्तों और दोस्ती के समीकरण हर दिन बदलते रहते हैं। यह शो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है, जिसमें फिल्म और टीवी कलाकारों के साथ कई इंफ्लुएंसर्स भी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें सोहेल खान, मिनी माथुर, कुशाल टंडन और नीति टेलर शामिल हैं। शो में सीमा सचदेह की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। वहीं, जब शो में सीमा की एंट्री हुई।

> भाई को देखकर इमोशनल हुए सोहेल खान, गले लगाकर सलमान ने पूछा, 'क्या भाई?'

# 'भाबीजी घर पर हैं' एक्ट्रेस का पीछा करता था शख्स

**मुंबई।** 'भाबीजी घर पर हैं' टीवी शो में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने अपनी जिंदगी के डरावने वाकयों का खुलासा किया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में शुभांगी ने बताया कि करियर के शुरूआती दिनों में टीवी शो 'कस्तूरी' के सेट पर उनकी रैगिंग हुई थी और प्रोडक्शन टीम के लोग उनसे गलत बर्ताव करते थे। इसके अलावा इंदौर में स्कूल की पढ़ाई के दौरान एक स्टॉकर उनका पीछा करता था और पूरे मोहल्ले की दीवारों पर अपना और शुभांगी का नाम लिख देता था। 2-3 दिन वैनिटी वैन में बीतते थे, खाना खाते वक्त चिल्लाते थे लोग शुभांगी अत्रे ने इंटरव्यू में बताया कि उनके करियर की शुरूआत एकता कपूर के शो 'कस्तूरी' से हुई थी। इसे वे अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट मानती हैं। इस शो की शूटिंग के दौरान उनका शेड्यूल काफी बिजी रहता था। कई बार उन्हें दो से तीन दिन लगातार अपनी वैनिटी वैन में ही रुकना पड़ता था। शुभांगी ने बताया कि उस दौर में सेट पर कुछ प्रोडक्शन वाले बहुत रूड बर्ताव करते थे। जब वे खाना खा रही होती थीं, तो जोर-जोर से चिल्लाकर कहते थे कि शॉट तैयार है और वे कैसे खाना खा सकती हैं। शुरूआत में चुप रहीं, फिर प्रोडक्शन टीम को दिया जवाब सेट के माहौल पर बात करते हुए।


> शुभांगी अत्रे बोलीं- स्टॉकर बाइक से पीछा करता; दीवारों-सड़कों पर लिख दिया था नाम

# पीएम मोदी को गाली देने पर नाराज हुईं भूमि पेडनेकर

**मुंबई।** कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ इस्तेमाल की गई अभद्र भाषा पर अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने कड़ा एतराज जताया है। भूमि ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर कहा कि देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल बिल्कुल गलत है। नीट पेपर लीक विवाद को लेकर जारी इस प्रदर्शन में नारेबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भूमि पेडनेकर, अभिनेता मुकेश खन्ना और सांसद कंगना रनोट समेत कई बड़ी हस्तियों की प्रतिक्रिया सामने आई है। भूमि पेडनेकर ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि शिक्षा और व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर सवाल उठाने का हक सभी को है, लेकिन अपनी बात रखने का तरीका सही होना चाहिए। उन्होंने कहा, ़सोशल मीडिया पर सामने आ रहे वीडियो में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल हमारे देश के युवा कर रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। हम अपने देश के सबसे ऊंचे पद पर बैठे व्यक्ति के बारे में बात कर रहे हैं।

> यह हमारी संस्कृति नहीं; प्रदर्शनकारियों को मुकेश खन्ना ने कहा 'कॉकरोच'

# बड़े बजट की फिल्म की तैयारी में अक्षय व अहमद



**मुंबई।** अक्षय और अहमद के नए प्रोजेक्ट के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही कहानी और शूटिंग शेड्यूल तय करना है। बॉक्स ऑफिस पर 'वेलकम टू द जंगल' की सफलता के बाद अक्षय कुमार और निर्देशक अहमद खान की जोड़ी एक बार फिर बड़े परदे पर लौट सकती है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ह्यदोनों नई फिल्म को लेकर शुरूआती स्तर पर चर्चा कर रहे हैं।

अभी तक किसी एक कहानी या जॉनर पर अंतिम मुहर नहीं लगी है, लेकिन कई अलग-अलग विषयों पर विचार-विमर्श जारी है। यदि सब कुछ योजना के अनुरूप रहा तो आधिकारिक घोषणा तारीखों और स्क्रिप्ट के अंतिम रूप लेने के बाद की जा सकती है। अक्षय और अहमद के नए प्रोजेक्ट के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही कहानी और शूटिंग शेड्यूल तय करना है। अक्षय पहले से कई फिल्मों की शूटिंग और रिलीज की तैयारियों में बिजी हैं। वहीं, अहमद भी अपने दूसरे प्रोजेक्ट्स को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। ऐसे में नई फिल्म की घोषणा से पहले दोनों अपनी उपलब्ध तारीखों और प्रोडक्शन टाइमलाइन पर काम कर रहे हैं। पिछले कुछ समय से ऐसी चर्चाएं भी थीं कि अहमद खान अपनी अगली फिल्म टाइगर श्रॉफ और शनाया कपूर के साथ एक जॉम्बी कॉमेडी के रूप में शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा 'वेलकम' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म को लेकर भी अलग-अलग तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का मानना है कि अहमद की निर्देशन शैली और अक्षय की स्क्रीन प्रेजेंस एक्शन फिल्मों में अच्छा तालमेल बनाती है।

> 'वेलकम टू द जंगल' के बाद फिर साथ आएंगे दोनों, नई स्टोरी पर चर्चा जारी

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NAAC Accredited
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
150000+ Alumni
ADMISSION OPEN 2026-2027
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI
NEW COURSES
Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI I MBA- DS & AI I IMBA- DS & AI
BBA - Marketing I M.TECH (CSE) - AI
BBDCODS www.bbdcods.edu.in BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN Paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522-6196300/6196222

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com